# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार 24 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 304 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे को हटाने के लिए बोकारो इस्पात संयंत्र के सफाई कर्मचारियों ने टाउनशिप और आसपास के क्षेत्रों से विशेष अभियान चलाया

### मुख्यमंत्री की पत्नी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को मिला 'ट्रेलब्लेजर अवॉर्ड'

# महिलाओं को मिले निष्पक्ष व समान अवसर : कल्पना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/रांची।** राजधानी दिल्ली में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर झारखंड की पहचान एक बार फिर मजबूत हुई। झारखंड के मुख्यमंत्री की पत्नी व गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन को 'वुमेन एम्पावरमेंट ट्रेलब्लेजर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके सक्रिय योगदान और नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान एक प्रतिष्ठित वैश्विक कार्यक्रम के दौरान दिया गया, जिसमें विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों और गणमान्य हस्तियों की मौजूदगी रहीं। इस कार्यक्रम का आयोजन उटत्रएट्ट चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महिला सशक्तिकरण वर्टिकल की ओर से आयोजित किया गया। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद कल्पना सोरेन ने इसे व्यक्तिगत उपलब्धि मानने से इनकार करते हुए कहा कि यह सम्मान झारखंड की हर महिला और उन सभी महिलाओं को समर्पित है, जो अपने परिवार और समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज



महिलाएं व्यापार, खेल, विज्ञान, प्रशासन और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं और विकास की गति को आगे बढ़ा रही हैं। अपने संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से उन महिलाओं की बात उठाई, जो समाज के हाशिए पर हैं। उनका कहना था कि इन महिलाओं की आवाज को मुख्यधारा में लाना और उन्हें अवसरों से जोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि झारखंड में महिलाओं को अब सिर्फ योजनाओं के लाभार्थी के रूप में नहीं देखा जा रहा बल्कि उन्हें उद्यमिता और नेतृत्व के केंद्र में लाया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। हाल ही में विदेश यात्रा के अनुभव साझा करते हुए कल्पना सोरेन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पढ़ रही झारखंड की छात्राओं का आत्मविश्वास और संघर्ष उन्हें प्रेरित करता है। इससे यह विश्वास मजबूत होता है कि राज्य की बेटियां वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सशक्तिकरण का असली अर्थ तभी पूरा होगा जब हर महिला को निष्पक्ष और समान अवसर मिले। केवल भागीदारी नहीं बल्कि नेतृत्व के मौके भी समान रूप से उपलब्ध होने चाहिए। इस अवसर पर देश-विदेश की कई जानी-मानी हस्तियां, नीति-निर्माता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में पूर्व विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, एनआईसी के डीजी अभिषेक सिंह, पूर्व बीआरआईसीएस शेरपा संजय भट्टाचार्य, कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव रुपिंदर बरार, अभिनेत्री शबाना आजमी, अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, ब्रिक्स महिला बिजनेस एलाइंस दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेबोगैंग जुलु, शिक्षाविद अमिता चौहान सुमित कई गणमान्य मौजूद रहे।

# असम चुनाव के लिए झामुमो ने जारी की 21 प्रत्याशियों की सूची

### डिगबोई से भरत नायक को मिला टिकट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की प्रमुख राजनीतिक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने असम विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कुल 21 सीटों पर उम्मीदवार उतारकर चुनावी मैदान में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। इस सूची के जारी होने के साथ ही असम की राजनीति में नई हलचल तेज हो गई है। झामुमो ने डिगबोई विधानसभा सीट से भरत नायक को अपना प्रत्याशी बनाया है। यह सीट पार्टी के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां से झामुमो अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने सोच-समझकर उम्मीदवारों का चयन किया है, ताकि स्थानीय स्तर पर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई जा सके। झामुमो के केंद्रीय समिति की ओर से यह सूची जारी की गई है। पार्टी के प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि असम की 21 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी और स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। असम में झामुमो का फोकस विशेष रूप से आदिवासी और श्रमिक वर्ग पर है। पार्टी इन क्षेत्रों में अपने जनाधार को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। झामुमो का मानना है कि झारखंड और पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक जुड़ाव है, जिसका लाभ चुनाव में मिल सकता है। झामुमो की इस घोषणा के बाद असम विधानसभा चुनाव में मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। विभिन्न दलों के बीच रणनीतिक समीकरण बन रहे हैं और अब सभी की नजर चुनावी नतीजों पर टिकी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटरी से उतरी मालगाड़ी, घंटों परिचालन ठप

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** चक्रधरपुर रेल मंडल के मुर्गामहादेव रोड स्टेशन में सोमवार को दोपहर 12 बजे कोयले से लदी मालगाड़ी के दो डिब्बे बेपटरी हो गए। जिसकी वजह से देवझर-बांसपानी रेलखंड में अप और डाउन दोनों लाइनें चार घंटे से अधिक बाधित हो गई। इस रेलखंड में रेल यातायात पूरी तरह ठप हो गयी। हादसे के बाद घटना स्थल के लिये चक्रधरपुर से 140 क्रेन और डांगुवापोसी से एक्सीडेंट रीलिफ ट्रेन को भेजा गया। क्रेन और एआरटी के घटना स्थल पर जाने के बाद युद्धस्तर पर कार्य शुरू किया गया। रेलवे की ओर से बताया गया कि मालगाड़ी में कोयला लदा है।

### सड़क हादसे में एसआई की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सोमवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दुमका सीआईडी में पदस्थापित सब-इंस्पेक्टर (एसआई) सैलु प्रभा जयंती तिर्की की मौत हो गई। घटना से पुलिस विभाग समेत उनके परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि वह सरहुल पर्व मनाने के लिए अपने घर रांची के मोरहाबादी सरायटांड़ आई हुई थीं और पर्व के बाद अपने कर्तव्य स्थल दुमका लौट रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही सरायढेला पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू कर दी है।

### लोकायुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त को लेकर बैठक कल

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** लोकायुक्त, सूचना आयुक्त समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि विस्तृत सुनवाई की अगली तारीख 1 अप्रैल निर्धारित की गई है क्योंकि महाधिवक्ता ने अपनी दलील में कहा कि इस मसले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 25 मार्च को बैठक निर्धारित की गई है।

### संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र स्थित कलाल टोली में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मो. तनवीर के रूप में हुई है। वह सिलीगुड़ी में काम करता था। वह ईद मनाने के लिए घर आया हुआ था। सोमवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता शाहिद मियां ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ युवकों ने उनके बेटे को नशीले पदार्थ में जहर मिलाकर पिला दिया।

# भू-अर्जन विभाग के बड़ा बाबू समेत दो रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भू-अर्जन विभाग के बड़ा बाबू प्रीतम आचार्य को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, उपायुक्त की मौजूदगी में भू-अर्जन से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक चल रही थी। इसी दौरान प्रीतम आचार्य के मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसके बाद वे अचानक बैठक से बाहर निकल गए। पहले से सतर्क एसीबी की टीम उनकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। जैसे ही वे बाहर पहुंचे और कथित रूप से रिश्वत की राशि लेने लगे, टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया। इस कार्रवाई से विभागीय हलकों में हड़कंप मच गया। बैठक स्थल पर भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एसीबी की इस कार्रवाई के तहत एक अन्य व्यक्ति विनय तिवारी को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसे इस मामले में कथित दलाल बताया जा रहा है। टीम ने उसे गम्हरिया प्रखंड कार्यालय परिसर से दबोचा। बताया जा रहा है कि विनय तिवारी अपनी गाड़ी में बैठकर रुपए गिन रहा था, तभी एसीबी की टीम ने उसे धर दबोचा। दोनों गिरफ्तार आरोपियों के पास से बरामद राशि और अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों मिलकर जमीन से जुड़े मामलों में अवैध लेनदेन को अंजाम दे रहे थे। इस गिरफ्तारी के बाद पूरे इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# असम में कांग्रेस की सरकार बननी तय : राजेश ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने असम चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ समझौता नहीं होने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरफ से वरीय नेताओं के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वार्तालाप हुई थी पर कई मुद्दे पर सहमति नहीं बन पाई क्योंकि दोनों पार्टी की अपनी-अपनी राजनीतिक मजबूरियां और जिम्मेदारियां थी। राजेश ठाकुर ने कहा कि झामुमो असम में अपना विस्तार करने में लगी है। बातचीत के दौरान सीट शेयरिंग में जेएमएम उन सीटों को चाहती थी, जहां हमने पहले से अपना प्रत्याशी तय कर रखा है। इसी वजह से वहां हमारा चुनावी गठबंधन नहीं हो सका। राजेश ठाकुर को पश्चिम बंगाल के चुनाव में मुर्शिदाबाद का पर्यवेक्षक बनाया गया है



और वहीं जाने के क्रम में वे सोमवार को दुमका परिसदन में रुके थे। कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने यह दावा किया कि असम में हमारी सरकार बननी तय है क्योंकि हिमंता बिस्वा सरमा को लेकर वहां की जनता में काफी मर्मरिंग है कि वे सिर्फ अपने को केंद्र में रखकर काम करते हैं। साथ ही भाजपा नेताओं का भी उनके प्रति काफी रोष है। उनके कई नेता अब हमारे पाले में है। जिस तरह हमने झारखंड में हिमंता बिस्वा सरमा को रोका था, अब असम में भी रोकते हुए कांग्रेस की सरकार बनाने जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि असम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के लड़ने से कांग्रेस को नुकसान होगा तो ऐसा नहीं है, यह फैसला तो जनता करेगी। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल के चुनाव में हमारा शानदार प्रदर्शन होगा क्योंकि वहां तृणमूल और भाजपा दोनों से जनता उब चुकी है। हम लंबे समय तक पश्चिम बंगाल में सरकार चला चुके हैं। हमारे पास वहां का काफी अनुभव है। उन्होंने कहा कि इस बार सिर्फ पार्टी का खाता ही नहीं खुलेगा बल्कि काफी सीटें जीतने में हम कामयाब होंगे और जिन सीटों में नहीं जीतेंगे, वहां भी आने वाले दिनों में जन मुद्दों पर हम काफी मुखर रहेंगे।

### जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र में तैनात एक जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय किशोर खाका के रूप में हुई है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। किरीबुरू के एसडीपीओ अजीत केरकेट्टा तत्काल मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेजा गया जहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। मिली जानकारी के अनुसार अजय किशोर खाका मूल रूप से गुमला जिले के रायडीह क्षेत्र के निवासी थे और वर्तमान में टोन्टो थाना में पदस्थापित थे। वे इन दिनों सारंडा जंगल में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में शामिल थे और सीआरपीएफ की 174वीं बटालियन के पालीसाई कैंप में तैनात थे।

# रामनवमी पर सख्त होगी सुरक्षा व्यवस्था : डीआइजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले में रामनवमी को लेकर सुरक्षा की व्यवस्था को और भी चुस्त किया जा रहा है। गिरिडीह में संवेदनशीलता को देखते हुए रामनवमी पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाते रहे हैं। इस बार भी सुरक्षा पुख्ता किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंत्री सुदिव्य कुमार द्वारा भी कई दिशा निर्देश जिलाधिकारी के साथ एसपी को दिए गए हैं। वहीं डीसी-एसपी ने भी हर एक बिंदू पर अध्ययन करते हुए तैयारी की है। इन सबके बीच हजारीबाग अनुमंडल के डीआईजी अंजनी कुमार झा भी सोमवार को गिरिडीह पहुंचे। यहां एसपी डॉ बिमल कुमार के अलावा सभी डीएसपी, एसडीपीओ और इंस्पेक्टर के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में हर एक थाना के स्तर पर की गई तैयारी की जानकारी ली। जहां पहले कभी विवाद हुआ था, वैसे स्थानों पर किस तरह की




योजना तैयार की गई है, उसपर भी जानकारी ली। जिस स्थान पर रास्ते का विवाद है, उसका हल कैसे निकाला जा रहा है, उसकी भी जानकारी ली। सुरक्षाबलों के साथ-साथ पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कहां-कहां की जानी है, कितना बल बढ़ाया जाना जरुरी है, इन सभी बिंदुओं की जानकारी लेते हुए सीधा निर्देश दिया। बैठक के उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए डीआईजी ने कहा कि सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी नहीं है। पहले की तरह इस बार भी बाहर से भी सुरक्षा बल आ रहे हैं। गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार भी लगातार मेहनत करते हुए सभी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। एसपी ने कहा कि अखाड़ा का आयोजन नियमानुकूल ही होगा। डीआईजी ने बताया कि सभी डीएसपी, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर से उन्होंने खुद बात की है और हरेक बिंदू पर जानकारी ली है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

### 60 दिनों में होगा कर्मचारियों की शिकायतों का निपटारा

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड सरकार ने अपने कर्मियों की सेवा संबंधी शिकायतों को दूर करने के लिए बड़ी पहल की है। इसके तहत कोई भी कर्मचारी या पदाधिकारी अपनी सेवा संबंधी शिकायत ना केवल दर्ज करा सकेंगे, बल्कि उन शिकायतों का 60 दिनों में निपटारा भी किया जायेगा। कार्मिक प्रशासनिक सुधार विभाग ने इससे संबंधित झारखंड सरकारी सेवक शिकायत नियमावली 2026 के नाम से गजट प्रकाशित कर दिया है। अधिसूचना जारी होने के बाद राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए यह लागू हो गया है। सेवा शिकायत निवारण पदाधिकारी प्रत्येक विभाग एवं जिला में नामित किए गए पदाधिकारी, जो सेवा संबंधी मामलों एवं सेवांत लाभ से संबंधित प्राप्त शिकायतों का नियत समय सीमा में सुनवाई कर निर्णय पारित करेंगे और लिए गए निर्णय की सूचना शिकायतकर्ता को देंगे।

# आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश, लाठीचार्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र के सिंघियाटांड़ बस्ती में असामाजिक तत्वों ने आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश की। देखते ही देखते मामला तनावपूर्ण हो गया जिसके बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। पुलिस के मुताबिक कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई जिससे इलाके में तनाव फैल गया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया और भीड़ को तितर-बितर किया। मौके पर सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम और बलियापुर सीओ मुरारी नायक खुद मौजूद रहे। उनके नेतृत्व में सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना की पुलिस टीम दलबल के साथ तैनात रही और हालात पर कड़ी नजर बनाए रखा। वहीं किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल इलाके में लगातार तैनात है। सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। थाना प्रभारी के द्वारा काफी सूझबूझ दिखाई गई, जिसके कारण कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है। वहीं सीओ मुरारी नायक ने कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा आपसी सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश की गई थी जिसके कारण स्थिति बिगड़ने वाली थी, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की वजह से कोई बड़ी घटना नहीं घटी है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

# झारखंड में संगीत-नाटक अकादमी का होगा गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में राज्य की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अहम पहल की है। लंबे समय से प्रतीक्षित झारखंड संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी और साहित्य अकादमी के गठन से संबंधित नियमावली को अधिसूचित कर दिया गया है। इस फैसले के बाद राज्य के कलाकारों, साहित्यकारों और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। झारखंड सरकार की इस पहल को झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इन अकादमियों के गठन से न केवल कलाकारों को एक मंच मिलेगा, बल्कि उनकी प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए संस्थागत सहयोग भी मिल सकेगा। इसी के साथ सरायकेला



स्थित राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र के संचालन को और बेहतर बनाने के लिए समितियों के पुनर्गठन को भी मंजूरी दी गई है। छऊ नृत्य झारखंड की पारंपरिक और प्रसिद्ध कला विधाओं में से एक है। जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की कोशिश लगातार की जा रही है। नाटककार ऋषि राज का मानना है कि यह पहल तभी सफल होगी, जब इसे सही दिशा में लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि योजनाओं को ईमानदारी से जमीन पर उतारा गया, तो इससे नाट्य कलाकारों को बड़ा लाभ मिलेगा और उनके काम को नई पहचान मिल सकेगी। कलाकारों का कहना है कि इन अकादमियों के सक्रिय होने से क्षेत्रीय भाषाओं और पारंपरिक लोक कलाओं के संरक्षण को मजबूती मिलेगी। झारखंड की कई लोक कलाएं और बोलियां धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं। ऐसे में यह पहल उन्हें बचाने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। झारखंड लोक कलाकार संघ के सचिव चंद्रदेव सिंह ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जो अब पूरी हुई है। उनके अनुसार, इससे लुप्त होती कला विधाओं को संजीवनी मिलेगी और कलाकारों को सम्मान के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। वहीं प्रख्यात छऊ कलाकार तपन पटनायक ने भी इस निर्णय को सकारात्मक बताया। लेकिन साथ ही यह भी कहा कि समितियों का गठन निष्पक्ष और पारदर्शी होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इसमें राजनीतिक हस्तक्षेप हुआ तो इसका असर कला के विकास पर पड़ सकता है।






CMYK

# मारीशस में तीन दिवसीय 'बिहार दिवस समारोह' में लोक कला के विविध रंग बिखेर स्वदेश लौटीं डॉ. नीतू कुमारी नूतन

**मारीशस के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री डॉ.नूतन की कला-प्रतिभा के हुए कायल**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपनी सुमधुर गायिकी से वैश्विक पटल पर भारत का नाम रौशन कर रहीं राष्ट्रपति अवार्डी, भारत की लोक संस्कृति की राजदूत व चंपारण की बेटी डॉ. नीतू कुमारी नूतन मारीशस मे आयोजित तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह मे लोक कला के विविध रंगो की छटा बिखेर स्वदेश लौट आयीं हैं। मारीशस मे बिहार दिवस के अवसर पर हाई कमीशन मारीशस एवं भारत तथा बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित इस तीन दिवसीय ( दिनांक 20 से 22 मार्च तक ) सांस्कृतिक समारोह मे डॉ.नूतन को लोक कला के क्षेत्र मे बिहार से अकेले प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा गया था। शुक्रवार से प्रारंभ इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक सत्र के प्रथम दिन मारीशस के राष्ट्रपति धर्म गोखूल मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। जहॉ उन्होंने डॉ.नूतन द्वारा प्रस्तुत भारतीय लोक कला के विविध स्वरुपो का भरपूर दर्शन किया तथा उन्होंने डॉ.नूतन की गायिकी की भरपूर प्रशंसा की। कल समापन समारोह मे मारीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम मुख्य अतिथि के रुप विशेष तौर पर मौजूद रहे। प्रधानमन्त्री श्री रामगुलाम के समक्ष डॉ.नूतन ने भगवती गीत, पारंपरिक लोक गीत व छठ महापर्व से जुड़े कई गीत प्रस्तुत किए। उन्होंने मारीशस - भारत के बीच अटूट रिश्ते को रेखांकित करते हुए विलुप्त हो रहे 'बिहार बिम्बो गीत' अपने खास अंदाज मे प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान मारीशस के प्रधानमंत्री भावविभोर हो डॉ.नूतन की गायिकी से सराबोर होते रहे। प्रधानमंत्री ने डॉ.नूतन की उत्कृष्ट कला - प्रतिभा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की एवं भरपूर आत्मीयता का इजहार भी किया । पीएम ने डॉ.नूतन से पुनः मारीशस की भूमि पर अपनी कला के परचम लहराने की खातिर उन्हें फिर आमंत्रित भी किया। अपनी इस यात्रा से आह्लादित डॉ.नूतन ने मारीशस, भारत एवं बिहार सरकार के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की है। डॉ.नूतन ने कहा कि मारीशस एवं भारत के बीच का ऐतिहासिक व अटूट रिश्ता उनके इस साँस्कृतिक यात्रा से और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर क्रमशः मारीशस के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की गरिमामई उपस्थिति व्यक्तिगत रुप से उनके लिए गौरवान्वित करने वाला है। डॉ.नूतन ने कहा कि मारीशस की पावन भूमि पर बसने वाले एक- एक भारतीय का हृदय भारतीय लोक कलाओ का रसास्वादन कर निहाल हो गया। साथ ही डॉ.नूतन ने कहा कि इस यात्रा से उन्हें महसूस हुआ कि मारीशस मे भारत की आत्मा बसती है ।

## संक्षिप्त समाचार

### मानपुर बॉर्डर से चार मवेशी जब्त, तस्कर फरार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंडो-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 44 वीं बटालियन के तीनलालटेन एसएसबी के जवानों ने रविवार देर रात चार मवेशी जब्त किए हैं। हालांकि इस दौरान तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। एसएसबी की बटालियन के हेड कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर मवेशियों को नेपाल ले जाने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर जवानों ने क्षेत्र में नाकाबंदी तेज कर दी और निगरानी बढ़ा दी। देर रात एक व्यक्ति मवेशियों के साथ नेपाल की ओर जाते हुए दिखाई दिया। जवानों ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन सुरक्षा बलों को देखते ही वह मवेशियों को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए नेपाल की तरफ भाग निकला।

### पुराने विवाद में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरुषोत्तमपुर थाना के नकछेद बहुआरवा गांव में पुराने विवाद को लेकर उत्पन्न हुई विवाद में एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि परवेज आलम के आवेदन पर रमजान आलम,मो सदीक सहित 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### रास्ते को लेकर उत्पन्न विवाद में 17 पर केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरुषोत्तमपुर थाना के सगरीवा गांव में रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच उत्पन्न हुई विवाद में दोनों पक्षों की तरफ से एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि हदयालाल शाह के आवेदन पर सिकंदर शाह वीरेंद्र शाह समेत 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। वही दूसरे पक्ष के पूनम देवी के आवेदन पर चंदेश्वर शाह,बालेश्वर शाह सहित 4 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### गांधी मैदान, मोतिहारी में खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन, 300 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'उन्नत बिहार, उज्वल बिहार' कार्यक्रम के तहत बिहार शिक्षा परियोजना एवं शिक्षा विभाग, पूर्वी चम्पारण द्वारा गांधी मैदान, मोतिहारी में एक दिवसीय कबड्डी एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें



लगभग 300 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बिहार दिवस के अवसर पर पिछले तीन दिनों से जिले में पेंटिंग, वाद-विवाद, रंगोली, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया जा रहा था। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन गांधी मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का परचम लहराया 'खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। पूरे कार्यक्रम को जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी की देख रेख में संपन्न हुआ। उद्घाटन प्रह्लाद गुप्ता (जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान), शुभम कुमार (जिला खेल पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण) एवं रंजीत कुमार (प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, सुगौली) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर शकील अहमद (बीएसएस मीडिया प्रभारी), अरविंद कुमार, सुनिल कुमार, शैलेन्द्र मिश्र बाबा, अमित कश्यप, भानु प्रकाश एवं रश्मि कुमार सर्वोत्तम कुमार, अनिवेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन से छात्रों में खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के प्रति उत्साह बढ़ा है तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिला है।

### बैंक रोड में आधे-अधूरे सड़क व नाली निर्माण से लोग परेशान

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के बैंक रोड में सड़क और नाली निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। वार्डवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन बीच में ही काम बंद कर दिया गया है, जिससे सड़क उखड़ी हुई हालत में पड़ी है और नाली का निर्माण भी अधूरा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क और नाली निर्माण कार्य से क्षेत्र के लोगों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन काम आधा-अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। जगह-जगह गड्ढे और अधूरी नालियों के कारण राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई दिनों से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है और ठेकेदार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। इससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। बारिश या पानी गिरने की स्थिति में सड़क पर कीचड़ और जलजमाव की समस्या भी उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। वार्डवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सड़क और नाली निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### बिहार दिवस समारोह के अवसर पर स्कूली छात्र - छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति

**जिले के स्थापित कलाकारो की प्रस्तुतियाँ भी रहीं बेजोड़**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्त्वावधान मे रविवार को शहर के महात्मा गॉधी ऑडिटोरियम मे रंगारंग सांस्कृतिक समारोह का आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न सरकारी विधालय के प्रतिभावान छात्र-छात्रो एवं जिले के नामवर कलाकारो ने आकर्षक, मनोहारी व नयनाभिराम गीत- नृत्य से अद्भुत छटा बिखेर दी। इस अवसर पर एम. जे. के. गर्ल्स इंटर कॉलेज, प्रभावती गुप्ता गर्ल्स इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय मेहसी, पताही एवं कोटवा तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरियारपुर व , सिहुलिया ( रामगढ़वा ) एवं तिरहुत उच्च माध्यमिक विद्यालय, मेहसी के छात्र- छात्राओ ने बिहार गौरव गान, गुरु- वंदना, देशभक्ति, पारंपरिक लोक गीत तथा छठ महापर्व से जुड़े गीतो पर भावपूर्ण समूह नृत्य प्रस्तुत कर समारोह को सार्थक बना डाला।





खूबसूरत परिधान व रुप सज्जा के साथ बेहतरीन कोरियोग्राफरो द्वारा तैयार समूह नृत्य मे स्कूली बच्चो ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात जिले के नामचीन कलाकारो के नृत्य व गायन की बेजोड़ प्रस्तुतियॉ हुईं। कथक नर्तक रामभजू निराला के प्रतिभावान शिष्य उभरते कथक नर्तक सौरभ कुमार ने अपने बेजोड़ प्रदर्शन से समस्त दर्शक- श्रोताओ को अचंभित कर दिया। सौरभ ने अपने नृत्य का आगाज उठान, ठाट और सलामी से किया। फिर अपने सधे हुए भावभंगिमाओ से आमद, गतें तथा अंत मे तत्कार पर तबले एवं घुँघरू के साथ उन्होंने जुगलबंदी की। तबले पर उनके साथ रविशंकर पाठक ने शानदार संगति की। हारमोनियम पर गुरु रामभजू निराला ने लहरे पर साथ दिया। फिर, राष्ट्रीय युवा उत्सव मे तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके बनारस घराने के प्रसिद्ध गायक विवेक शिरोमणी ने शास्त्रीय राग 'मारु विहाग' पेश किया। मध्य लय तीन ताल मे निबद्ध इस राग की प्रस्तुति के दौरान उनकी साधना स्पष्ट परिलक्षित हो रही थी। तबले पर युवा तबलावादक अनुराग मिश्र ने बेहद सधे अंदाज मे उनके साथ संगत की। तत्त्वावधान दिल्ली मे संगीत का प्रशिक्षण ले रहीं चंपारण की युवा कलाकार सुश्री अदिति झा के गायन की प्रस्तुति हुई। अदिति ने अपने सुरीली आवाज मे गजलें एवं लोकगीत प्रस्तुत कर महौल को सुरमई बना डाला। इसके बाद राज्य स्तरीय गायक संजय उपाध्याय ने अपनी सधी आवाज मे गजल और लोकगीत गाकर दर्शको की भरपूर तालियॉ बटोरी। अंत मे बिहार स्तरीय युवा उत्सव मे तृतीय स्थान प्राप्त कर चुके बेहतरीन गायक मुकेश कुमार द्विवेदी ने गजल व सूफियाना अंदाज मे कई गीत सुनाकर सांगीतिक शाम को नयी ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने सॉंस्कृतिक कार्यक्रम मे भाग लेने वाले स्कूली छात्र - छात्राओ को मेमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

# बिहार दिवस पर गांधी सभागार में सजी अनोखी फोटोग्राफी प्रदर्शनी

**● लेंस में सजा बिहार का गौरव ● प्रदर्शनी ने जीता लोगो का दिल**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार दिवस 2026 के गौरवशाली अवसर पर जिले में आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सोमवार को स्थानीय गांधी सभागार में एक अनूठी और आकर्षक छायाचित्र प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तरणजोत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रदर्शनी में अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा द्वारा खींची गई मनमोहक और कलात्मक तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया, जिसने दर्शकों को खासा आकर्षित किया। उद्घाटन के पश्चात जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी का गहन अवलोकन किया और प्रत्येक छायाचित्र में निहित भावनाओं, तकनीकी दक्षता और दृष्टिकोण की सराहना की।जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ इस तरह की सृजनात्मकता न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देती है। उन्होंने श्री सिन्हा की कलात्मक सोच और प्रकृति के प्रति उनके विशेष लगाव की सराहना करते हुए इसे कर्तव्य और रचनात्मकता का उत्कृष्ट संगम बताया।प्रदर्शनी में इतिहास, विरासत, संस्कृति, वन्य जीवन और आम जनजीवन से जुड़े सैकड़ों छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है, जो दर्शकों को एक समग्र और जीवंत अनुभव प्रदान कर रहे हैं। खास आकर्षण वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से संबंधित तस्वीरें रहीं, जिनमें वन्य जीवों, दुर्लभ पक्षियों, घने जंगलों और प्राकृतिक सुंदरता को अत्यंत जीवंत रूप में कैमरे में कैद किया गया है। इन तस्वीरों ने दर्शकों को बिहार की समृद्ध प्राकृतिक धरोहर से रूबरू कराया।प्रदर्शनी के क्यूरेटर सह जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि यह प्रदर्शनी आगामी तीन दिनों तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कला प्रेमियों और आम नागरिकों को बिहार की विविधता और समृद्धि से परिचित कराने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता सह लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रविंद्र कुमार सहित कई अन्य अधिकारी, कर्मचारी, कलाकार और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# इंटरमीडिएट रिजल्ट जारी होते ही शहर में खुशी की लहर, साइबर कैफे से लेकर मोबाइल तक छाए छात्र



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सोमवार को इंटर वार्षिक परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया। इस बार इंटर परीक्षा में भी प.चंपारण जिले के जलवा जारी रहा। कला संकाय में जहां जिले की नासरीन प्रवीण राज्यस्तर पर टॉप पाईव में स्थान बनाया। वहीं जिला टॉप थ्री में तीनों लड़कियों ने हीं बाजी मारी है। जबकि वाणिज्य संकाय में जिला टॉप थ्री में दो लड़कियों ने बाजी मारी है।जबकि विज्ञान संकाय में जिला टॉप थ्री में चार परीक्षार्थियों को शामिल किया गया है। विज्ञान संकाय में जिला टॉप में प्रथम स्थान पर एपेक्स ट्यूटोरियल के छात्र चंदेश्वर कुमार ने बाजी मारी है। जो अमना उर्दू हाई स्कूल का छात्र है। उसे 471 अंक प्राप्त हुए है। तीनों संकाय के टॉप थ्री में कुल 10 परीक्षार्थी है। जिसमें पांच लड़कियां एवं पांच लड़के शामिल है। इधर इंटरमीडियट परीक्षा का परिणाम जारी होते ही शहर का माहौल उत्साह और उत्सुकता से भर गया। रिजल्ट की घोषणा के साथ ही परीक्षार्थियों का भारी हुजूम शहर के विभिन्न साइबर कैफे पर उमड़ पड़ा। छात्र-छात्राएं अपनी बारी का इंतजार करते हुए अपने परिणाम जानने के लिए घंटों तक कैफे के बाहर खड़े नजर आए।वहीं, तकनीक के बढ़ते प्रभाव का असर भी साफ देखने को मिला। कई परीक्षार्थी अपने मोबाइल फोन के जरिए ही रिजल्ट देखने में जुटे रहे। इंटरनेट की मदद से घर बैठे ही परिणाम जानने की होड़ लगी रही, जिससे डिजिटल माध्यमों की बढ़ती भूमिका उजागर हुई।दूसरी ओर, शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में भी हलचल तेज हो गई। कोचिंग संचालक अपने यहां पढ़ने वाले छात्रों के रिजल्ट की जानकारी जुटाने में व्यस्त दिखे। जैसे-जैसे परिणाम सामने आते गए, सफल छात्रों को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।शहर में खुशी का माहौल इस कदर छा गया कि कई जगहों पर मिठाइयां बांटी गई और छात्रों को सम्मानित किया गया। परिजन, मित्र और शिक्षक सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देने में लगे रहे। फोन कॉल्स की घंटियां लगातार बजती रहीं, जिससे पूरे दिन बधाई संदेशों का दौर चलता रहा।कुल मिलाकर, इंटरमीडियट परीक्षा का परिणाम न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे शहर के लिए उत्सव का अवसर बन गया, जहां मेहनत और सफलता का जश्न पूरे जोश और उमंग के साथ मनाया गया।

## आर्ट्स में 85 फीसद अंक लाकर सुनिधि ने बढ़ाया मझौलिया का मान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के मोतीलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा सुनिधी कुमारी ने बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 421 अंक प्राप्त कर 85 प्रतिशत के साथ प्रथम श्रेणी हासिल की है। आर्ट्स संकाय से मिली इस सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे मझौलिया क्षेत्र का मान बढ़ाया है। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय और गांव में खुशी का माहौल है।सुनिधी के पिता अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रही है। उसकी



प्रारंभिक शिक्षा मझौलिया राजकीय कन्या मध्य विद्यालय से हुई, जहां से उसने अपनी पढ़ाई की मजबूत नींव रखी। इसके बाद उसने मोतीलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नामांकन लेकर लगातार मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई जारी रखी।उन्होंने बताया कि सुनिधी ने मैट्रिक परीक्षा में भी प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की थी और अब इंटरमीडिएट में भी बेहतर अंक लाकर परिवार का गौरव बढ़ाया है। उसकी इस सफलता से गांव और विद्यालय के लोगों में खुशी की लहर है।विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि सुनिधी एक अनुशासित और परिश्रमी छात्रा है। उसकी सफलता से अन्य छात्राओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सुनिधी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

# एमजीसीयू के राजनीति विज्ञान के शोधार्थी विनीत कुमार को मिली पीएचडी की उपाधि



**मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी विनीत कुमार की पीएचडी उपाधि की मौखिकी संपन्न हुई। विनीत ने राजनीति विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सरिता तिवारी के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। इनके शोध का विषय 'द इमरजेंस, स्टेगनेशन एंड एसेंडेंस ऑफ बीजेपी इन स्टेट पॉलिटिक्स ऑफ बिहार 1998-2020' है, जिसमें इन्होंने इस अवधि में भारतीय जनता पार्टी के बिहार की राजनीति में उदय, शिथिलता एवं अवरोहण पर विस्तृत प्रस्तुति दी। विनीत ने विभिन्न राजनीतिक गठबंधन के सिद्धांतों के द्वारा बताया कि बिहार के राजनीति कैसे एकल दल प्रणाली से एक बहु दलीय गठबंधन व्यवस्था में परिवर्तित हुई। बिहार के मतदाताओं के राजनीतिक व्यवहार में सामाजिक पहचान से अधिक विकास के कार्यों का प्रभाव देखने को मिला। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में कैसे भारतीय जनता पार्टी एक छोटे भाई की भूमिका के बाद धीरे-धीरे सबसे बड़ी एवं प्रमुख पार्टी बन के उभरती गई। शोध निर्देशक डॉ. सरिता तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के शोध राजनीतिक प्रणाली को समझने और विश्लेषण करने के लिऐ अत्यंत उपयोगी है। बिहार की राजनीति पर केंद्रित यह शोध राजनीतिक व्यवस्था, मतदाताओं के व्यवहार, चुनावों पर समाज का प्रभाव जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय को रेखांकित करता है। इस पीएचडी मौखिकी में बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोनाली सिंह, एमजीसीयू के समाज विज्ञान संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील महावर, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार आर्य, गांधी एवं शांति अध्ययन के डॉ जुगल किशोर दाधीच, हिंदी विभाग के डॉ अंजनी श्रीवास्तव, संस्कृत विभाग के प्रोफेसर श्याम कुमार झा, राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर पंकज कुमार सिंह, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ प्रेरणा भादुली के साथ विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शोधाथीयों की उपस्थिति रही।

## शुभम ने 12वीं विज्ञान की परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान लाकर प्रतिभा का परचम लहराया

**पिता राजमिस्त्री है तो वही मां है गृहणी**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कपूर पकड़ी के छात्र शुभम कुमार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित ने 12वीं साइंस की परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने प्रखंड और विद्यालय का नाम रौशन किया है। ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े व स्वाध्याय के बल पर शुभम ने 465 अंक लाकर अपनी प्रतिभा का



परचम लहराया है। प्रखंड के कपूर पकड़ी पंचायत अंतर्गत चमही गांव निवासी शुभम के पिता राजेंद्र दास राजमिस्त्री का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है तथा मां मंजू देवी गृहिणी है। इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए शुभम ने कहा कि मिले परिणाम से खुशी तो है लेकिन जितना सोचा था उतना बढ़िया परिणाम नहीं आया है। उसने अपनी सफलता को लेकर कहा कि वह नियमित विद्यालय जाता था और घर पर ही पढ़ाई करता था। वह आगे चलकर प्रशासनिक क्षेत्र में जाना चाहता है। बताया कि वह बिहार लोकसेवा आयोग की परीक्षा में सफल होकर एसडीएम बनना चाहता है। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता -पिता बड़े भैया सुभाष कुमार, बड़ी बहन अंशु कुमारी, परिवार के अन्य सदस्यों सहित गुरुजनों को दिया है। वही शुभम के गांव में खुशी का माहौल है। बड़े बुजुर्ग, बुद्धिजीवी सहित गांव के लोग बधाई देने उसके घर पहुंच रहे है। इधर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अच्छे अंक आने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# बिहार दिवस के मौके पर मुंगेर में आयोजित हुआ रंगारंग कार्यक्रम



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रशासन एवं कला एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आज प्रेक्षा गृह में बिहार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ एवं माँ चंडिका के तैल चित्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि आज गर्व का दिन है के आज हम सब बिहार दिवस मना रहें हैं। बिहार आज जिस तरह विकसित राज्यों कि श्रेणी में आगे बढ़ कर जो नई इबारत लिख रहा है वह वास्तव में अत्यंत ही सराहनीय है और गर्व का विषय है। 2005 के बाद बिहार जिस तरह विकास कि ओर बढ़ा है आज देश में अपनी एक अलग पहचान बना चूका है। राज्य सरकार बिहार को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न तरह कि योजनाएं चला रखी है। आज बिहार में सड़कों का जो जाल बिछाया गया है वह विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है। बिहार के विकास में राज्य सरकार अथवा जिला प्रशासन तो अपनी भूमिका निभा हीं रहा है, लेकिन बिहार के चहुमुखी विकास के लिए सामाजिक स्तर पर यहां के युवा वर्ग को भी अपना योगदान देना होगा। एक विकसित राज्य की कल्पना तभी सम्भव है जब एक समाज विकसित हो और समाज का विकास तभी सम्भव है जब युवा उसमें अपनी भूमिका निभाए। आज युवा वर्ग जिस तरह से विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहें हैं और अपनी प्रतिभा से अपने जिला व राज्य का नाम रोशन कर रहें हैं वह अत्यंत हीं सराहनीय है। उन्हें आगे भी इसी तरह अपनी भूमिका निभानी होंगी, तभी बिहार और भी विकसित राज्यों की श्रेणी में आएगा। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए बिहार के विकास में बढ़ चढ़ कर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को सहयोग करने की बात कहीं। उन्होंने समस्त जिलेवासियों को बिहार दिवस की शुभकामनायें भी दी।इस अवसर पर आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बैद्यनाथ बालिका उच्च विद्यालय, चंद्रशेखर सिंह बालिका उच्च विद्यालय सहित अन्य कलाकारों ने आकर्षक गीत, संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किये जाने वाली दर्जनों महिला कर्मियों एवं माननीय मुख्य मंत्री की समृद्धि यात्रा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## चार्ज सेंटर में शिफ्ट हुआ आरटीपीएस

**नरकटियगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के आरटीपीएस काउंटर को अब चार्ज सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया है। सोमवार से आरटीपीएस का संचालन चार्ज सेंटर में बने शेड में शुरू कर दिया गया है। यहां कर्मियों के बैठने की व्यवस्थित व्यवस्था कर दी गई है। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि आरटीपीएस का संचालन अब चार्ज सेंटर से हीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन को तोड़ने का काम चल रहा है। जिसको देखते हुए आरटीपीएस को तत्काल वहीं के एक क्वार्टर में शिफ्ट किया गया था। हालांकि, कुछ दिनों तक आरटीपीएस यहीं से संचालित भी हुआ। अब प्रशासन ने नई व्यवस्था के तहत चार्ज सेंटर में आरटीपीएस शिफ्ट कर दिया है।

# 25 हजार का इनामी अपराधी तूफानी यादव गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी/कटिहार**। बरारी पुलिस की ओर से दियारा क्षेत्र में लगातार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जारी है। इसी कड़ी में जिले के बरारी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने 25 हजार रुपये के इनामी और कई गंभीर मामलों में वांछित अपराधी तूफानी यादव को एक देसी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि भैंसदीरा में कुख्यात अपराधी तूफानी यादव अवैध हथियार के साथ छिपा हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद तुरंत पुलिस टीम का गठन किया गया और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही आरोपी मौके से भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन पुलिस की तत्परता के कारण उसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले भी तूफानी यादव ने अपने घर भैंसदीरा में एक विवाद के दौरान करीब 50 राउंड फायरिंग कर पूरे इलाके में दहशत फैला दी थी। उसकी इसी दहशत को खत्म करने और आम लोगों में विश्वास बहाल करने के लिए पुलिस ने एक अनोखी पहल की। जहां भारी पुलिस बल की मौजूदगी में आरोपित को झिटकिया चौक से लेकर बड़ी भैंसदीरा तक पैदल घुमाया गया। ताकि लोगों के मन से उसका डर खत्म हो और पुलिस के प्रति भरोसा मजबूत हो सके। थानाध्यक्ष ने बताया कि तूफानी यादव का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ चोरी, डकैती, छिनतई, मारपीट, रंगदारी और हत्या के प्रयास जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। बरारी थाना, सेमापुर ओपी और पीरपैंती थाना में उसके खिलाफ कुल 12 मामले दर्ज हैं। कटिहार पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों के बीच संदेश गया है कि कानून से बच पाना अब आसान नहीं है।

# किसानों को मुआवजा व कर्ज माफी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार**। जिले में हाल के दिनों में आई तेज आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। प्राकृतिक आपदा के इस कहर से रबी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। खासकर मक्का और गेहूं की फसलें बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई हैं। कई प्रखंडों में खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। इस गंभीर स्थिति को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि जिले के अधिकांश प्रखंडों में मक्का और गेहूं उत्पादन करने वाले किसानों को सबसे अधिक क्षति हुई है। अचानक आए इस मौसम परिवर्तन ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कांग्रेस कमिटी ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल एक विशेष टीम गठित कर सर्वे कराया जाए,ताकि वास्तविक क्षति का आकलन हो सके। साथ ही, किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे इस संकट से उबर सकें। ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया है कि राज्य सरकार को रिपोर्ट भेजकर किसानों के कृषि ऋण माफ करने की अनुशंसा की जाए। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके और उनकी आजीविका सुरक्षित रह सके। मौके पर कटिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि यदि समय रहते किसानों को सहायता नहीं मिली, तो किसानों की स्थिति और भी खराब हो सकती है किसान पहले ही आर्थिक दबाव झेल रहे हैं, ऐसे में प्राकृतिक आपदा ने उनकी स्थिति और भी खराब कर दी है इसलिए जल्द पीड़ित किसानों को राहत मिलनी चाहिए। इस अवसर पर सउद मुखिया,कुमार विवेकानंद,सुदेश कुमार मंडल, राणा,रॉकी मंडल, मधुकर मंडल और सुभाष यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति का किया जा रहा आकलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार**। पिछले दिनों सूबे के विभिन्न क्षेत्रों में आयी तेज आंधी और बेमौसम की बरसात के कारण खेतों में पककर तैयार फसल की व्यापक क्षति हुई है। कटिहार जिले केविभिन्न प्रखंडों में भी किसानों की तैयार मक्का, गेहूं की व्यापक क्षति से किसानों की उम्मीदों पर जहां पानी फिर गया है, उनकी माली दशा भी प्रभावित हुई है.मनिहारी क्षेत्र समेत बौलिया पंचायत में बीते दिनों आई तेज बारिश और आंधी ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अचानक बदले मौसम ने खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। स्थानीय किसानों के अनुसार लगभग 100 से 150 एकड़ में लगी मक्का समेत अन्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। जिससे सैकड़ों किसान आर्थिक संकट में आ गए हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर बुवाई और सिंचाई की थी। लेकिन फसल नष्ट हो जाने से अब उनके सामने परिवार चलाने तक की समस्या खड़ी हो गई है। दो से तीन दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कृषि विभाग के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी क्षति का आकलन करने खेतों तक नहीं पहुंचे हैं। इससे किसानों में भारी नाराजगी और आक्रोश है। बौलिया पंचायत के मुखिया जर्जिस आलम की भी फसल इस आपदा में बर्बाद हुई है। उन्होंने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द क्षेत्र का निरीक्षण कर वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाए और प्रभावित किसानों को सरकार द्वारा मिलने वाला मुआवजा दिलाया जाए।स्थानीय किसानों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर स्थिति को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और वे इस संकट से उबर सकें इस बाबत पूछे जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने जानकारी दी कि जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक मे प्रत्येक प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र एक एवं दो में हुई फसल क्षति एवं प्रभावित फसलों का प्रतिवेदन मांगा गया है।प्राथमिकता के तौर पर हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है. प्रखंडों से प्राप्त फसल क्षति संवंधी प्रतिवेदनों को वरीय अधिकारी को समर्पित करते हुए प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## फसल नष्ट होने पर प्रखंड प्रमुख ने जिला पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही/कटिहार**। प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी ने सोमवार को जिला पदाधिकारी कटिहार से मिलकर 20 एवं 21 मार्च को आई भयंकर आंधी तूफान एवं वर्षा के कारण खेत में खड़ी नगदी फसल नष्ट हो जाने को लेकर एक ज्ञापन जिला पदाधिकारी को सोपा। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी ने बताया कि विगत 20 एवं 21 मार्च को मनसाही प्रखंड क्षेत्र में भयंकर आंधी तूफान एवं वर्षा हुआ था। जिस कारण मनसाही प्रखंड के चित्तौड़िया, साहेबनगर, मोहनपुर, भेड़ मारा, मरंगी एवं कुरेठा पंचायत के किसान जो रब्बी की खेती में मक्का, गेहूं, आलू एवं सब्जी जो खेत में लगा हुआ था पूरे तरीके से नष्ट एवं बर्बाद हो गया हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई हैं। किसान के सामने भरण पोषण की गंभीर संकट उत्पन्न हो गया हैं।

# प्रखंड कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार ने मक्का फसल की क्षति का किया आकलन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही/कटिहार**। किसान भवन मनसाही के कृषि समन्वयक मनीष कुमार एवं किसान सलाहकार अनिल कुमार सिंह मोहनपुर पंचायत एवं भेड़मारा पंचायत पहुंच कर मक्का सहित अन्य फसल के क्षति का आकलन किया। प्रखण्ड क्षेत्र में बेमौसम बारिश और आंधी ने किसानों की कमर तोड़ दी हैं । मक्का और आलू की फसल पूरी तरह तबाही के कगार पर पहुंच चुकी हैं । खेतों में कड़ी मेहनत कुछ ही घंटों में बर्बाद हो गई,जिससे किसानों के बीच गहरा मायूसी का माहौल हैं। डुमरिया विशनपुर की बुजुर्ग महिला किसान तिलिया देवी अपने खेत को दिखाते हुए भावुक हो उठीं और रोने लगीं। उन्होंने बताया कि पेंशन का पैसा बचा-बचाकर खेत की सिंचाई करवाई थी और खाद-बीज भी उधार लेकर डाला था। अब सबसे बड़ी चिंता यह हैं कि कर्ज कैसे चुकाया जाएगा। किसान विष्णु देव चौधरी ने बताया कि कई वर्षों बाद इस तरह की आपदा देखने को मिली हैं। आलू की फसल उखाड़ने से पहले ही बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। खेतों में पानी भर गया हैं। जिससे आधी फसल अब सड़ने की कगार पर हैं । वहीं मक्का किसान मो. आमिर,अरुण यादव,सुमित यादव, पिंकू यादव, रंधीर यादव, पंकज यादव, शेरू चौधरी, अमरजीत चौधरी और संतोष पोद्दार सहित अन्य किसानों का कहना हैं कि उनकी 80 प्रतिशत से अधिक फसल नष्ट हो चुकी हैं।

## मोहर्रम कमिटी के जिलाध्यक्ष पद से नौशाद ने दिया इस्तीफा

**कटिहार/नबिटा संवाददाता**। जिला मोहर्रम कमेटी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद सिद्दीकी ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कटिहार जिला मोहर्रम कमेटी बहुत मजबूत कमेटी है। सभी पदाधिकारी का हमेशा सहयोग मिलता रहता था। मुझे भी अध्यक्ष पद पर बने रहकर कई बार मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में जिलावासियों, जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन एवं सभी खलीफा भाइयों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष सफलतापूर्वक सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम पर्व सफल होता था। इसके लिए मैं सभी के प्रति हृदय से सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं ल लेकिन बड़े ही अफसोस के साथ लिखना पड़ रहा है कि निजी कामों में व्यस्त रहने के कारण अध्यक्ष पद का निर्वहन करने में मुझे काफी कठिनाई हो रही है। इसीलिए मैं स्वेच्छा से कटिहार जिला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की घोषणा करता हूं। मैं एक सदस्य के रूप में मोहर्रम कमेटी में सहयोग करता रहूंगा आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मेरा त्यागपत्र स्वीकार कर लिया जाएगा। मैं किसी भी परिस्थिति में अध्यक्ष पद का दायित्व निभाने में असमर्थ महसूस कर रहा हूं इसीलिए मैं काफी सोच समझ कर अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया हूं।

# छात्र - छात्राओं ने ट्यूनिंग ऑफ स्कूल के तहत राजेंद्र शैक्षणिक गतिविधि का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मनसाही/कटिहार**। ट्यूनिंग ऑफ स्कूल के तहत उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल मोहनपुर के छात्र - छात्राएं राजेंद्र उच्च विद्यालय धनपाड़ा पहुंचे। इस दौरान उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल मोहनपुर के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं को अपने विद्यालय से राजेंद्र उच्च विद्यालय धनपाड़ा के लिए रवाना किए। इस ट्यूनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम में विद्यालय अध्यापक रिशु कुमार भारती, माला कुमारी, अनुज कुमार, राजीव कुमार रंजन छात्र - छात्राओं के साथ शैक्षणिक गतिविधि देखने के लिए राजेंद्र उच्च विद्यालय धनपाड़ा पहुंचे जहां पर छात्र - छात्राएं सर्वप्रथम उच्च विद्यालय के मैदान में उपस्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदमकद प्रतिमा को देखे उनके बाद स्मार्ट क्लास, लैब के साथ विद्यालय अध्यापक के द्वारा लिए जा रहे क्लास के साथ खेल सामग्री को भी देखें जहां छात्र - छात्राएं खेल का भी आनंद लिए। इनके उपरांत छात्र - छात्राओं ने उच्च विद्यालय के मैदान के साथ मध्य विद्यालय धनपाड़ा का भी भ्रमण किया एवं दोनों विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधि सहित वहां के मनमोहन दृश्य को देखें। छात्र-छात्राओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हम सब जो विद्यालय में पढ़ते हैं उन्हें दूसरे स्कूल में जाकर देखने का मजा ही कुछ और आया इस विद्यालय में स्मार्ट क्लास के साथ-साथ लैब,खेल कूद के मैदान सहित सबसे आकर्षक चीज उच्च विद्यालय के प्रांगण में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद का आदमकद प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहा। छात्र - छात्राओं ने इन यात्रा को एक यादगार यात्रा बताया।

# वासंती नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कन्द माता की आराधना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार**। "या देवी सर्वभूतेषु स्कन्द माता रूपेण संस्थिता" के उद्घोष के साथ वासंती नवरात्र के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कन्द माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। अर्द्धनारीश्वर गौरीशंकर महादेव मंदिर प्रांगण स्थित सार्वजनिक चैती दुर्गा स्थान में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। धर्माचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां स्कन्द माता का आह्वान कर पूजा संपन्न कराई। पूरे वातावरण में भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा। पूजा अनुष्ठान में यजमान की भूमिका राकेश श्रीवास्तव 'सोनू' द्वारा निभाई जा रही है, जो पूरे समर्पण भाव से पूजा में सहभागिता कर रहे हैं। वहीं, पुरोहित रामचन्द्र पांडे वैदिक नियमों और परंपराओं का पालन करते हुए श्रद्धालुओं के साथ मिलकर मां दुर्गा की आराधना में जुटे हुए हैं। आयोजन को सफल बनाने में दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी भी सराहनीय रही। पंकज श्रीवास्तव, बंटी श्रीवास्तव और पवन चौरसिया सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूरे दिन श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर परिसर भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने आने वाले दिनों में भी इसी तरह श्रद्धालुओं की सुविधा और पूजा की भव्यता बनाए रखने का संकल्प जताया।

# छठ घाटों को स्वच्छ और व्यवस्थित करें : मेयर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार**। चैती छठ को लेकर सोमवार को कटिहार नगर निगम की मेयर उषा देवी अग्रवाल ने निगम क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने की बात कही। घाटों को जल्द से जल्द स्वच्छ एवं व्यवस्थित करने का सख्त निर्देश सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया। मेयर ने छठी मइया से नगरवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की और कहा कि छठ पर्व पर नगर निगम प्रशासन पूरे निगम क्षेत्र को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। मेयर ने बीएमपी. 07 छठ घाट, कोसी छठ घाट, विजय स्पोर्टिंग क्लब छठ घाट, बैगना नहर छठ घाट एवं तिनगछिया छठ घाट का निरीक्षण किया। मेयर ने घाटों की समुचित साफ-सफाई, जल निकासी और घाटों तक जानेवाले सभी रास्तों की जल्द से जल्द मरम्मत का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया ताकि छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इस अवसर पर उप मेयर मंजूर खान, पार्षद बिट्टू घोष, प्रमोद साह, विनोद सिंह, सौरभ मालाकार एवं नुसरत जहां, निगम पदाधिकारी में अजय सिंह, कैलाश चौधरी, राजीव कुमार, अमित कुमार, आशीष कुमार, विजय स्पोटिंग क्लब के अध्यक्ष विकास सिंह, महाभारत क्लब के अध्यक्ष विजय सोनी, राजीव ठाकुर, शमशाद एवं अन्य सहयोगी गण उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र के साथ बेल्ट प्रदान किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कटिहार**। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत विधान पार्षद कोष से 90 पीस जुडो मेट कीट 4.40 लाख की राशि से बच्चों के खेल के लिए दिया गया। शहर के हरिशंकर नायक उच्च विद्यालय के व्यायामशाला में जुडो एसोसिएशन कटिहार के खिलाड़ियों के लिए 90 पीस जुडो मेट का विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल ने उद्घाटन किया। जूड़ो संघ कटिहार के चेयरमैन अशोक कुमार अग्रवाल विधान पार्षद, बिट्टू घोष वार्ड पार्षद, हरिशंकर नायक उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य उदय सिंह एवं अन्य शिक्षकगण एवं जूड़ों संघ के अध्यक्ष राजकुमार साह एवं सचिव सह अमित कुमार, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार एवं सभी कार्यकारणी सदस्यों एवं प्रशिक्षको के द्वारा 47 खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र के साथ बेल्ट वितरण किया गया। जिसमें सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ अपनी शुभकामनाएं दी।

## इंटर रिजल्ट में पलक प्रिया ने 82.40 फीसदी अंक लाकर बढ़ाया प्रखंड का मान



**बरारी /कटिहार**। सोमवार को बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही प्रखंड क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान पलक प्रिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 500 अंकों में 412 अंक प्राप्त कर 82.40 प्रतिशत अंक हासिल किया और अपने प्रखंड का नाम रौशन किया। पलक प्रिया की इस सफलता पर उनके घर में खुशी का माहौल बना रहा। परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। उनकी माता रंजू कुमारी,जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रतापगंज बरारी में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं ने बेटी की उपलब्धि पर गर्व जताया। पलक प्रिया, राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी की नतिनी हैं। उनकी सफलता पर बरारी विधायक विजय सिंह निषाद, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, राजद नेत्री बेबी कुमारी, कांग्रेस नेता तौकीर आलम, मुख्य पार्षद बबीता कुमारी, नाना विश्वनाथ चौधरी,मामा लक्ष्मण जयसवाल, राम कुमार जयसवाल सहित प्रखंड के कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल में राम मनोहर लोहिया की मनाई गई जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही/कटिहार**। प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल मोहनपुर में डॉ. राम मनोहर लोहिया की 116 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मिश्र,मध्य विद्यालय मोहनपुर के प्रधानाध्यापक संजय कुमार, सीआरसी समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता,विद्यालय अध्यापक सहित छात्र - छात्राओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि 23 मार्च 1910 को अकबरपुर उत्तर प्रदेश में डॉ. राम मनोहर लोहिया का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम हीरालाल लोहिया थे,प्रारंभिक शिक्षा बनारस और कोलकाता से प्राप्त किए थे। बर्लिन विश्वविद्यालय जर्मनी से पीएचडी किए थे। महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन 1942 मैं सक्रिय भूमिका में थे। उन्होंने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की समाजवाद एवं जातिवाद के खिलाफ आवाज उठाएं। सप्त क्रांति का विचार दिया - जाति,धर्म,लिंग,भाषा आदि भेदभाव के खिलाफ में थे। हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने के लिए समर्थक थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/750, दिनांक** 20.03.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तेल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3517, कार्य का नामः** "एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र में सीमित ऊँचाई के सबवे 261/ए, 262ए और 268ए पर नए सम्प, पंप हाउस, पंप कवर शेड और जल निकासी व्यवस्था का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 32,80,153/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि)ः** रु. 65,600/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3600, कार्य का नामः** "हावड़ा-सिग्नल वर्कशॉप का आधुनिकीकरण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 1,37,51,829/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि)ः** रु. 2,18,800/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 10.04.2026 को 17.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-708/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# आज चैती छठ व्रत पर व्रती देंगे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के मौके पर आज मंगलवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। छठ व्रतियों ने सोमवार की शाम खरना का रस्म पूरा करने के बाद भगवान सूर्य की अराधना में लीन हो गए। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद निर्जला उपवास रख व्रती नदी, तालाब एवं कुओं पर स्नान कर भगवान सूर्य को शाम के समय में पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे। बताया के देव में देश के कोने कोने से श्रद्धालु पहुंचे हैं। देव सूर्यकुंड में दूसरे प्रदेश व जिलों से आएं श्रद्धालु सूर्यकुंड तालाब में पहुंचकर अर्घ्य अर्पित करेंगे। वहीं दूसरे दिन बुधवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती अपने घरों के लिए रवाना होंगे। व्रती बुधवार को उगते सूर्य को अघ्य अर्पित करने के बाद पारण करेंगे। श्रद्धालु देव सूर्य मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही आकर्षण रहेगी।

**छठ गीतों से घाट रहेगी गुलजार**

देव में छठ पूजा विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। वर्ष में दो बार कार्तिक और चैत मास में लाखों श्रद्धालु देश के कोने-कोने से भगवान को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। इसे भगवान की महिमा ही कहा जा सकता है। श्रद्धालुओं का जन सैलाब देव की प्रसिद्धि को दर्शाता है। व्रतियों व श्रद्धालुओं द्वारा गाए जाने वाले छठ गीत से घाट गुलजार रहे। इधर जिले के कुछ घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जहां कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देंगे।

**छठ पर्व के दौरान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस**

छठ पर्व के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया गया है। देव के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की तैनाती रहेगी। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, नियंत्रण कक्ष, पाकग व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की भी व्यवस्था की जा रही है। पेयजल के लिए चापाकलों की मरम्मत, 24 घंटे जलापूर्ति व आवश्यकता पड़ने पर टैंकर की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अग्निशमन वाहनों की तैनाती, सूर्यकुंड के पास लाइफ जैकेट एवं गोताखोर व आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ टीम तैनाती रहेगी। वहीं श्रद्धालुओं को पानी पीने के लिए 20 से 25 टैंकर की व्यवस्था की गई। कुम्हार बिगहा, महाराणा प्रताप, सूर्यकुंड तालाब के पूरब की ओर, पातालगंगा सहित कई जगहों पर पाकग की व्यवस्था की गई है। पूरे सूर्यकुंड तालाब की आकर्षक तरीके से लाइटिंग की गई है। सूर्य मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। लाइटिंग के साथ-साथ फूलों से भी मंदिर के मुख्य द्वार एवं परिसर को आकर्षक रूप तरीके से सजाया गया है। बता दें कि छठ महापर्व के दौरान देव सूर्य मंदिर एवं सूर्यकुंड में लाखों श्रद्धालु और व्रती अघ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए पांच स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां टेंट, पंडाल, लाइटिंग, जेनरेटर सहित की समुचित व्यवस्था विभिन्न संस्थानों एवं बैंकों के सहयोग से की जाएगी। कई स्थानों पर ड्रॉप गेट व आवश्यक स्थलों पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य सुविधा हेतु अस्थायी चिकित्सा शिविर, सात एंबुलेंस, स्ट्रेचर और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तैनाती की गई है।

# मनिहारी में निकली कलश शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मनिहारी /कटिहार**। मनिहारी नगर में श्रीमद्भागवत ज्ञानगंगा कथा के शुभारंभ के अवसर पर सोमवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। गंगातट से आरंभ हुई इस शोभा यात्रा में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत कथा वाचिका पूज्य साध्वी समाहिता दीदी की पावन उपस्थिति में निकली इस यात्रा ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। उनके सान्निध्य में श्रद्धालु काफी उत्साहित नजर आए। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और माताओं ने सिर पर कलश लेकर भाग लिया, जो भक्ति और समर्पण का प्रतीक बना। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कथास्थल तक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर स्वागत किया और भजन-कीर्तन व जयकारों से वातावरण गूंज उठा। पूरा क्षेत्र "हरि नाम" और "जय श्री कृष्ण" के उद्घोष से भक्तिमय हो गया। मां गंगा भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्य सहित हजारों सनातन धर्मावलंबी इस अवसर पर उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन समिति ने बताया कि 23 मार्च से 30 मार्च तक प्रतिदिन संध्या 5 बजे से पूज्य साध्वी समाहिता दीदी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को भागवत कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति और ज्ञान की अमृतमयी धारा का श्रवण करने का अवसर मिलेगा।

# वर्चस्व को लेकर दो गुट आपस में भिड़े

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के कन्हौली टीओपी इलाके में रविवार देर शाम दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच रोड़ेबाजी शुरू हो गई। हालात बिगड़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कई अन्य को भी चोटें आई हैं। पुलिस मौके पर कैंप कर रही है और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

बताया जा रहा है कि देर शाम आपसी वर्चस्व को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर रोड़ेबाजी कर दी। अचानक हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद नगर थाना की टीम मौके पर पहुंची और हालात को शांत कराया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, एक पक्ष के मैंगो नामक युवक ने पहले दूसरे पक्ष पर हमला किया, जिसमें एक महिला समेत कई लोग घायल हो गए। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने मैंगो के मोहल्ले में घुसकर रोड़ेबाजी की, जिससे कई लोगों के सिर फट गए। घटना के दौरान सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए, जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया।

बवाल की सूचना पर नगर थानाध्यक्ष अनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल इलाके में तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। इस मामले में नगर थानाध्यक्ष अनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। माहौल खराब करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। दोनों पक्षों से तीन लोगों को डिटेन किया गया है।

# सड़क दुर्घटना में थाइलैण्ड के बौद्ध भिक्षु की मौत


## पोस्टमार्टम के बाद शरीर भेजा गया बैंकाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** बोधगया में एक दर्दनाक सड़क हादसे में थाईलैंड के 63 वर्षीय बौद्ध भिक्षु ओम फ्रा समरोएंग की मौत हो गई। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके पार्थिव शरीर को उनके देश बैंकॉक के चाय नाट शहर भेज दिया गया, जहां स्वजनों द्वारा उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार, भिक्षु के शव को पहले बोधगया से कोलकाता ले जाया जा रहा है, जहां से कार्गो विमान के जरिए बैंकॉक भेजा जाएगा।

इससे पहले बोधगया स्थित बुद्धा सेविका बौद्ध मठ में भिक्षु की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें कई




भिक्षुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

बताया जाता है कि बीते शनिवार को बोधगया थाना क्षेत्र के भूरा पालो बौद्ध मठ के समीप एक तेज रफ्तार बाइक ने भिक्षु को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक उन्हें सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल भिक्षु को बोधगया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उन्हें अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया।

इलाज के दौरान कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और फरार बाइक सवारों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, मृतक भिक्षु पिछले 26 दिनों से बोधगया के बुद्धा सेविका बौद्ध मठ में ठहरे हुए थे और प्रतिदिन महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए जाते थे।

इसी दौरान यह सड़क हादसा हुआ। इस मामले में बोधगया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यातयात पुलिस ने फर्दबयान दर्ज किया है, घटना के अंजाम देने वाले बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

# मृतक के आश्रित को मिला मुआवजा राशि का चेक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड के अकैड़ गांव में वीते दिन पइन में डूबने से अधेड़ की हुई मौत के बाद मृतक के आश्रित पत्नी कंचन देवी को पंचायत सचिव दीपक कुमार ने परिवारिक लाभ के तरह बिस हजार का चेक दिया।बता दें कि अधेड़ नौ मार्च की संध्या घर से गायब हो गए थे। उनका शव गांव के उत्तर नौ दिन बाद पाइन से बरामद हुई थी।मृतक मानसिक रूप से कमजोर थे। शव बरामद के बाद सरकार द्वारा मिलने वाली परिवारिक लाभ के तहत सोमवार के दिन पंचायत सचिव दीपक कुमार ने मृतक के पत्नी कंचन देवी को बीस हजार का चेक दिया।

# जिंदाबाद के नारों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया शहीद दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस गया के स्थानीय चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकताओं ने इंकलाब जिंदाबाद, शहीदों ले लो मेरा सलाम के नारों को बुलंद करते हुए शाहिद दिवस के रूप में मनाया।

सर्वप्रथम शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के चित्र पर माल्यार्पण के पाश्चात्य उनलोगों के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, रूपेश चौधरी, अशोक राम, कृष्ण प्रकाश शर्मा, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी




सिंह, मनोज मालाकार आदि ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, का यह नारा की वे मुझे मार सकते हैं, लेकिन वे मेरे विचारों को नहीं मार सकते तथा इन्कलाब जिंदाबाद आज भी शत प्रतिशत प्रासंगिक है। नेताओं ने कहा कि भगत सिंह क्रांतिकारी के साथ - साथ एक महान विचारक, समाज सुधारक एवं भारत के युवाओं के प्रेरणा श्रोत है, जिनके बताए रास्ते पर चलकर देश के युवाओं का चरित्र धारदार बनाया जा सकता है।

# पेट्रोल पम्प पर धावा बोल हजारों की लूट

## दो स्कूटी पर आये थे छह बदमाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग स्थित दीना पेट्रोल पंप पर रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे बेखौफ अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, छह की संख्या में अपराधी दो स्कूटी से पहुंचे थे। यहां उन्होंने पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ मारपीट की और उसके बाद हथियार दिखाकर उन्हें धमकाया। इसके बाद अपराधियों ने लगभग 59 हजार रुपये नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुंदाग ओपी थाना प्रभारी पेट्रोल पंप पर पहुंचे और कर्मचारियों से घटना की जानकारी ली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुट गई है। साथ ही जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का दावा किया है।

पेट्रोल पंप पर काम कर रही कर्मी सुजाता कुमारी ने कहा कि मेरा चार्जर छूट गया था। जब हम यहां पहुंचे तो देखा कि अपराधी हथियार दिखाकर धमका रहे थे। चार से पांच लोग स्कूटी से आए थे। पेट्रोल पंप पर हवा भरने वाले एक कर्मी ने जब यह दृश्य देखा तो वह कर्मचारियों को छुड़ाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन अपराधियों ने उन्हें चाकू और हथियार का भय दिखाकर रोक दिया। उन्होंने बताया कि चार से पांच अपराधी पेट्रोल भरने वाले कर्मी के साथ मारपीट कर रहे थे। इसके बाद जबरन पैसे लूटकर भाग गए। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए। कुछ लोगों ने बताया कि इस पेट्रोल पंप पर पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है।

# ब्यूटी ने लहराया परचम, बधाइयों का लगा तांता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार इंटरमीडिएट एग्जाम 2026 के रिजल्ट में बेलागंज गया जी के रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज की छात्रा ब्यूटी कुमारी पिता सकलदेव सिंह माता वीणा देवी की पुत्री ने जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपना विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने बधाई देते हुए कहा यह श्रृंखला अब लगातार जारी रहेगी। मैं अपने शिक्षकों के प्रयास से बेलागंज के रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय के श्रेणी में लाकर खड़ा करना मेरा उद्देश्य है। मैं और मेरे शिक्षकगण लगातार बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रयासरत रहते हैं। विद्यालय में पुस्तकालय, प्रयोगशाल, संगीत, आईसीटी लैब की उत्कृष्ट व्यवस्था है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा मैं जब इस विद्यालय में प्रधानाध्यापक की हैसियत से योगदान किया था तो विद्यालय की अवस्था और शैक्षणिक वातावरण को देखने के बाद मैं संकल्प लिया था कि विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था कर बेलागंज में ही नहीं जिला में इसका नाम उत्कृष्ट श्रेणी में लाने का प्रयास करूंगा। हमारे इस प्रयास में विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार, राजू चंद्रमणि प्रसाद, दिलीप कुमार, वाणी वंदना, रिंकू कुमारी, निशा मैडम, रीमा सिंह, प्रीति कुमारी, चंदन कुमार, रिजवान उल्ला इत्यादि लोगों का काफी सहयोग रहा है इसके लिए सभी शिक्षक भी बधाई के पात्र हैं।

## बाइक खड़ा करने के विवाद में मारपीट

**नरकटियागंज** । शिकारपुर थाना क्षेत्र के मंगरहरी गांव में सोमवार की सुबह रास्ते पर बाइक खड़ी करने को लेकर दो पड़ोसी परिवारों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक महिला समेत सात लोग घायल हो गए हैं।

महिला को नाली में धकेलकर मारपीट करने का आरोप है। मारपीट में एक पक्ष के आशिक मियां, यूनुस मियां, अमीन मियां और मोबिना खातून घायल हैं।जबकि दूसरे पक्ष के नूर मोहम्मद मियां, नथुनी मियां और उसमोहम्मद मियां को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया।

# मनाई गई डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष नाथुन पासवान की अध्यक्षता में महान समाजवादी नेता एवं चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती समारोह श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर लोहिया फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. मुंद्रिका प्रसाद नायक ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. लोहिया लोकतांत्रिक मूल्यों के सच्चे हितैषी थे।

उन्होंने सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए समाज में समानता, न्याय और लोकतंत्र की मजबूती के लिए आजीवन संघर्ष किया। कार्यक्रम में चंद्रदेव पासवान, पूर्व मुखिया राम लखन भगत, सरयू पासवान, मोहन राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. लोहिया के विचारों को अपनाने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# बैठक में 113वें अधिवेशन की तैयारियों पर मंथन

## युवाओं में दिखा गजब का उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह** । पचंबा स्थित तुलसी वेंकटेश विवाह भवन में केंद्रीय नवयुवक समिति की अगुवाई में हंडाडीह, पचंबा एवं महेशलुंडी मंडल की नवयुवक समितियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 113वें अधिवेशन की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई बैठक के दौरान अधिवेशन को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं इस अवसर पर केंद्रीय नवयुवक समिति के अध्यक्ष संजीत तर्वे, उपाध्यक्ष



साहिल एकघरा, हरिमोहन कंधवे, प्रतीक बड़गवे, सचिव अतुल सेठ, संगठन मंत्री निर्णय लोहनी, उपसचिव पंकज सेठ, सुमित सेठ, जितेंद्र सेठ, अमर गुप्ता, रक्तदान प्रभारी राकेश तर्वे, कार्यक्रम संयोजक मंत्री प्रतीक गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी अभय कंधवे सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे इसके अलावा तीनों मंडलों के अध्यक्ष, सचिव एवं सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने भी बैठक में भाग लिया और अपने सुझाव साझा किए।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 11 एवं 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले 113वें अधिवेशन को भव्य और सफल बनाने के लिए सभी युवा सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अंत में सभी ने एकजुट होकर अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## बालू लदे ट्रक से उखड़ा पंडाल, बवाल

**पश्चिम चंपारण।** बिहार में पश्चिम चंपारण के नौतन थाना क्षेत्र के पश्चिमी नौतन पंचायत के रुदलपुर गांव में सोमवार की बालू लदे ट्रक को मोड़ने के दौरान अष्टयाम की तैयारी को लेकर लगे पंडाल के उखड़ जाने के बाद दो पक्षों में जमकर पत्थरबाजी एवं मारपीट हो गई।

जिसमें दोनों ओर से सात लोग चोटिल हैं। चोटिल शंभुनाथ यादव, विनय यादव, बृजेश यादव, बाला यादव,सैरून नेशा, मोहम्मद साहेब को इलाज के लिए नौतन सीएचसी भेजा गया है। जहां डा धर्मेंद्र कुमार ने घायलों का इलाज किया।

उन्होंने बताया कि सभी सुरक्षित हैं। हल्की चोट लगी है। उधर, घटना की सूचना एसडीपीओ रजनीश कांत प्रियदर्शी के साथ थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस पहुंची।दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। हालांकि एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस कैंप कर रही है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि ट्रक से बालू आया था।

उसे ले जाने के क्रम में रामनाथ यादव के दरवाजे पर हनुमान अराधना व अष्टयाम की तैयारी को लेकर लगाया गया पंडाल उखड़ गया।

# वाहन जांच अभियान में एक लाख का कटा चालान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा पुलिस ने थाना गेट के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। सघन वाहन जांच अभियान थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान छोटे-बड़े कुल 80 वाहन से लगभग एक लाख का चालान काटा गया।

थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि अगामी रामनवमी व त्योहारों को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया है।वाहन जांच के दौरान कुल एक लाख का चालान भी काटा गया है।

# विश्व जल दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के द्वारा किया गया। इसकी शुरूआत स्थानीय बाबा विश्वनाथ भास्कर छठ पोखरा से पानी बचाने के संकल्प के साथ किया गया।

इस मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कहा कि जल है तो कल है। इसका हर एक बूंद कीमती है। इसलिए पानी को व्यर्थ न बहाएं। हम पानी बचाएंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करेंगे। उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी ने जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनने की जरूरत बताया। उन्होंने जल के बूंद-बूंद की कीमत को समझने और इसे बेकार न बहाने की अपील किया है। वार्ड पार्षद आनंद कुमार, राजेंद्र पाल, युवा समाजसेवी प्रदीप पटेल, सोनू चंद्रवंशी, असगर अली, शक्ति पासवान नगर पंचायत लेखापाल रविकांत पटेल, कनीय अभियंता आशीष सिंह, मंटू कुमार चौधरी, संजीत कुमार, अवधेश राम, पिंटू सिंह, दीपक कुमार रवि, रितिक कुमार आदि मौजूद थे।

# रामनवमी में सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें पदाधिकारी : डीआइजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार, (पलामू)।** रामनवमी को लेकर पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) किशोर कौशल आज लातेहार जिला का दौरा किया। उन्होंने रामनवमी पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। साथ ही जिला कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली, संचार व्यवस्था एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र का बारिकी से जायजा लिया।

डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक सभागार में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों (एसडीपीओ), इंस्पेक्टर एवं जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर रामनवमी के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, जुलूस मार्गों की सुरक्षा, संवेदनशील स्थलों की निगरानी एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने

## आपसी सौहार्द और भाईचारे की परंपरा को बनाए रखने की अपील

सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे की मदद से भी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन और आमजन के सहयोग से ही पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सकता है, इसलिए सभी मिलकर आपसी सौहार्द और भाईचारे की परंपरा को बनाए रखें।

डीआईजी किशोर कौशल ने स्पष्ट रूप से कहा कि रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी पदाधिकारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने चिन्हित सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, जुलूस मार्गों का पूर्व सत्यापन कर किसी भी प्रकार की बाधा को समय रहते दूर करने, कंट्रोल रूम को 24 सक्रिय रखने तथा हर छोटी-बड़ी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने, सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखते हुए भ्रामक या भड़काऊ संदेश के प्रकाशन एवं प्रसारण पर रोक लगाते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने शांति समितियों के साथ लगातार संवाद बनाकर समन्वय को मजबूत करने पर भी बल दिया।डीआईजी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च, गश्ती एवं चौकसी बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्थिति से



निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार रहे। पर्व में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक के प्रारंभ में लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि जिले में शांति समिति की बैठक की जा चुकी है। पुलिस पदाधिकारियों को फ्लैग मार्च का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आवश्यक तैयारियां की गई है। सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

CMYK

# जैविक खेती की ओर बड़ा कदम, नीम तेल अपनाएं, जहरीले कीटनाशकों से बचें : राम कृपाल यादव


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि रासायनिक कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और यह मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अनुशंसित मात्रा से अधिक कीटनाशकों का प्रयोग कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों को बढ़ावा दे सकता है। राम कृपाल यादव ने कहा कि कीटनाशी अवशेष युक्त खाद्य पदार्थ न केवल मानव जीवन के लिए हानिकारक हैं, बल्कि पर्यावरण को भी प्रदूषित कर रहे हैं। इसका असर पशु-आधारित खाद्य उत्पादों जैसे दूध, दही और मांस की गुणवत्ता पर भी पड़ रहा है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे कीटनाशकों के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए फसल चक्र अपनाएं, प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें और कीटों के प्राकृतिक शत्रुओं जैसे परभक्षी एवं परजीवी जीवों का संरक्षण करें। साथ ही एकीकृत कीट-व्याधि प्रबंधन (आईपीएम) को अपनाने, फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप और अवरोधक फसल जैसे उपायों के उपयोग पर भी जोर दिया। कृषि मंत्री ने विशेष रूप से जैविक विकल्पों को बढ़ावा देते हुए कहा कि रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर नीम तेल, फफूंदनाशी और जीवाणुनाशी जैसे जैविक कीटनाशकों का प्रयोग करें जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग केवल अंतिम विकल्प के रूप में और अनुशंसित मात्रा में ही किया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि अत्यधिक विषैले लाल, पीले या नीले लेबल वाले कीटनाशकों से बचें और हरे त्रिकोण लेबल वाले अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्पों का चयन करें। अंत में राम कृपाल यादव ने किसानों से सुरक्षित, संतुलित और टिकाऊ खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे न केवल उपज की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि समाज को स्वस्थ भविष्य भी मिलेगा।

## विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने इस वर्ष के तीनों संकायों के राज्य टॉपर्स–आदित्य प्रकाश (विज्ञान वर्ग), अदिति कुमारी (वाणिज्य वर्ग) और निशु कुमारी (कला वर्ग)–को विशेष रूप से बधाई दी। अपने संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस बार बिहार बोर्ड के 12वीं के परिणाम में बेटियों की उल्लेखनीय सफलता देश में चल रहे सशक्तिकरण प्रयासों का सकारात्मक संकेत है। उन्होंने इसे नरेंद्र मोदी की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल और नीतीश कुमार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष टॉपर्स की सूची में कुल 26 विद्यार्थियों में से 19 लड़कियों ने स्थान हासिल कर सफलता का परचम लहराया है जो समाज में बदलते सकारात्मक माहौल को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 85.19 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं जिनमें 86.23 प्रतिशत लड़कियां और 84.09 प्रतिशत लड़के शामिल हैं। इस उत्कृष्ट परिणाम को लेकर डॉ. प्रेम कुमार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास की सराहना की।

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, विकास में सहयोग के लिए जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बिहारवासियों के प्रति व्यक्त स्नेहपूर्ण भावनाओं और राज्य के विकास में रुचि लेने के लिए आभार प्रकट किया है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है। उन्होंने हाल ही में राज्य को मिली विशेष आर्थिक सहायता का उल्लेख करते हुए बताया कि सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण, मखाना बोर्ड की स्थापना, नए एयरपोर्ट के विकास तथा पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता जैसी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री ने पत्र में बिहार में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स, महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिताओं तथा एशियन हॉकी आयोजन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का लगातार बिहार आना राज्य के प्रति उनके विशेष लगाव को दर्शाता है। नीतीश कुमार ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने वहां रहने वाले बिहारवासियों को सम्मान और अपनापन दिया, उनकी मेहनत की सराहना की और उन्हें परिवार की तरह माना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद भी बिहार के प्रति उनका वही स्नेह, आदर और लगाव बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से बिहार के कर्मठ और प्रतिभाशाली लोग राज्य और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। अपने पत्र में उन्होंने बिहार के गौरवपूर्ण अतीत, स्वतंत्रता संग्राम में राज्य की भूमिका और जयप्रकाश आंदोलन में बिहार के योगदान का भी उल्लेख किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को बताया कि भारत युद्ध नहीं, शांति का पक्षधर : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर दिए गए बयान पर बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री आज सदन में आए और उन्होंने सारी जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को बता दिया कि हम इस युद्ध की समाप्ति चाहते हैं और सरकार देशवासियों के साथ खड़ी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा सकारात्मक रहते हैं और आज भी उन्होंने वही बातें की हैं। उन्होंने जहां संयम की बात कही, वहीं सतर्क रहने की जरूरत बताई। पीएम मोदी ने जानकारी दी कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में अपने ऊर्ज़ा आयात का डायवर्सिफिकेशन किया है। पहले क्रूड ऑयल, एलएनजी और एलपीजी, ऊर्जा जरूरतों के लिए 27 देशों से आयात किया जाता था। आज भारत 41 देशों से ऊर्जा आयात करता है। पीएम मोदी ने देशवासियों को भरोसा दिया है कि सरकार अलग-अलग देशों के सप्लायर के साथ भी संपर्क में है। प्रयास यह है कि जहां से संभव हो, वहां से तेल और गैस की सप्लाई होती रहे। भारत सरकार गल्फ और आसपास के शिपिंग रूट्स पर निरंतर नजर बनाए हुए है। सरकार का प्रयास है कि तेल, गैस या फर्टिलाइजर हो, या जरूरी सामान से जुड़े जहाज, भारत तक सुरक्षित पहुंचें।

## स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में 'क्रिएटिविटी ओलंपियाड' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** स्थानीय स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग के प्रांगण में आज एक अनूठे कार्यक्रम 'क्रिएटिविटी ओलंपियाड' का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर छिपी सृजनात्मक क्षमताओं को पहचानना और उन्हें उच्चतम स्तर तक विकसित करना था। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरीय पदाधिकारी, एपीसीएल के अध्यक्ष एवं क्रिएटिव लर्निंग के प्रणेता विजय प्रकाश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा 'आज के प्रतिस्पर्धी दौर में सृजनात्मकता का विकास समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।' उन्होंने जीवन में सफलता के लिए 'सात मुख्य दक्षताओं' पर विशेष बल दिया जो इस प्रकार हैः -एकाग्रता, स्मरण शक्ति, कल्पनाशक्ति, चिंतन शक्ति, अवलोकन शक्ति, भावनात्मक प्रबंधन, सम्प्रेषण शक्ति श्री प्रकाश ने कार्यक्रम के सूत्र वाक्य 'सर्वश्रेष्ठ से बेहतर' की व्याख्या करते हुए कहा कि इसका अर्थ स्वयं की पिछली उपलब्धियों और अपनी क्षमताओं को निरंतर चुनौती देकर आगे बढ़ना है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने बताया कि ओलंपियाड के दौरान 'बाउंसिंग बॉल', जनक योग और वेल्लुवर बासुकी योग जैसी गतिविधियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। उन्होंने गर्व से कहा कि स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग एक ऐसा अनूठा संस्थान है जहां प्रतिवर्ष ऐसी नवाचारी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। यहां विद्यार्थियों के सामान्य मानसिक विकास के लिए विशेष शैक्षणिक सत्र संचालित होते हैं जो उनके व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का सफल समन्वय शिक्षिका दीप्ति यादव, ज्योति और रिंकी ने किया। मंच का कुशल संचालन कक्षा नवम की छात्रा रिया और निधि द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा के छल से निराश लोगों का कांग्रेस की तरफ झुकावः राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस पार्टी ने बिहार में चल रहे नैशनल टैलेंट हंट के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। पार्टी ने अब 30 मार्च तक आवेदन का अवसर दिया है। इसके बाद प्रतियोगिता आयोजित कर नतीजों की घोषणा कर दी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी नेताओं ने ये जानकारी दी है। इससे पहले 17 फरवरी को आवेदन की आखिरी तारीख थी। 17 फरवरी तक जिन लोगों ने आवेदन किए थे उनकी प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि लगन और रमजान की वजह से कई लोग प्रतियोगिता की निर्धारित तारीख को शामिल नहीं हो पाए। ऐसे लोग लगातार एक बार और अवसर देने की मांग कर रहे हैं।

## डॉ लोहिया ने किया था नफरत के खिलाफ लोगों से एकजुट होने का आह्वान : मंगनी लाल मंडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान समाजवादी नेता एवं चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंगनी लाल मंडल ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचारों को लेकर लालू प्रसाद ने गरीबों, शोषितों को मान-सम्मान दिया और नफरत करने वाले लोगों को उनके बताये हुए विचारों के अनुसार स्पष्ट रूप से जवाब देकर समाज में एक बेहतर वातावरण का निर्माण किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया अनवरत गांव की दशा एवं वहां की प्रतिभा को सुधारने व निखारने के लिए सदैव संघर्ष करते रहे। डॉ. लोहिया ने सामाजिक न्याय की लड़ाई को सरजमीन पर उतारा। इस अवसर पर डॉ. लोहिया के तैल चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डॉ रामचंद्र पूर्वे, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, बिनु यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, शिवचंद्र राम, विनोद श्रीवास्तव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, हरेंद्र कुमार कुशवाहा, मुकुंद सिंह, निर्भय कुमार अंबेडकर, संजय यादव, भाई अरुण कुमार, प्रमोद कुमार राम, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार सहनी, कुमर राय, महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी, डॉ पीके चौधरी, डॉ लालदेव प्रसाद यादव, उपेंद्र चंद्रवंशी, गणेश कुमार यादव, विमल राय, रोहित कुमार यादव सहित अन्य नेतागण शामिल थे।

## कार्य के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक : आशीष रंजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पंजाब एण्ड सिंध बैंक, आंचलिक कार्यालय पटना द्वारा 'पीएसबी आओ खेलें 2026' कार्यक्रम का भव्य आयोजन जगजीवन स्टेडियम, दानापुर (पटना) में किया गया। इस उत्साहपूर्ण आयोजन में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना, टीम भावना को सुदृढ़ करना तथा कार्य के साथ-साथ जीवन में संतुलन बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करना था। आयोजन के दौरान क्रिकेट, दौड़ तथा अन्य खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक संचालन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक आशीष रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि कार्य के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है।

## छठ गीतों के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार द्वारा गांधी मैदान में आयोजित बिहार दिवस समारोह के तहत पटना नगर निगम के सांस्कृतिक मंच पर छठ गीतों के माध्यम से स्वच्छ बिहार, स्वच्छ पटना का संदेश दिया गया। दूसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन पटना की महापौर सीता साहू द्वारा किया गया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पटना शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए सभी अपनी-अपनी ओर से प्रयास करें। पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने लोक आस्था के महापर्व छठ की शुभकामना देते हुए पारंपरिक छठ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव झांके झुंके, कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए, पटना के घाट पर हमहूं अरगिया देवई हे छठी मैया, काठ ही आठ के केवड़िया हो दीनानाथ इत्यादि छठ गीतों को गाकर माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया। उन्होंने कहा कि महापर्व छठ आस्था और विश्वास का महापर्व तो है ही, स्वच्छता का भी महापर्व है। स्वच्छता के जिस तरह के उच्च मानक इस महापर्व के दौरान अपनाए जाते हैं, उसे हमें सालों भर अपनाना है और पूरे पटना को चकाचक बनाए रखना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने मां दुर्गा के स्तोत्र, देवी पचरा, झुलेली झूलनवां मैया, घर घर अलख जगायेंगे स्वच्छ पटना बनेगा जैसे गीतों की प्रस्तुति की। नीतू नवगीत के अलावा राकेश कुमार (लोकगायक एवं सूफी गायक), लाडली पांडेय (लोकगायिका), पंकज देव और चंद्र भूषण ने पारंपरिक लोकगीत गाए। उनके साथ वादक कलाकारों में कैसियो पर संजय मिश्रा, पैड पर प्रिंस, ढोलक पर धनंजय कुमार और बैंजो पर अशोक कुमार ने शानदार तरीके से संगत किया।

## निरंतर 42वां सीता-राम स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं सर्वत्र संस्कृतम के तत्वावधान में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत सीता-राम स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य समापन समारोह सम्पन्न हुआ। संस्कृतमय वातावरण में आयोजित यह शिविर निरन्तर 42वां संस्कृत भाषा में समापन समारोह है। इस शिविर में प्रतिभागियों को सरल और व्यवहारिक पद्धति से संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण दिया गया। अपने उद्घाटन उद्बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं लोक सेवा न्यायाधिकरण, उत्तर प्रदेश के सदस्य (प्रशासनिक) डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि रामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित होना चाहिए जिसमें सीता -राम के चरित्र की व्यापक चर्चा आदर्श स्वरूप में है जिसका आधार वाल्मीकि रामायण है। पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन उत्तर प्रदेश के धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी मुख्यातिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सीता-राम के चरित्र को समझे बिना भारत की कल्पना नहीं हो सकती है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि विश्व में शांति स्थापित करने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक है।

## जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्व जल दिवस तथा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम के अवसर पर राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना की अध्यक्षता में जल संरक्षण एवं जल संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पटना साइंस कॉलेज, पटना तथा टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विश्व जल दिवस की थीम पर विशेष रूप से चर्चा की गई तथा बताया गया कि जीवन के लिए जल कितना आवश्यक है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास कितने जरूरी हैं। विद्यार्थियों ने भी जल संरक्षण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. भावुक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, विशिष्ट अतिथि ने एक व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने विश्व स्तर पर जल की स्थिति, भूजल स्तर में गिरावट, जल संकट की बढ़ती चुनौतियों तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जल-संरक्षण एवं इसके प्रबंधन में महिलाओं के विशेष योगदान की बात की। उन्होंने छात्रों को दैनिक जीवन में जल बचाने के उपाय अपनाने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि जल की सुलभ उपलब्धता महिलाओं के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने अपनी कविता 'नारी और वारी' के माध्यम से जल-प्रबंधन एवं इसके संरक्षण में महिलाओं के विशेष योगदान एवं उनके सकारात्मक सहयोग को बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, विशेषकर छात्रों ने जल संरक्षण के प्रचार-प्रसार एवं उसके जिम्मेदार उपयोग के लिए संकल्प लिया तथा सामूहिक रूप से जल शपथ भी ली। इसके अतिरिक्त स्वच्छता कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

## मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में लीवर जांच शिविर, लोगों की हुई फाइब्रोस्कैन जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, पटना के तत्वावधान में विशेष लीवर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित बंका के सौजन्य से 75 से अधिक लोगों के लीवर की अत्याधुनिक फाइब्रोस्कैन मशीन से जांच की गई। जांच के दौरान लगभग 20 मरीजों में लीवर संबंधी बीमारियों के संकेत पाए गए जिन्हें आगे की जांच एवं समुचित उपचार हेतु चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। डॉ. अमित बंका ने बताया कि वर्तमान जीवनशैली, अनियमित खान-पान, तैलीय भोजन, मोटापा एवं मधुमेह के कारण लीवर रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और सही उपचार से इन बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने फाइब्रोस्कैन टेस्ट की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक आधुनिक, सुरक्षित एवं दर्दरहित जांच प्रक्रिया है जिसके माध्यम से लीवर की कठोरता एवं फैटी लीवर की स्थिति का सटीक आकलन किया जाता है। यह जांच कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है और मरीज को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती। इसके साथ ही आज सोसाइटी में मरीजों की खून एवं अन्य जांच के लिए सलोनी द्वारा ब्लड सैम्पल लिया गया।

## बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कॉन्क्लेव का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग द्वारा ज्ञान भवन, पटना में आयोजित तीन दिवसीय (21-23 मार्च, 2026) बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कॉन्क्लेव के समापन के अवसर पर प्रधान सचिव, कृषि विभाग नर्मदेश्वर लाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार में नर्सरी से संबंधित राष्ट्रीय स्तर का यह पहला आयोजन था। उन्होंने बागवानी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्राकृतिक पेड़ पौधे एवं पशु पक्षियों के बीच रहने से तनाव कम रहता है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इस आयोजन से राज्य में नर्सरी के समग्र विकास के साथ देश स्तर पर नर्सरी व्यवसाय को स्थापित करने, किसानों की समृद्धि एवं प्रदेश के विकास के लिए एक सुअवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि नर्सरी से जुड़े सभी हितधारकों, किसानों, शोधकर्त्ता, उद्यमी, नीति निर्माता, निर्यातक और आमजन ने हजारों की संख्या में भाग लेकर बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कॉन्क्लेव को एक स्मरणीय और सफल उत्सव बना दिया। यह आयोजन 'परम्परा से प्रगति' के अपने उद्देश्य को मूर्त्त रूप देने में सफल रहा। मुझे अपार खुशी है कि इस कॉन्क्लेव में राज्य के 50 हजार से अधिक नर्सरी से जुड़े किसान/आगन्तुक आये। दर्शकों ने विभिन्न प्रकार के पौधे एवं नर्सरी से जुड़े सामग्रियों की लगभग 45 लाख रूपये से अधिक की खरीदारी की। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक चले उद्यान की पाठशाला के तहत तकनीकी सत्र, चाणक्य हॉर्टी-पिच के माध्यम से स्टार्टअप को समर्थन, बिहार के युवाओं और महिलाओं में उद्यम की ऊर्जा का संचार हुआ। इन सत्रों में एपेडा, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के प्रतिनिधियों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर किसानों को व्यावहारिक समाधान और नर्सरी से जुड़े नवाचारों से अवगत कराया।

## अल्केम लैबोरेटरीज ने भारत में सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन किया लांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अल्केम लैबोरेटरीज लिमिटेड ने भारत में सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन लांच किया है जो 'सेमासाइज', 'ओबेसेमा' और 'हेपाग्लाइड' ब्रांड नामों में उपलब्ध है। यह दवा सप्ताह में एक बार सबक्यूटेनियस इंजेक्शन के रूप में दी जाती है। कंपनी ने सेमाग्लूटाइड का प्री-फिल्ड डिस्पोजेबल इंजेक्शन पेन 1,800 रुपये प्रति माह की शुरुआती कीमत पर लांच किया है, यानी इसकी साप्ताहिक लागत लगभग 450 रुपये पड़ती है। किफायती कीमत के जरिए कंपनी का उद्देश्य इस थेरेपी तक अधिक लोगों की पहुंच आसान बनाना है। अल्केम को भारत में किए गए इसके फेज 3 क्लिनिकल ट्रायल्स की समीक्षा के बाद ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने इसे टाइप 2 डायबिटीज और दीर्घकालिक वजन प्रबंधन के लिए, डाइट और एक्सरसाइज के साथ सहायक उपचार के रूप में बाजार में लाने की मंजूरी मिली है। यह दवा प्रिस्क्रिप्शन पर आधारित है और इसे डॉक्टर की सलाह एवं निगरानी में ही लेना चाहिए।

## डॉ. आनंद रंजन झा की काव्य रचना 'बिहार गाथा' का लोकार्पण, युवाओं को मिला प्रेरणा का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जंदाहा / वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान संस्था के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा द्वारा रचित काव्य 'बिहार गाथाः गौरवमयी अतीत और आधुनिक उड़ान' का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्रों ने काव्य के भाव और संदेश की सराहना करते हुए इसे बिहार के गौरव और भविष्य की दिशा का सशक्त चित्रण बताया। लोकार्पण के पश्चात डॉ. झा ने अपनी रचना का पाठ किया जिसकी पंक्तियां-

'जहां शून्य की खोज हुई और खिला ज्ञान का फूल, चाणक्य की नीति जहां, कभी न पाई धूल।
वो पाटलिपुत्र का वैभव, वो नालंदा का मान, विश्व पटल पर अंकित है, मेरे बिहार की पहचान।' ने बिहार के गौरवशाली इतिहास को जीवंत कर दिया। वहीं आगे की पंक्तियां–

'आज समय की मांग है कौशल, डिजिटल युग की बारी, हर युवा के हाथ में अब, तकनीकी जिम्मेदारी।
इसी संकल्प को लेकर निकले डॉ. आनंद रंजन आज कैरियर मिशन से गढ़ रहे, आधुनिक बिहार का ताज ने युवाओं को तकनीकी और कौशल विकास की ओर प्रेरित किया।

# संपादकीय

## कंपनियों और निजी अस्पतालों के गठजोड़ में फंसता आम आदमी का भरोसा

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है। यह विडंबना ही है कि जिस भरोसे की वजह से कोई व्यक्ति बीमारी का इलाज कराने किसी निजी अस्पताल में जाता है, वह उसके लिए एक नई परेशानी की वजह बन जाता है। भविष्य में इलाज का खर्च उठाने की राह आसान बनाने का भरोसा देकर बीमा कंपनियां लोगों को अपनी योजनाओं का हिस्सा बनने के लिए तो तैयार कर लेती हैं, लेकिन जब इलाज पर हुए खर्च की भरपाई करने का वक्त आता है, तो उसमें कई तरह की अड़चन पेश कर दी जाती है या कई बार मना भी कर दिया जाता है। निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच मिलीभगत के सहारे चल रही इस गड़बड़ी के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, लेकिन अब तक इस तरह के घोटालों पर रोक को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस सक्रियता नहीं देखी गई है। हाल ही में यह मसला संसद में उठाया गया, जिसमें सरकार से स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है। अक्सर ऐसे मामले देखे जाते हैं, जिसमें अस्पताल में मरीज की मौत हो जाती है और नियमों का हवाला देकर या अलग-अलग कारण बता कर बीमा कंपनी दावे को खारिज कर देती है। इलाज के दौरान अस्पताल में किसी मरीज की मौत हो जाती है, तो कई बार खर्च चुकाने में असमर्थ होने पर अस्पताल शव देने तक से इनकार कर देता है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन किस तकलीफ से गुजरते होंगे। सवाल है कि बीमा कराने के लिए लोगों को आकर्षित करने के कारोबार को इजाजत देने वाले संबंधित सरकारी महकमे इस तरह की मनमानियों के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं। इसी मसले पर एक अन्य राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि कंपनियां हर साल करोड़ों रुपए का प्रीमियम तो इकट्ठा करती हैं, लेकिन जब इलाज के बाद मरीज या उसके परिजन खर्च के भुगतान के लिए संपर्क करते हैं, तो वे अलग-अलग तकनीकी कारणों का हवाला देकर रकम का एक बड़ा हिस्सा काट लेती हैं। असल में कंपनियां जब लोगों को बीमा कराने का भरोसा दे रही होती हैं, तब नियम-शर्तों को बताने के मामले में स्पष्टता और पारदर्शिता नहीं बरती जाती।

*राष्ट्रीय दुर्भाग्य यह कि पहले मुस्लिम शासकों और फिर अंग्रेजी नौकरशाहों ने भारत को जातीय, साम्प्रदायिक, भाषाई-क्षेत्र और लिंग के लिहाज से बांटकर निरंतर कमजोर रखने की जो साजिश रची, उसे अँग्रेजों के लाभुक इशारों पर चलने वाले भारत के आजादी कालीन नेताओं ने बहुमत प्राप्ति का लोकतांत्रिक आधार बना दिया। पहले अखंड भारत को खंडित किया और फिर जाति-धर्म-भाषा की तुष्टीकरण वाले अंग्रेजी कानूनों को हूबहू स्वीकार कर लिया। इससे सामाजिक विखण्ड की प्रक्रिया तेज हुई। चौंकाने वाली बात तो यह कि कांग्रेस को कमजोर करने के लिए समाजवादियों और राष्ट्रवादियों ने भी जाति-धर्म-भाषा-क्षेत्र से जुड़े जनभावनाओं को भड़काया और बहुमत पाकर सत्ता हथियाया। लेकिन भारतीयों की नीतिगत एकजुटता की बात मील का पत्थर बनकर रह गई। मतलबी सरकारें बदलती रहीं, भारत माता की आत्मा पर अनगिनत प्रहार जारी हैं।*

# आखिर नफरत भरे भाषण पर कब सजग और सक्रिय होंगे हमारे हुक्मरान? यक्ष प्रश्न

**(कमलेश पांडे)**

राष्ट्रीय दुर्भाग्य यह कि पहले मुस्लिम शासकों और फिर अंग्रेजी नौकरशाहों ने भारत को जातीय, साम्प्रदायिक, भाषाई-क्षेत्र और लिंग के लिहाज से बांटकर निरंतर कमजोर रखने की जो साजिश रची, उसे अँग्रेजों के लाभुक इशारों पर चलने वाले भारत के आजादी कालीन नेताओं ने बहुमत प्राप्ति का लोकतांत्रिक आधार बना दिया।

नफरत भरे भाषण, किसी भी सभ्य समाज के लिए वैचारिक कैंसर और सामाजिक एड्स के जैसा जानलेवा है, लेकिन दुनियावी तर्ज पर भारतीय लोकतंत्र में भी यह एक बुनियादी राजनीतिक-सामाजिक फैशन बनता प्रतीत हो रहा है। कोढ़ में खाज यह कि बहुमत की भूखी संसद और उसके इशारे पर कुछ कुछ फैसले लेने के आदी बन चुके सुप्रीम कोर्ट ने आजादी के 8वें दशक में भी विषाक्त बयानबाजियों के खिलाफ कोई कड़ा राष्ट्रवादी स्टैंड नहीं लिया ताकि राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर अनवरत रूप से जारी साम्राज्यवादी वैचारिक हमले की धार कुंद की जा सके!

ऐसा इसलिए कि इनकी भी अपनी विवशता है! चूंकि पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले अधिकार संपन्न लोग ब्रितानी नौकरशाही और राजशाही के इशारे पर बने भारतीय संविधान को मानने को अभिशप्त हैं और अपनी व्यवहारिक और मौलिक सोच को ताखे पर रख चुके हैं, इसलिए हर जनतांत्रिक बीमारी लाइलाज हो चुकी है और भारत माता अपनी ही संतानों को निरंतर मुखाग्नि देते देते थककर बूढ़ी हो चली है।

राष्ट्रीय दुर्भाग्य यह कि पहले मुस्लिम शासकों और फिर अंग्रेजी नौकरशाहों ने भारत को जातीय, साम्प्रदायिक, भाषाई-क्षेत्र और लिंग के लिहाज से बांटकर निरंतर कमजोर रखने की जो साजिश रची, उसे अँग्रेजों के लाभुक इशारों पर चलने वाले भारत के आजादी कालीन नेताओं ने बहुमत प्राप्ति का लोकतांत्रिक आधार बना दिया। पहले अखंड भारत को खंडित किया और फिर जाति-धर्म-भाषा की तुष्टीकरण वाले अंग्रेजी कानूनों को हूबहू स्वीकार कर लिया। इससे सामाजिक विखण्ड की प्रक्रिया तेज हुई।

चौंकाने वाली बात तो यह कि कांग्रेस को कमजोर करने के लिए समाजवादियों और राष्ट्रवादियों ने भी जाति-धर्म-भाषा-क्षेत्र से जुड़े जनभावनाओं को भड़काया और बहुमत पाकर सत्ता हथियाया। लेकिन भारतीयों की नीतिगत एकजुटता की बात मील का पत्थर बनकर रह गई। मतलबी सरकारें बदलती रहीं, भारत माता की आत्मा पर अनगिनत प्रहार जारी हैं, लेकिन हमारी संसद और सुप्रीम कोर्ट प्रबुद्ध और सुसंस्कृत भारत के निर्माण की जगह यूरोपीय और अरबी कलह को भारत पर थोपने की मूर्खता प्रदर्शित कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

यह कितनी मूर्खतापूर्ण बात है कि आजाद भारत में गरीबी और अपराध को जातीय चश्मे से देखा जाता है, सवर्ण यानी सामान्य जाती विरोधी कानून बनाये जाते हैं और सुप्रीम कोर्ट भी ऐतिहासिक सामाजिक अन्याय का जिक्र करते हुए वर्तमान और भविष्य के सवर्ण विरोधी सामाजिक अन्याय किये जाने के निकृष्ट जनतांत्रिक विचारों पर मोहर लगाता है। खासकर भारतीय संविधान से जुड़े संवैधानिक अनुच्छेद (14, 15, 19, 21, एससी/एसटी एक्ट की तर्क संभाव्यता, आदि) को भी विस्तार से देखने और इनपर पुनर्विचार की जरूरत है।

अन्यथा, देर सबेर सामान्य जातियों के बीच भी संसद और सुप्रीम कोर्ट का अप्रासंगिक होना तय है। यक्ष प्रश्न है कि आखिर बहुमत की राजनीति के लिए समाज को कब तक झुलसाया जाएगा, क्योंकि जब सहिष्णुता के विचार बदलेंगे तो व्यवस्था बदलते देर नहीं लगेगी! चूंकि प्रभावित पक्षों के लिए भारतीय संविधान का पक्षपाती दृष्टिकोण एक ऐसा मटमैला पन्ना है, जो जाति, सम्प्रदाय, भाषा, क्षेत्र, लिंग आदि में वैधानिक विभेद रचता है और उसे सामान्य जातियों के खिलाफ ऐतिहासिक सामाजिक अत्याचार का प्रतिफल करार देता है।

हैरत की बात है कि संविधान जिन लोगों को कानूनी संरक्षण देता है, उनके व्यक्तिगत और सामाजिक उत्पातों पर से भी प्रशासन अपनी आंखें फेर लेता है, यह जमीनी हकीकत है, इसलिए कतिपय सवाल लाजिमी है।




बहरहाल, नफरती भाषण सम्बन्धी जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट का स्टैंड व्यावहारिक है, और संवैधानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो काफी संतुलित और सही माना जा सकता है, लेकिन यह बिना विवाद के नहीं है– विशेषकर जातिगत भावनाओं के मामले में।

सवाल है कि नफरत भरे भाषण सुप्रीम कोर्ट का रुख क्या था? तो जवाब होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण को अलग से जाति आधारित दंडनीय अपराध घोषित करने की भी याचिका पर विशेष निर्णय देने से इनकार कर दिया और याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने स्पष्ट कहा कि केवल ब्राह्मण ही क्यों, किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण स्वीकार्य नहीं है, यानी एक विशेष जाति को अलग सा हेट स्पीच खंड के तहत नहीं रखा जाना चाहिए। लिहाजा, नेताओं को भी इसी भावना से सख्त कानून बनाना चाहिए।

सवाल है कि आखिर क्यों सुप्रीम कोर्ट का यह स्टैंड तर्कसंगत है? तो जवाब होगा कि भारतीय संविधान और फिलहाल लागू कानून (जैसे दंड संहिता की धाराएँ, आईटी एक्ट, निर्वाचन कानून, आदि) में दंगे, भड़काऊ भाषण और जाति आधारित उत्पीड़न के खिलाफ पहले से ही दंड का प्रावधान है; लिहाजा, कोर्ट ने इन्हीं तंत्रों को इस्तेमाल करने पर ज़ोर दिया, बजाय एक नई जाति विशेष श्रेणी बनाने के।

मसलन, न्यायपालिका का यह तर्क रहा कि अगर हेट स्पीच को रोकना है तो वह समुदाय विशेष के लिए नहीं, बल्कि सभी समुदायों के लिए एक समान और संवैधानिक ढांचे में होना चाहिए, अन्यथा यह न्याय की बराबरी के सिद्धांत के खिलाफ जाएगा। जहां तक आपत्तियाँ और चिंताएँ की बात है तो ब्राह्मण समुदाय के कुछ तबकों का तर्क है कि आज की राजनीतिक और जन चेतना में ब्राह्मणों के खिलाफ घृणा का एक विशेष और संगठित स्तर बना है, इसलिए उसे अलग से चिह्नित कर रोकने की ज़रूरत है; जबकि कोर्ट का रुख उनके अनुभव को सामान्य मानकर छोटा करने जैसा लगता है।

इसके उलट, दूसरे तरफ से यह डर भी जताया जाता है कि अगर एक जाति को विशेष तौर पर नफरती भाषण के खिलाफ संरक्षित श्रेणी में रखा जाए, तो इसे राजनीतिक रूप से हथियार बनाया जा सकता है और अन्य पिछड़े या अल्पसंख्यक समुदायों के हेट स्पीच विरोधी बचाव को नरम करने का तर्क भी बन सकता है।

संक्षेप में यदि इस स्टैंड पर मूल्यांकन किया जाए तो सैद्धांतिक तौर पर सुप्रीम कोर्ट का स्टैंड प्राकृतिक न्याय, समानता और घुमावदार राजनीतिक जातिगत हथियारबंदी से बचाव के लिए उचित और संयमित लगता है। हालांकि, व्यावहारिक तौर पर यह यह भी दिखाता है कि नफरती भाषण को रोकना सिर्फ एक जाति की शिकायत से उठकर इस तरह के घृणा विरोधी कानूनों की दृढ़ और निष्पक्ष अमलीकरण तक जाना चाहिए, चाहे निशाना कौन सा समुदाय हो।

कहना न होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने अलग अलग समुदायों (खासकर धार्मिक और जातीय) के खिलाफ हेट स्पीच पर लगातार एक ही मूल सिद्धांत बनाए रखा है– धर्म/जाति के आधार पर घृणा फैलाने वाला भाषण अस्वीकार्य है, लेकिन इसका नियंत्रण समान रूप से लागू कानूनों से होना चाहिए, न कि हर समुदाय के लिए अलग अलग राजनीतिक कानूनी व्यवस्था बनाकर।

मुसलमान समुदाय के खिलाफ हेट स्पीच– 21 अक्टूबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार और कई राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें, जो विशेष रूप से मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरा भाषण देते हैं या भड़काऊ रैलियाँ करते हैं। इस आदेश का मुख्य तर्क था कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरती भाषण सम्प्रदायिक तनाव और हिंसा को बढ़ाता है, इसलिए पुलिस और प्रशासन को ऐसे मामलों में तुरंत स्न्ढ्ढक्रदर्ज करना और जरूरी धाराएँ लगाना चाहिए, उन्हें आम सियासी भाषण की छवि में नहीं ढकना चाहिए।



# वैचारिक क्रान्ति के बिना शान्ति की पुनर्स्थापना असम्भव

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

विश्व में चल रहे वर्तमान संघर्ष के लिए भविष्यवक्ताओं ने बहुत पहले ही सचेत कर दिया था। परिस्थितियों से लेकर परिणामों तक की विवेचनायें निरंतर सामने आती रहीं। इन भविष्यवाणियों के अनेक बिन्दु अतीत में प्रमाणित भी होते रहे परन्तु तब आधुनिकता की चमक में डूबे लोगों ने अंधविश्वास कह कर इसका मुखौल ही उडाया है। वर्तमान समय में जनसंख्या के बढते दबाव के कारण अहंकार भी चरम सीमा पर पहुंच गया है। शासक बनने की होड ने युद्ध के हालात निर्मित कर दिये हैं। भारतीय आदिग्रन्थों सहित विदेश के अनेक भविष्यवक्ताओं ने इस युद्ध और उसके विस्तार को लेकर क्रमबद्ध विस्तार की घोषणायें पहले से ही हैं। भारत की भूमिका को भी रेखांकित किया गया है। युद्ध का विस्तार केवल ईरान-अमेरिका-इजरायल, रूस-यूक्रेन, पाकिस्तान-अफगानस्तान जैसी स्थितियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि चीन-ताइवान, भारत-पाकिस्तान, भारत-बंगलादेश सहित खाडी के अनेक देश युद्ध के मुहाने पर खडे है। इन तनावों का युद्ध में परिवर्तित होने का समय की भी पूर्व घोषणायें की जा चुकीं हैं। प्राकृतिक प्रकोप, पर्यावरणीय समस्यायें, जीवन को पोषित करने वाली वस्तुओं का अकाल, खनिजों के अनुशासनहीन दोहन, वैचारिक नकारात्मकता, सत्य को सम्प्रदायों में विभक्त करके जीवन पद्धति थोपने के प्रयास, आस्था संकट की स्थितियां, आतंक के आधार पर सत्ता हथियाने की चालें जैसे अनगिनत कारक प्रकृति और जीवन को किस्तों में कत्ल करते रहे हैं परन्तु अब तो स्थितियां नियंत्रण के बाहर हो चुकी हैं। संयुक्त राष्ट संघ जैसी संस्थायें लगभग अस्तित्वहीन हो चुकीं हैं। कोरोना काल में विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनीसेफ जैसे उत्तरदायी समूहों द्वारा अपनाया गया पक्षपातपूर्ण रवैया किसी से छुपा नहीं है। भय का मनोविज्ञान ठहाके लगा रहा है। चारों ओर शक्ति के प्रदर्शन से गुलामों की संख्या बढाने की पहल रही है। अग्नेय शस्त्रों की बाढ आ गई है। मिसाइलों की बौछारों से न केवल जन-जीवन समाप्त हो रहा है बल्कि पर्यावरणीय स्थिति भी असंतुलित होकर हाहाकार कर रही है। परमाणु परीक्षणों की प्रतिस्पर्धा में नित नये आंकडे आ रहे हैं। संसार के ठेकेदार बनने वाले विस्तारवादी देशों की कुटिलता ने तूफानी गति पकड ली है। ऐसे में संसार के लगभग सभी देशों में आंतरिक कलह, गृह युद्ध और विघटन की स्थितियां निर्मित करने में कट्टरवादियों की बडी जमातें अपने विदेशी आकाओं की इच्छापूर्ति में तन, मन और धन से लगीं हुईं हैं। आतंकवादी संगठनों को पोषित करने वाले राष्ट स्वयं को धर्म विशेष का मसीहा बनाकर प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे में भारत की भूमिका पर सबकी नजरें लगी हुई हैं। सनातन का वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष महोपनिषद के अध्याय 4 के श्लोक क्रमांक 71 में वर्णित है जिसमें समूचा संसार एक परिवार की तरह बताया गया है। इसी तरह गरुड़ पुराण के अध्याय 35.51 में सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा को निरूपित किया गया है। प्रत्येक जीव मे दैवीय और आसुरी प्रवृत्तियां होती है। जब दैवीय प्रवृत्तियों यानी सकारात्मकता का बाहुल्य होता है तब वह जीव देववत हो जाता है और जब उसमें आसुरी प्रवृत्तियों यानी नकाराकत्मकता का बाहुल्य होता है तब वही असुर बन जाता है। सभी जीव जन्म से देवता ही होते हैं जिन्हें बाद में परिवार के संस्कार, शिक्षा और वातावरण के आधार पर ही असुर बना जाता है। इस तरह की प्रवृत्तियों के कारण ही आज विश्व शान्ति के लिए सनातनी विचारधारा आवश्यक ही नहीं बल्कि नितांत आवश्यक है। सभी धर्म गुरुओं ने एक ही तरह से निराकार परमात्मा को परिभाषित किया है जिसमें ज्योति पुंज की आराधना का क्रम ही आस्था की पहली सीढी माना गया है। भविष्यवक्ताओं ने इसी ओर स्पष्ट संकेत किया है कि शान्ति, सुख और समृद्धि के लिए सभी जीवों को इसी तरह की अवधारणा का आलम्बन करना पडेगा। जनसंख्या वृद्धि की असंतुलनकारी स्थितियां, जीव की शोषणकारी प्रवृत्तियां और भौतिक संपदाओं का संग्रह ही विनाश की पटकथा लिखेगी। वैचारिक प्रदूषण ही रक्तरंजित स्थितियां निर्मित करेंगी।

# ड्रैगन ने चल दी है नई चाल, अब पानी से करेगा वार, भारत आखिर कैसे देगा जवाब?

**बांग्लादेश में यह संख्या करोड़ों में है। चीन ने तिब्बत के यारलुंग सांगपो नदी पर जिस विशाल जलविद्युत परियोजना की शुरुआत की है, उसने एशिया की भू-राजनीति में हलचल नहीं बल्कि भूकंप ला दिया है। यह कोई साधारण बांध नहीं, बल्कि पानी के जरिये ताकत हासिल करने की खुली रणनीति है। और सबसे खतरनाक बात यह है कि इसकी मार सीधे भारत और बांग्लादेश जैसे निचले देशों पर पड़ने वाली है।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

यह वही नदी है जो भारत में सियांग और फिर ब्रह्मपुत्र बनती है और आगे बांग्लादेश में जमुना के रूप में बहती है। अकेले ब्रह्मपुत्र घाटी में भारत के करीब तेरह करोड़ लोगों की आजीविका इस नदी पर निर्भर है जबकि बांग्लादेश में यह संख्या करोड़ों में है। चीन ने तिब्बत के यारलुंग सांगपो नदी पर जिस विशाल जलविद्युत परियोजना की शुरुआत की है, उसने एशिया की भू-राजनीति में हलचल नहीं बल्कि भूकंप ला दिया है। यह कोई साधारण बांध नहीं, बल्कि पानी के जरिये ताकत हासिल करने की खुली रणनीति है। और सबसे खतरनाक बात यह है कि इसकी मार सीधे भारत और बांग्लादेश जैसे निचले देशों पर पड़ने वाली है। इस साल की शुरुआत में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने नववर्ष संबोधन में जब इस परियोजना का ऐलान किया तो दुनिया को साफ संदेश मिला कि चीन अब न तो पर्यावरण की चिंता करेगा और न ही पड़ोसी देशों की। करीब 167 अरब डॉलर की लागत से बन रही यह परियोजना दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत योजना बताई जा रही है जिसकी क्षमता 67 से 80 गीगावाट तक आंकी जा रही है। तुलना करें तो यह थ्री गॉर्जेस बांध से भी लगभग तीन गुना बड़ी हो सकती है। यह वही नदी है जो भारत में सियांग और फिर ब्रह्मपुत्र बनती है और आगे बांग्लादेश में जमुना के रूप में बहती है। अकेले ब्रह्मपुत्र घाटी में भारत के करीब तेरह करोड़ लोगों की आजीविका इस नदी पर निर्भर है जबकि बांग्लादेश में यह संख्या करोड़ों में है। यानी यह परियोजना सीधे करोड़ों जिंदगियों पर असर डालने वाली है।

**पानी पर कब्जा यानी भविष्य पर कब्जा** – चीन इस परियोजना को हरित ऊर्जा का नाम दे रहा है, लेकिन असल खेल कहीं ज्यादा गहरा है। नदी के ऊपरी हिस्से पर नियंत्रण का मतलब है नीचे बहने वाले पानी पर नियंत्रण। और यही वह बिंदु है जहां यह परियोजना एक रणनीतिक हथियार बन जाती है।

विशेषज्ञों का साफ कहना है कि यदि चीन चाहे तो सूखे के समय पानी रोक सकता है और तनाव के समय अचानक छोड़ सकता है। इससे बाढ़ जैसी तबाही पैदा हो सकती है। यही वजह है कि भारत के पूर्वोत्तर में इसे वाटर बम कहा जा रहा है।

देना है। यदि किसी भी कारण से बांध को नुकसान पहुंचता है तो उसका असर हजारों किलोमीटर दूर तक जा सकता है। ब्रह्मपुत्र की तेज धारा और विशाल जल प्रवाह इसे और भी खतरनाक बना देते हैं।

इसके अलावा नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव से




लोवी संस्थान की एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि तिब्बत के पठार पर चीन का बढ़ता जल नियंत्रण भारत की अर्थव्यवस्था पर गला घोंटने वाला दबाव बना सकता है। यह केवल जल संकट नहीं बल्कि खाद्य संकट और ऊर्जा संकट को भी जन्म दे सकता है।

**पर्यावरण के साथ खतरनाक खिलवाड़** – जिस इलाके में यह परियोजना बन रही है वह भूगर्भीय दृष्टि से बेहद अस्थिर है। यह क्षेत्र दुनिया की सबसे गहरी घाटियों में गिना जाता है और यहां भूकंप तथा भूस्खलन आम बात है। ऐसे में इतनी बड़ी संरचना बनाना सीधे आपदा को निमंत्रण

पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर असर पड़ेगा। अनुमान है कि ब्रह्मपुत्र हर साल लगभग सात सौ मिलियन टन गाद लेकर आती है जो असम और बांग्लादेश की जमीन को उपजाऊ बनाती है। यदि यह प्रवाह बाधित हुआ तो खेती पर सीधा असर पड़ेगा।

**तिब्बत की आवाज दबाकर बनाई जा रही परियोजना** – इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा चिंता पारदर्शिता को लेकर है। न तो पर्यावरणीय रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है और न ही स्थानीय लोगों से कोई राय ली गई है। तिब्बती समुदाय और पर्यावरण कार्यकर्ताओं की आवाज को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने इसे चीन का दोहरा रवैया बताया है। उन्होंने हाल ही में कहा कि चीन जब अपने हित में होता है तो अंतरराष्ट्रीय नियमों की बात करता है और जब नहीं होता तो उन्हें कुचल देता है।

**भारत का पलटवार भी कम आक्रामक नहीं** – चीन की इस चाल के जवाब में भारत ने भी अपनी रणनीति तेज कर दी है। भारत पूर्वोत्तर में 208 बांध बनाने की योजना पर काम कर रहा है जिसकी कुल क्षमता 75 गीगावाट से ज्यादा होगी। इसमें सबसे बड़ा प्रोजेक्ट अपर सियांग है जिसकी ऊंचाई लगभग तीन सौ मीटर और क्षमता ग्यारह गीगावाट होगी। इसका मकसद केवल बिजली बनाना नहीं बल्कि चीन के जल नियंत्रण के खतरे को संतुलित करना है। भारत की योजना है कि वर्ष 2047 तक ब्रह्मपुत्र बेसिन से छिहत्तर गीगावाट से अधिक बिजली पैदा की जाए। यानी यह साफ है कि यह अब ऊर्जा की दौड़ नहीं बल्कि रणनीतिक टकराव बन चुका है।

**पानी से डेटा तक फैलती जंग** – अब यह संघर्ष केवल नदी तक सीमित नहीं रहा। जलविद्युत परियोजनाएं अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल नेटवर्क से जुड़ चुकी हैं। चीन अपने बांधों को स्मार्ट ऊर्जा तंत्र से जोड़ रहा है जबकि भारत भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी और डेटा विश्लेषण पर काम कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि जो देश पानी को नियंत्रित करेगा वही ऊर्जा और डेटा दोनों पर नियंत्रण हासिल करेगा। यानी भविष्य की ताकत अब पानी और तकनीक के गठजोड़ में छिपी है।

**बिना नियम के खतरनाक खेल** – सबसे बड़ा खतरा यह है कि ब्रह्मपुत्र को लेकर भारत और चीन के बीच कोई औपचारिक जल समझौता नहीं है। यानी कोई बाध्यता नहीं, कोई जवाबदेही नहीं। अतीत में चीन ने साल 2000 में आई बाढ़ के दौरान जरूरी आंकड़े साझा नहीं किए थे जिससे भारी नुकसान हुआ था। इससे भरोसे की कमी और गहरी हो गई है।

# उन्मुखीकरण कार्यशाला में पहुंचे मंत्री

## पंचायत सशक्तिकरण, जल प्रबंधन एवं एवं ग्रामीणों के विकास पर विशेष जोर



### उत्कृष्ट कार्य हेतु जनप्रतिनिधि सम्मानित

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के मुखियागण हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बहुउद्देशीय परीक्षा भवन, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर सुशासन को सुदृढ़ करना, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना तथा जनप्रतिनिधियों की क्षमता संवर्धन करना था। अपने संबोधन में माननीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्राम एवं ग्रामीणों के समग्र विकास हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिन्हें धरातल पर उतारने में मुखियागण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 318 करोड़ रुपये की राशि इस प्रमंडल की ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराई गई है तथा शेष राशि 31 मार्च तक उपलब्ध करा दी जाएगी।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान केंद्र योजना के अंतर्गत 928 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां बेंच, डेस्क, पुस्तकें, कंप्यूटर एवं इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद जिला उत्कृष्ट कार्य करते हुए एक मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है, जिससे अन्य जिलों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मंत्री ने बताया कि पंचायतों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रत्येक पंचायत को 15,000 रुपये प्रतिमाह उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने गर्मी को देखते हुए सभी मुखियागण से जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया, ताकि किसी भी ग्रामीण को जल संकट का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर निदेशक, पंचायती राज विभाग के राजेश्वरी बी ने कहा कि पंचायतों का सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के बीच सुदृढ़ समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मुखियागण से आह्वान किया कि आवंटित राशि का पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख उपयोग करते हुए स्वच्छता, हेल्प डेस्क, शुद्ध पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। ताकि इससे प्रेरित होकर सभी मुख्यागण अपने-अपने ग्राम पंचायतों में बेहतर कार्य कर सके।पी०ए०आई०-2.0 के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में चयनित प्रतिनिधियों में गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका गाँव के लिए कथरीना हाँसदा (अरमो, बेरमो, बोकारो) एवं कविता सिंह (गिद्दी ए, डाड़ी, हजारीबाग), स्वस्थ गाँव के लिए उषा देवी (गिद्दी बी, डाड़ी, हजारीबाग), बाल हितैषी गाँव के लिए सुरेश कुमार महतो (लईयो उत्तरी, माण्डू, रामगढ़), जल पर्याप्त गाँव के लिए दीपिका देवी (बांधडीह उत्तरी, जरीडीह, बोकारो), स्वच्छ एवं हरित गाँव के लिए अनीता सोरेन (अंगवाली दक्षिणी, पेटरवार, बोकारो), आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा हेतु कौशर खान (जयनगर पूर्वी, जयनगर, कोडरमा), सामाजिक रूप से सुरक्षित गाँव के लिए चन्दा देवी (मीरपुर, हण्टरगंज, चतरा), सुशासन वाला गाँव के लिए श्यामदेव यादव (काको, चन्दवार, कोडरमा) तथा महिला हितैषी गाँव के लिए अमित कुमार (पीहरा पश्चिमी भाग, गाँवा, गिरीडीह) को मंत्री एवं निदेशक, पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनोवेटिव थीम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कुमारी माधुरी (खैरा, टाटीझरिया, हजारीबाग), सीमा सिंह (मेरु, हजारीबाग सदर, हजारीबाग), सीमा कुमारी (तमाय, जयनगर, कोडरमा), पुष्पा कुमारी (थाम, चंदवारा, कोडरमा), पूजा कुमारी (केदला मध्य, माण्डू, रामगढ़), रेखा देवी (बारलौग, रामगढ़ सदर, रामगढ़), काकोली मुखर्जी (अगरकुंड उत्तरी, अगरकुंड, धनबाद), पिंकी देवी (मंदरामो पूर्वी, सरैया, गिरीडीह), उर्मिला देवी (अरजूआ, पेटरवार, बोकारो) एवं शाहजहाँ खातुन (हंसाबाटू, चास, बोकारो) को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वच्छ पंचायत के लिए कुमारी अनीता यादव (गंधरिया, चतरा) तथा जल पर्याप्त पंचायत के लिए अरविन्द सिंह (धनगड्डा, टण्डवा, चतरा) को भी पुरस्कृत किया गया।जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव एवं विचार सभी के समक्ष साझा किए, ताकि अन्य मुखियागण भी अपने-अपने ग्राम पंचायतों में बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान विधायक हजारीबाग, प्रमंडल स्तरीय जिप अध्यक्ष, डीडीसी हजारीबाग संग अन्य उपस्थित रहे।

# जनगणना को ले जिला स्तरीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना एचएलओ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, संयुक्त निदेशक गृह मंत्रालय डॉ. सत्येंद्र कुमार गुप्ता एवं अपर समाहर्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, विभिन्न प्रखंडों से आए अधिकारी, पर्यवेक्षक, प्रगणक एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनगणना 2027 के प्रथम चरण की प्रक्रिया, दिशा-निर्देश एवं कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी देना था, ताकि मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य निर्धारित समय सीमा में पारदर्शिता और शुद्धता के साथ पूरा किया जा सके।उपायुक्त यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनगणना कार्य को गंभीरता से लें और समयबद्ध तरीके से संपादित करें।

उन्होंने कहा कि जनगणना किसी भी देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर भविष्य की विकास योजनाएं एवं नीतियां तय होती हैं। इसलिए कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही नहीं होनी चाहिए प्रशिक्षण सत्र में गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रशिक्षक सह संयुक्त निदेशक डॉ. सत्येंद्र कुमार गुप्ता एवं जिला समन्वयक आकाश वाजपेई द्वारा अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इसमें जनगणना की प्रक्रिया, नियुक्ति, वित्तीय व्यवस्था, कानूनी प्रावधान, प्रचार-प्रसार, 34 कॉलम एवं 33 प्रश्नों के माध्यम से डेटा संग्रहण, एचएलओ मोबाइल ऐप एवं सीएमएमएस पोर्टल के उपयोग की जानकारी दी गई।प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को मोबाइल आधारित डेटा संग्रहण, प्रपत्रों के उपयोग, सर्वेक्षण प्रक्रिया एवं रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में व्यवहारिक उदाहरणों के साथ समझाया।

साथ ही यह भी बताया गया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें टैबलेट एवं मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए तेजी और सटीकता से डेटा संकलन किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना जनगणना का पहला चरण है, जिसमें प्रत्येक घर, भवन एवं उपलब्ध सुविधाओं का विवरण दर्ज किया जाएगा। सभी प्रगणक अपने-अपने क्षेत्र में जाकर घर-घर सर्वे कर सही जानकारी एकत्र करेंगे।

कार्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि जनगणना कार्य ईमानदारी, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए, ताकि सरकार को सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें और इनका उपयोग भविष्य की योजनाओं के निर्माण में प्रभावी रूप से किया जा सके।

## जवान के घर से लाखों की चोरी

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत खपिया गांव में बीती रात चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अपराधियों ने पुराना थाना के समीप स्थित बीएसएफ जवान इंद्रजीत साव के बंद घर को निशाना बनाते हुए घर में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषणों समेत कई घरेलू सामानों की चोरी कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और असुरक्षा का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, बीएसएफ जवान इंद्रजीत साव का घर बंद था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने देर रात घर में घुसकर अलमारी व अन्य स्थानों में रखे कीमती गहनों और घरेलू सामानों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब घटना की जानकारी मिली तो परिवार और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना केरेडारी थाना पुलिस को दे दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक चोरी गए सामानों का विस्तृत आकलन नहीं हो सका था, लेकिन बताया जा रहा है कि चोर लाखों रुपये मूल्य के सामान ले उड़े हैं।

# शहादत दिवस पर झारखंड छात्र मोर्चा ने दी श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड छात्र मोर्चा (झामुमो छात्र संगठन) द्वारा सोमवार को गिरिडीह स्थित जिला कार्यालय में देश के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान उपस्थित छात्र नेताओं—अभय कुमार, विशाल झा, रौनक मिश्रा, अंकित, रोहित मंडल, कारण यादव, कुंदन सिंह, सुजीत, सूरज और राहुल—ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके विचारों को आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया इस अवसर पर अभय कुमार ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका त्याग, साहस और देशभक्ति आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक है।कार्यक्रम के अंत में झारखंड छात्र मोर्चा के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे शहीदों के आदर्शों पर चलते हुए समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा युवाओं को जागरूक करने का अभियान निरंतर जारी रखेंगे।

# आयुष सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

## दिए गये कई दिशा निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने सोमवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयुष विभाग से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का उद्देश्य जिले में समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाना था बैठक के दौरान विभागीय योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने आयुष केंद्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, उपचार की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई की स्थिति की गहन समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से ओपीडी संचालित की जाए और मरीजों को समय पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देने को कहा, ताकि अधिक से अधिक लोग पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का लाभ उठा सकें उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर लाभुकों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग की सेवाएं सीधे जनहित से जुड़ी हैं, इसलिए सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ करें।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने भी प्रगति कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुष पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भाकपा माले प्रखंड कमिटी और इंकलाबी नौजवान सभा के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 95वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बेंगाबाद प्रखंड के सिकदारडीह गांव में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में गाण्डेय विधानसभा प्रभारी का शंकर पाण्डेय ने कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों ने इंकलाब जिंदाबाद और साम्राज्यवाद मुदार्बाद के नारों के साथ हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज मजदूरों और किसानों पर लगातार नए-नए कानून थोपे जा रहे हैं। रोजगार गारंटी कानून को कमजोर करने और श्रम कानूनों में बदलाव के जरिए मजदूरों के अधिकारों को प्रभावित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहीदे आजम के विचारों और आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखना होगा सभा को संबोधित करते हुए माले प्रखंड सचिव कामरेड रामलाल मुर्मू और इंकलाबी नौजवान सभा के कामरेड सुखदेव प्रसाद यादव ने कहा कि देश में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के संसाधनों को कंपनियों को सस्ते दामों पर बेचा जा रहा है, जिससे पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। अंत में अमर शहीदों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर तथा उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

# शराब की बड़ी खेप जब्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब की खेप बरामद की है। यह कार्रवाई जीटी रोड स्थित बिलौतीया मोड़ के पास की गई, जहां संदिग्ध रूप से गुजर रहे एक टाटा ट्रक को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस को ट्रक के ड्राइवर केबिन से भारी मात्रा में शराब मिली। पुलिस ने ट्रक से 33 पेटी ऑफिसर चॉइस टेट्रा पैक तथा खुले रूप में रखे गए करीब 1000 पीस ऑफिसर चॉइस टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब को जब्त किया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर बरही थाना लाया है और मामले में चालक से पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगातार नजर रखी जा रही है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उक्त जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने दी ।

## 23 अप्रैल को भारत बंद का आह्वान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। संगठन की ओर से जारी पर्चे में बताया गया है कि आंदोलन के तहत देशभर के 725 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जानकारी के अनुसार, आंदोलन का पहला चरण 6 मार्च 2026 से शुरू हुआ, जबकि दूसरा चरण 13 मार्च 2026 को जिलों में धरना प्रदर्शन के रूप में आयोजित किया गया। तीसरे चरण में 23 मार्च 2026 को रैली-प्रदर्शन किए गए। वहीं, चौथे चरण में 23 अप्रैल 2026 को ह्यभारत बंदह्न का आह्वान किया गया है।पर्चे में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के नेतृत्व में इस आंदोलन को चलाने की बात कही गई है। संगठन की प्रमुख मांगों में ओबीसी की जातिगत जनगणना कराना, आरक्षण संबंधी नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना, यूजीसी रेगुलेशन में बदलाव तथा शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा आरोप लगाया गया है कि केंद्र द्वारा ओबीसी वर्ग के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है।

# उपायुक्त ने किया फ्लैग मार्च

## सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी(हजारीबाग)।** रामनवमी पर्व को लेकर जिले के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सोमवार को केरेडारी प्रखंड के बेलतू गांव का दौरा कर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सद्भाव और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना था।

इस दौरान उपायुक्त ने क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया और स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। उन्होंने दोनों समुदायों से रामनवमी पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग या अशांति फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं तथा पूरे पर्व के दौरान पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे।

फ्लैग मार्च के दौरान एडिशनल कलेक्टर संतोष कुमार, एसडीओ आदित्य पांडेय, डीआरडीए डायरेक्टर मां देव प्रिया, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी बैजनाथ कामती, सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल, एसडीपीओ पवन कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, पगार ओपी प्रभारी दिनेश कुमार मंडल समेत कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# शहीद दिवस पर क्रांतिकारी विचारों को अपनाने का आह्वान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहीद दिवस के अवसर पर 23 मार्च को शहर के भगत सिंह चौक पर भाकपा माले एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के बैनर तले श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महान क्रांतिकारी भगत सिंह को माल्यार्पण कर उनके विचारों को याद किया गया और उपस्थित लोगों के बीच पढ़कर सुनाया गया।

कार्यक्रम की अगुवाई माले के जिला कमिटी सदस्य राजेश सिन्हा एवं कन्हाई पांडेय ने की। वहीं असंगठित मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष किशोर राय और माले के प्रखंड सचिव मसूदन कोल समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरूआत चौक की साफ-सफाई के साथ हुई, इसके बाद सभी प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से माल्यार्पण किया और क्रांतिकारी नारों के साथ वातावरण को गुंजायमान किया। वक्ताओं ने बताया कि 23 मार्च 1931 को अंग्रेजी हुकूमत ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी देकर स्वतंत्रता संग्राम की आवाज दबाने की कोशिश की थी, लेकिन उनके विचार आज भी देशवासियों के दिलों में जीवित हैं।

इस मौके पर राजेश सिन्हा ने कहा कि देश में आज भी काले अंग्रेजों की परंपरा हावी है और ऐसे हालात में भगत सिंह के विचार ही देश को सही दिशा दे सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे क्रांतिकारी विचारधारा को आत्मसात करें और समाज में बदलाव के लिए आगे आएं वहीं कन्हाई पांडेय ने कहा कि भाकपा माले और असंगठित मजदूर मोर्चा के कार्यकर्ता लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ भगत सिंह के मार्ग पर चलकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं और लोगों को संगठित कर रहे हैं राजेश सिन्हा ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि भगत सिंह चौक का अतिक्रमण हटाकर इसे सम्मानजनक रूप से विकसित किया जाए। उन्होंने चौक के पास नियमित सफाई, बैठने की व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरा लगाने की भी मांग की कार्यक्रम में दामोदर गोप, जय शंकर पांडेय, दीपक कुमार गोस्वामी, मो. अफताब, देव शंकर मिश्रा, संतोष तुरी, लखन कोल्ह, धनेश्वर कोल्ह, डिलचंद कोल्ह, भीम कोल्ह, सनातन साहू, सकलदेव कोल्ह, किसुन कोल्ह एवं अधिवक्ता धरनीधर सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की तकनीकी विभागों की योजनाओं की समीक्षा



## कर्मियों को दिये आवश्यक निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त समीरा एस ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ बैठक कर विभागवार संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया।बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन निर्माण, जल पथ प्रमंडल तथा विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने वाटरवेज प्रमंडल द्वारा संचालित दोनों पाइपलाइन योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। चेक डैम निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने स्पष्ट कहा कि जो योजनाएं एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं और जिन पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है,उन्हें बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। वहीं विभिन्न स्थानों पर निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों के कार्य में तेजी लाने का निर्देश जिला अभियंता को दिया गया।

आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की समीक्षा में कई संवेदकों द्वारा कार्य शुरू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने संबंधित संवेदकों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ बैठक में शामिल होने तथा पूर्ण हो चुकी योजनाओं को संबंधित विभागों को हस्तांतरित करने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए कि प्रत्येक समीक्षा बैठक में प्रगति स्पष्ट रूप से दिखाई दे।बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

# जिले के छह प्रतिभागी बने राज्यस्तरीय योगासन स्पोर्ट्स के जज




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रामगढ़-पतरातु स्थित मीडवे रिसोर्ट में 20 से 22 मार्च तक आयोजित 7वीं झारखंड स्टेट लेवल योगासन जज सेमिनार में गिरिडीह के छह प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्यस्तरीय योगासन स्पोर्ट के जज बनने का गौरव हासिल किया। सभी प्रतिभागियों ने अच्छे ग्रेड के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की जिला योगासन स्पोर्ट संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस सेमिनार का आयोजन झारखंड योगासन स्पोर्ट संघ द्वारा किया गया था, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 81 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

गिरिडीह से भी छह प्रतिभागी 20 मार्च को इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए पतरातु पहुंचे थे प्रतिभागियों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा शिवानी कुमारी ए+ सोनम कुमारी ए+ स्मृति कुमारी बी+पूजा कुमारी बी+ चंदन कुमार बी+ हर्ष सिंह बी+ सेमिनार में शिवानी कुमारी ने ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त कर गिरिडीह का नाम रोशन किया।

जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने कहा कि गिरिडीह में योगासन खेल का माहौल तेजी से विकसित हो रहा है। यहां के खिलाड़ी लगातार पदक जीत रहे हैं और अब जज के रूप में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। इससे भविष्य में स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन में सहूलियत होगी और खिलाड़ियों को योगासन की बारीकियों को समझने का बेहतर अवसर मिलेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि गिरिडीह के एकमात्र राष्ट्रीय जज और जिला संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार को इस सेमिनार में रिसोर्स पर्सन के रूप में नियुक्त किया गया, जो जिले के लिए गर्व की बात है इस उपलब्धि पर जिला योगासन स्पोर्ट संघ के संतोष शर्मा, राजेश जलान, दयानंद जायसवाल, सोनी कुमारी, पुष्पा शक्ति, आकाश स्वर्णकार, शशिकांत विश्वकर्मा, रोहित राय, रोहित श्रीवास्तव, नितेश नंदन, मुक्ता कुमारी और नवीनकांत सिंह सहित सभी सदस्यों ने नव-नियुक्त जजों एवं अमित स्वर्णकार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## फॉरवर्ड ब्लॉक ने मनाया शहीद दिवस


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबाद ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के बेंगाबाद स्थित पार्टी कार्यालय में शहीद दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि दी गई एवं इंकलाब जिंदाबाद के नारे के साथ उनके सपनों की समाजवादी व्यवस्था के लिए संघर्ष का संकल्प लिया गया।यहां अपने संबोधन में पूर्व जिप सदस्य एवं पार्टी के जिला संयोजक राजेश यादव ने कहा कि, भगत सिंह एवं उनके साथियों ने देश के लिए जो कुर्बानी दी है, उसे हम भुला नहीं सकते।

उन्होंने शोषण के विरुद्ध देश में समाजवादी व्यवस्था का सपना देखा था कहा कि, भगत सिंह ने इंकलाब जिंदाबाद और साम्राज्यवाद मुदार्बाद का जो नारा दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। आर्थिक लूट के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साम्राज्यवादी देशों का तांडव चल रहा है। साम्राज्यवादियों के नापाक मंसूबों के खिलाफ एकजुटता दिखाने की जरूरत है। कहा कि, आज के दिन हमें जनता के संपूर्ण हक-अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाने का भी संकल्प लेना चाहिए तभी शहीदों का सपना पूरा होगा आज के कार्यक्रम में शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, शंभू ठाकुर, मनोज यादव, फोदार सिंह, शंभू तुरी, महेंद्र साव, चोवा रजक, किशोरी मंडल, सुखदेव गोस्वामी, बालेश्वर तुरी, छोटेलाल यादव, विनोद वर्मा, बलदेव साव इत्यादि मौजूद थे।

# युद्ध का पेट्रोनेट एलएनजी के शेयरों पर पड़ा है बुरा असर

## दो दशक में यह सबसे खराब महीना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोमवार को शेयर बीएसई में 248.70 रुपये के स्तर पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयर 235.50 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गए। यह कंपनी का 52 वीक लो लेवल है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों की कीमतों में 5 प्रतिशत की गिरावट आई है। सोमवार को दिन पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के शेयरों के लिए अच्छा नहीं रहा है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में 8 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। इस कंपनी के लिए ईरान-अमेरिका युद्ध कहर बनकर उभरा है। युद्ध की वजह से लगातार तीसरे कारोबारी दिन को शेयरों की कीमतों में गिरावट आई है। बता दें, सीएनबीसी टीवी81 की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के शेयरों के लिए पिछले दो दशक में यह सबसे बुरा महीना साबित हुआ है। आज सोमवार को शेयर बीएसई में 248.70 रुपये के स्तर पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयर 235.50 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गए। यह कंपनी का 52 वीक लो लेवल है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों की कीमतों में 5 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, गुरुवार को कंपनी के शेयरों में 7 प्रतिशत लुढ़क चुका है। पिछले दिनों कतर पर ईरान ने हमाला कर दिया था। जिसके बाद ईरान ने इसे अप्रत्याशित घटना करार दिया था। इस अटैक की वजह से 17 प्रतिशत एक्सपोर्ट में गिरावट आई है। जिसका असर पर भी पड़ा है।

● बता दें, कतर ने दी जानकारी में बताया है कि डैमेज हुए इंफ्रास्ट्रक्चर के रिपेयर होने में 3 से 5 साल लगेगा। जिससे लॉन्ग टर्म के कॉन्ट्रैक्ट्स को धक्का लगा है। हालांकि, कतर ने जिन प्रभावित होने वाले देशों का नाम लिया है उसमें भारत शामिल नहीं है। ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने पेट्रोनेट एलएनजी के टारगेट प्राइस को 379 रुपये से घटाकर 340 रुपये प्रति शेयर कर दिया है। हालांकि, ब्रोकरेज हाउस की तरफ बाय रेटिंग को बरकरार रखा गया है। नोमुरा ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वेस्ट एशिया में मौजूदा क्राइसिस का असर पड़ेगा। शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल में 21 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, दो साल में कंपनी के शेयरों का भाव 8.89 प्रतिशत गिरा है।

## 13000 से ज्यादा गिर गए चांदी के दाम

# 7000 से ज्यादा सस्ता हो गया सोना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध के बीच सोने की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सुरक्षित निवेश माने जाने वाला सोना इस बार निवेशकों को राहत देने के बजाय दबाव में आ गया है और यह इस साल की अपनी लगभग पूरी बढ़त गंवाने की कगार पर पहुंच गया है। ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक हालिया कारोबार में सोने की कीमत करीब 3.8 प्रतिशत टूटकर 4,320 डॉलर प्रति औंस तक आ गई, जो पिछले साल के स्तर के आसपास पहुंच चुकी है। लगातार आठ सत्रों से जारी गिरावट ने बाजार को चौंका दिया है और यह 1983 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट मानी जा रही है। घरेलू मोर्चे पर, वैश्विक बाजारों में कमजोरी को देखते हुए एमसीएक्स पर चांदी की कीमतें 6 प्रतिशत या 13,606 रुपये की गिरावट के साथ 2,13,166 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई, जबकि एमसीएक्स पर सोना भी लगभग 5 प्रतिशत या 7,115 रुपये फिसलकर 1,37,377 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सिंगापुर बाजार में स्पॉट गोल्ड 3.3 प्रतिशत गिरकर 4,343 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी भी 3.4 प्रतिशत टूटकर 65.61 डॉलर पर आ गई। प्लैटिनम और पैलेडियम में भी गिरावट दर्ज की गई, जिससे साफ है कि पूरे कीमती धातु बाजार पर दबाव बना हुआ है। सोने में इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह बढ़ती महंगाई और ब्याज दरों को लेकर बदलती उम्मीदें हैं। फेडरल रिजर्व समेत कई केंद्रीय बैंकों ने संकेत दिया है कि फिलहाल ब्याज दरों में कटौती जल्द संभव नहीं है। मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं, जिससे महंगाई का खतरा और गहरा गया है। ऐसे माहौल में ब्याज दरें ऊंची रहने की संभावना बढ़ जाती है, जो सोने के लिए नकारात्मक है क्योंकि यह कोई ब्याज नहीं देता। बाजार में गिरावट का एक बड़ा कारण यानी मजबूरी में की गई बिकवाली भी है। जब शेयर बाजार और अन्य एसेट क्लास में नुकसान होता है, तो निवेशक अपने घाटे की भरपाई के लिए सोना बेचते हैं।



### तकनीकी संकेत: क्या अब आएगा उछाल

विशेषज्ञों का मानना है कि गिरावट के बाद अब सोना 'ओवरसोल्ड' जोन में पहुंच गया है।14-दिवसीय आरएसआइ इंडिकेटर 30 से नीचे आ चुका है, जिसे आमतौर पर बाजार में ज्यादा बिकवाली का संकेत माना जाता है। ऐसे में शॉर्ट टर्म में कीमतों में उछाल की संभावना बन सकती है, हालांकि यह पूरी तरह भू-राजनीतिक हालात पर निर्भर करेगा।

### आगे क्या करें निवेशक

विश्लेषकों के मुताबिक, अभी बाजार में अनिश्चितता बहुत ज्यादा है। अगर युद्ध और तेल की कीमतों में तेजी जारी रहती है, तो सोने में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। वहीं, गिरावट के बाद लंबी अवधि के निवेशकों के लिए यह धीरे-धीरे खरीदारी का मौका भी बन सकता है। 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद यही ट्रेंड देखने को मिला है, जिससे सोने पर लगातार दबाव बना हुआ है। ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने बाजार की चिंता और बढ़ा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए होर्मुज खोलने के लिए अल्टीमेटम दिया है, वहीं ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। इस टकराव से वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ गई है, जिसका असर सोने की कीमतों पर भी साफ दिख रहा है।

# वेदांता ने तय किया डिविडेंड का रिकॉर्ड डेट, फिर भी 4 प्रतिशत लुढ़का शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को तेज गिरावट देखने को मिली। एनएसई पर कंपनी का स्टॉक करीब 4 प्रतिशत से अधिक तक टूटकर 637.05 रुपये के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। यह गिरावट उस समय आई जब कंपनी की बोर्ड बैठक में तीसरे अंतरिम डिविडेंड पर फैसला होना था। कंपनी ने इस प्रस्तावित डिविडेंड के लिए 27 मार्च को रिकॉर्ड डेट तय की है, जिसके चलते निवेशकों में उत्सुकता के साथ-साथ सतर्कता भी बढ़ गई है। वेदांता अपने हाई डिविडेंड के लिए जानी जाती है और चालू वित्त वर्ष में भी कंपनी ने शेयरधारकों को अच्छा रिटर्न दिया है। एफवाय26 में अब तक कंपनी कुल 23 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड दे चुकी है। इसमें जून 2025 में घोषित 7 रुपये प्रति शेयर का पहला अंतरिम लाभांश शामिल था, जबकि अगस्त में कंपनी ने 16 रुपये प्रति शेयर का दूसरा अंतरिम डिविडेंड दिया था। इन दोनों भुगतान के जरिए कंपनी हजारों करोड़ रुपये निवेशकों को लौटा चुकी है, जिससे यह डिविडेंड निवेशकों के बीच पसंदीदा स्टॉक बना हुआ है। डिविडेंड की घोषणा से पहले अक्सर निवेशक सतर्क हो जाते हैं और मुनाफावसूली देखने को मिलती है। इसके अलावा, बाजार में चल रही अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और वैश्विक तनाव जैसे कारकों ने भी मेटल सेक्टर के शेयरों पर दबाव बनाया है। वेदांता इस समय अपने कारोबार को पांच अलग-अलग कंपनियों में डिमर्जर की प्रक्रिया से गुजर रही है। कंपनी में प्रमोटर वेदांता रिसोर्सेज की हिस्सेदारी 56.38 प्रतिशत बनी हुई है। यह डिमर्जर भविष्य में वैल्यू अनलॉक करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

### निवेशकों के लिए क्या है रणनीति

विशेषज्ञों का मानना है कि वेदांता का फंडामेंटल मजबूत बना हुआ है, लेकिन डिविडेंड से पहले वोलैटिलिटी, डिमर्जर अनिश्चितता, और कानूनी मामलों के चलते शॉर्ट टर्म में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। लंबी अवधि के निवेशकों के लिए यह स्टॉक अभी भी आकर्षक माना जा रहा है, खासकर डिविडेंड और मेटल साइकल को देखते हुए।

### रिजल्ट: मुनाफा और मार्जिन में जोरदार उछाल

वेदांता के तीसरी तिमाही के नतीजे भी मजबूत रहे हैं। कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 61 प्रतिशत बढ़कर 5,710 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि रेवेन्यू 19 प्रतिशत बढ़कर 45,899 करोड़ रुपये हो गया।

### शेयर का प्रदर्शन: लंबी अवधि में दमदार रिटर्न

हालांकि ,हालिया गिरावट ने निवेशकों को चिंतित किया है, लेकिन लंबे समय में यह स्टॉक शानदार प्रदर्शन करता रहा है। यह स्टॉक 6 महीने में करीब 46 प्रतिशत रिटर्न दे चुका है और 2026 में अब तक 11 प्रतिशत की बढ़त हासिल की है। पिछले 1 साल में इसने 45 प्रतिशत रिटर्न दिया है। जबकि, 5 साल में लगभग 200 प्रतिशत मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। कंपनी का यह प्रदर्शन बताता है कि कंपनी ने लंबी अवधि के निवेशकों को मजबूत रिटर्न दिया है।

## 30 दिन में 56 प्रतिशत उछाल

# 112 डॉलर के पार हुआ ब्रेंट क्रूड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल एनर्जी मार्केट में भारी उथल-पुथल के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतें 112 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। अमेरिका-ईरान-इजरायल युद्ध शुरू होने के बाद से तेल में 50 प्रतिशत से ज्यादा तेजी आ चुकी है, जिसने दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को चिंता में डाल दिया है। महज 30 दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 56 प्रतिशत का उछाल आया है। युद्ध से पहले जहां कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, वहीं अब यह 112 डॉलर के स्तर को पार कर चुकी हैं। यह तेजी साफ संकेत देती है कि वैश्विक सप्लाई पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस तेजी की सबसे बड़ी वजह पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव है। खासतौर पर हुर्मुज स्ट्रेट के आसपास हालात बिगड़ने से दुनिया की तेल सप्लाई पर खतरा मंडरा रहा है।

यह स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इसके बाधित होने का असर सीधे कीमतों पर पड़ा है। संकट सिर्फ तेल तक सीमित नहीं है, बल्कि एलएनजी (स्हल) बाजार भी इसकी चपेट में आ गया है। कतर में ऊर्जा ढांचे पर हमलों के कारण उसकी निर्यात क्षमता का करीब 17 प्रतिशत प्रभावित हुआ है। भारत के लिए यह स्थिति और गंभीर है, क्योंकि देश अपनी गैस जरूरतों का लगभग 47 प्रतिशत कतर से आयात करता है।

इसके अलावा प्लास्टिक, सिंथेटिक कपड़े, दवाइयां, पैकेजिंग मटेरियल और सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाला बिटुमेन भी इसी से बनता है। घरेलू उपयोग में केरोसिन और मशीनों के लिए लुब्रिकेंट्स भी पेट्रोलियम उत्पाद ही हैं। यहां तक कि कृषि में इस्तेमाल होने वाले उर्वरक और कीटनाशक भी इसी से तैयार होते हैं। यानी सुबह से रात तक हमारी जिंदगी का बड़ा हिस्सा किसी न किसी रूप में कच्चे तेल पर निर्भर है।

### भारत के आयात में गिरावट, सप्लाई कमजोर

एएनआई की रिपोर्ट्स के मुताबिक, मार्च की शुरुआत में भारत के कच्चे तेल के आयात में तेज गिरावट आई है। जहां फरवरी में साप्ताहिक आयात 25 मिलियन बैरल था, वहीं 6 मार्च को समाप्त सप्ताह में यह गिरकर सिर्फ 1.9 मिलियन बैरल रह गया। सऊदी अरब, इराक और यूएई जैसे प्रमुख सप्लायर्स से सप्लाई में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। सप्लाई में रुकावट और कीमतों में तेजी का सबसे बड़ा असर उन देशों पर पड़ता है, जो आयात पर निर्भर हैं। भारत भी इनमें शामिल है। तेल महंगा होने से परिवहन, बिजली और उत्पादन लागत बढ़ती है, जिससे महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है और आम लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ता है। कच्चा तेल सिर्फ पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आधुनिक जीवन की रीढ़ है। रिफाइनिंग के बाद इससे पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल जैसे ईंधन बनते हैं, जो परिवहन और ऊर्जा के लिए जरूरी हैं।

# सिलेंडर में केवल 10 किलो गैस दे सकती हैं कंपनियां, एलपीजी किल्लत के बीच कंपनियों का मास्टर प्लान

## ● तेल कंपनियां एक मास्टर प्लान पर विचार कर रही हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान वॉर के चलते घरेलू मार्केट में एलपीजी की किल्लत देखने को मिल रही है। एलपीजी के संकट से निपटने के लिए सरकारी तेल कंपनियां एक मास्टर प्लान पर विचार कर रही हैं। सरकारी कंपनियां घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर में केवल 10 किलोग्राम की सप्लाई करने पर विचार कर रही हैं। इंडस्ट्री एग्जिक्यूटिव्स के मुताबिक, ईरान वॉर के बीच घरेलू इनवेंटरी में कमी और इंपोर्ट में गिरावट आई है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। एक एग्जिक्यूटिव ने बताया कि इस कदम का मकसद यथासंभव ज्यादा से ज्यादा घरों में गैस की सप्लाई बनाए रखते हुए को संरक्षित रखना है। कंपनियों के अनुमान के मुताबिक, 14.2 किलोग्राम वाला एक स्टैंडर्ड सिलेंडर औसतन घरों में 35-40 दिन तक चलता है। यह एक घर में आसानी से करीब एक महीने चल सकता है। इससे उपलब्ध वॉल्यूम संकट के दौरान ज्यादा व्यापक रूप से साझा किया जा सकता है। एग्जिक्यूटिव्स ने बताया कि सरकारी तेल कंपनियां अगर इस प्लान को अमल में लाती हैं तो सिलेंडर्स में नया स्टीकर लगा होगा, जिसमें सिलेंडर में भरी कम गैस के साथ उसी अनुपात में कीमत कटौती का जिक्र होगा। बॉटलिंग प्लांट्स को नाप-तौल से जुड़े अपने सिस्टम को रिकैलिब्रेट करना होगा। साथ ही, कुछ रेगुलेटरी मंजूरियों की भी जरूरत होगी। सरकारी तेल कंपनियों को फिक्र है कि एलपीजी की मात्रा में अचानक कटौती से कंफ्यूजन, विरोध और राजनीतिक प्रतिक्रिया हो सकता है।



# शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच डीसीएक्स सिस्टम्स के स्टॉक को खरीदने की होड़

## 12 प्रतिशत चढ़ा भाव, क्या है उछाल की वजह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में मचे हाहाकार के बीच डीसीएक्स सिस्टम्स लिमिटेड के शेयरों को खरीदने की होड़ सी निवेशकों में मची है। जिसकी वजह से दिन में स्टॉक का भाव 12 प्रतिशत चढ़ गया है। शेयरों में इस उछाल के पीछे की वजह 563 करोड़ रुपये का काम है। शेयर आज बढ़त के साथ 176.10 रुपये पर खुला था। दिन में कंपनी का शेयर 11.97 प्रतिशत की तेजी के बाद 182.85 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। कंपनी ने दी जानकारी में बताया है कि उन्होंने घरेलू ग्राहकों से 563.45 करोड़ रुपये का काम मिला है। कंपनी को मैरिटाइम पेट्रोल रडार सिस्टम का वर्क ऑर्डर मिला है। 18 मार्च को कंपनी को 12.81 करोड़ रुपये का काम मिला था।



इस वर्क ऑर्डर के अनुसार कंपनी को केबल की सप्लाई और हैरनेस एसेंबली का काम है। यह घरेलू और इंटरनेशनल क्लाइंट्स से मिला है। सरकारी कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की तरफ से इसी महीने की शुरुआत में 68.05 करोड़ रुपये का काम मिला था। बता दें, कंपनी ने बताया है कि मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। रेवन्यू अक्टूबर से दिसंबर के दौरान 307.05 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 6.46 प्रतिशत नीचे आया है। कंपनी के नेट प्रॉफिट में भी सालाना आधार पर 25.19 प्रतिशत की गिरावट आई है। तीसरी तिमाही में यह 10.01 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में का नेट प्रॉफिट 13.38 करोड़ रुपये रहा था। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 32 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 25 प्रतिसत गिरा है।

# अनपढ़ कहकर रिश्तेदार उड़ाते थे मखौल

## 16अब कहते हैं रानी, लाखों की कमाई

नई दिल्ली, एजेंसी। पोन्नारासी तमिलनाडु के डिंडीगुल की रहने वाली हैं। उन्होंने सहजन (मोरिंगा) की खेती से अपनी और अपने परिवार की किस्मत बदल दी है। उन्हें 'मोरिंगा क्वीन' के नाम से भी जाना जाता है। वह सहजन का इस्तेमाल करके 36 अलग-अलग तरह के उत्पाद बनाती और बेचती हैं। इनमें हेल्थ फूड और पर्सनल केयर की चीजें शामिल हैं। अपने उत्पादों की बिक्री वह मुरुंगई अरसी ब्रांड के तहत करती हैं। इस बिजनेस से पोन्नारासी की सालाना कमाई लगभग 12 लाख रुपये है। उनके ग्राहक भारत के साथ विदेश में भी हैं। बिना किसी बिचौलिए के वह सीधे फेसबुक और वॉट्सऐप के जरिए ग्राहकों को अपने उत्पाद बेचती हैं। इस सफलता ने उन रिश्तेदारों के मुंह पर ताला जड़ दिया है जो कभी उनका अनपढ़ कहकर मखौल उड़ाते थे। उन्होंने 10वीं करने से पहले पढ़ाई छोड़ दी थी।



### वैल्यू एडिशन ने किया कमाल

वह आइडिया शुरू में साधारण सा लगा था। लेकिन, जल्द ही पोन्नारासी की जिंदगी का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। अपने खेती के व्यवसाय को अगले स्तर पर ले जाने के लिए उन्होंने तेल निकालने की प्रक्रिया में ट्रेनिंग ली। वैल्यू एडिशन की बारीकियों को सीखना शुरू कर दिया।

### ऐसे आया आइडिया

सहजन की खेती और प्रोसेसिंग का आइडिया पोन्नारासी के लिए अचानक आसमान से नहीं टपका था। वह एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ी थीं, जिसकी जड़ें कृषि में गहरी थीं। वह खेतों और खेती से जुड़ी कड़ी मेहनत से काफी अच्छी तरह परिचित थीं। हालांकि, यह सफर पूरी तरह से आसान नहीं था। अपने परिवार की 10 एकड़ जमीन पर सहजन की खेती शुरू करने के बाद उन्होंने शुरू में इसके पत्ते, बीज और जड़ें बेचने पर फोकस किया। दुर्भाग्य से बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा थी।

### ये हैं पोन्नारासी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं

पोन्नारासी तमिलनाडु के डिंडीगुल की रहने वाली महिला किसान हैं। उन्होंने सहजन (मोरिंगा) की खेती की ताकत को पहचानकर अपनी और अपने परिवार की किस्मत बदल दी। जो काम एक छोटे से खेती के प्रयास के रूप में शुरू हुआ था, वह अब सफल व्यवसाय बन चुका है। इससे सालाना 12 लाख रुपये से अधिक की कमाई होती है। पोन्नारासी के उत्पाद दुनिया भर में निर्यात किए जाते हैं। 10वीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ने वाली एक छात्रा से लेकर 'मोरिंग क्वीन' के रूप में सम्मानित होने तक पोन्नारासी की कहानी प्रेरणा देने वाली है। यह सब एक साधारण से विचार और थोड़ी सी दृढ़ता के साथ शुरू हुआ। नजरिया अपनाकर पोन्नारासी आज न केवल एक सफल उद्यमी हैं, बल्कि कई उभरते किसानों और उद्यमियों के लिए मार्गदर्शक भी हैं।

# महापौर संजीव सिंह ने संभाला कार्यभार

## जनसरोकार के कार्यों को देंगे प्राथमिकता




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम में नव निर्वाचित महापौर संजीव सिंह ने अपनी धर्मपत्नी एवं झरिया विधायक रागिनी सिंह के साथ सोमवार को नगर निगम कार्यालय पहुँचकर औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। इस दौरान नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत-अभिनंदन किया और नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद महापौर संजीव सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि उनका मुख्य लक्ष्य धनबाद को एक साफ-सुथरा, व्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाना है, जहाँ नागरिकों को सभी बुनियादी सुविधाएँ समय पर उपलब्ध हों।

महापौर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता तीन मुख्य बिंदुओं पर केंद्रित रहेगी– नियमित जलापूर्ति, सफाई एवं कचरा प्रबंधन की स्थायी व्यवस्था, तथा सड़क-ड्रेनेज और नगर सेवाओं का डिजिटल एवं पारदर्शी संचालन। उन्होंने कहा कि नगर निगम की योजनाएँ केवल कागजों तक सीमित न रहकर जमीन पर दिखाई दें, यही उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी।

नगर निगम की वर्षों पुरानी डंपिंग यार्ड समस्या पर उन्होंने कहा कि यह शहर की सबसे बड़ी चुनौती है। इसके समाधान के लिए नई जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया तेज की जाएगी तथा राज्य सरकार और जिला प्रशासन के समन्वय से स्थायी डंपिंग यार्ड की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही आधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की दिशा में भी काम किया जाएगा।

छह करोड़ पौधारोपण में बड़ी संख्या में पौधों के सूख जाने के मामले पर महापौर ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि संवेदकों ने भुगतान लेने के बावजूद पौधों का संरक्षण नहीं किया, तो यह गंभीर लापरवाही है। पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में लागू किया जाएगा।

राजनीतिक सवालों के जवाब में महापौर संजीव सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा जनता के भरोसे पर चुनाव लड़ा है और उनकी प्राथमिकता राजनीति नहीं बल्कि विकास है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें भारी मतों से विजयी बनाया है, उस भरोसे पर खरा उतरना ही उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा।

## बैठक में लंबित आवेदनों के निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में अंतर विभागीय भूमि हस्तांतरण, म्यूटेशन, म्यूटेशन अपील भूमि सीमांकन, किराया संग्रह, परिशोधन पीजी पोर्टल सीपीजी आरएएमएस एवं ई-राजस्व न्यायालय आरसीएमएस से जुड़े मामलों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए विशेष कैंप लगाकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि म्यूटेशन से जुड़े सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए।

उपायुक्त ने विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और जहां-जहां कार्य लंबित है वहां संबंधित अंचलाधिकारियों को भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर विभागीय भूमि हस्तांतरण के मामलों में तेजी लाने पर भी जोर दिया।

# जनगणना के प्रथम चरण को ले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

## प्रशिक्षण में सटीक आंकड़ों पर दिया गया जोर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) को लेकर जिला एवं चार्ज स्तर के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को डीआरडीए सभागार में शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, जिला जनगणना पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक जनगणना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं सदर एसडीओ सुलोचना मीणा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह प्रशिक्षण 25 मार्च तक चलेगा।

प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त सह जनगणना प्रधान समीरा एस ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिससे प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और सावधानी के साथ किया जाए, ताकि सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें। उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने जनगणना कार्य को समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से पूरा करने पर बल दिया। वहीं, जिला जनगणना पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने कहा कि आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को भी जनगणना प्रक्रिया की जानकारी दी जाए, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने। उन्होंने सभी अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर विभिन्न प्रखंडों एवं नगर निकायों के चार्ज जनगणना पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मेरा युवा भारत शहीद दिवस पर निकाली गई रैली




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** मेरा युवा भारत धनबाद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान पर मंथन संस्था द्वारा शहीद दिवस स्थानीय झारखंड पब्लिक स्कूल में मनाया गया इस कार्यक्रम के अवसर पर भगत सिंह सुखदेव एवं राजगुरु के चित्र पर मल्लार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी रवि मिश्रा एवं झारखंड पब्लिक के प्राचार्य शैलेंद्र भट्ट के द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस रैली में भगत सिंह सुखदेव राजगुरु अमर रहे वंदे मातरम इंकलाब जिंदाबाद भारत माता की जय कि नारो से शहीद दिवस को याद किया गया मंथन के सचिव विप्लव महतो ने कहा कि भगत सिंह राजगुरु सुखदेव स्वतंत्रता सेनानी के असली नायक थे तत्पश्चात झारखंड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं ने रैली में भाग लिया तत्पश्चात एक बैठक का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचार्य शैलेंद्र भट्ट बीके ठाकुर संजय कुमार मंडल रवि गिरी शक्ति कुमार महतो पंकज कुमार के साथ-साथ मंथन के सारे सदस्यों की उपस्थित रही।

## झांकी का हुआ जोरदार स्वागत

**हजारीबाग।** रामनवमी महापर्व के अवसर पर सनराइज ग्रुप द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा एवं झांकी का रामनवमी संरक्षण समिति ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ स्वागत किया। बड़ा अखाड़ा चौक के पास समिति द्वारा स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस दौरान समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के बीच शीतल पेय और पानी का वितरण भी किया। समिति के इस सेवा भाव से लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। पंचमी तिथि पर निकाली गई इस शोभायात्रा की विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं और युवतियों की भागीदारी काफी अधिक रही, जो झांकी का नेतृत्व करती नजर आईं। पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक झांकियां और धार्मिक नारों से पूरा शहर राममय हो गया। स्थानीय लोगों ने समिति के इस स्वागत और सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का बेहतरीन उदाहरण बताया।

# मुनाफाखोरी पर होगी सख्त कार्रवाई: एसएसपी

## कालाबाजारी-जमाखोरी करने वालों की खैर नहीं ☐ शिकायत पर पुलिस करेगी तत्काल कार्रवाई




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** मध्य पूर्व के देशों में जारी तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। इस संकट का आंशिक असर न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बल्कि देश के बाजार और आपूर्ति व्यवस्था पर भी देखने को मिल सकता है। ऐसे संवेदनशील समय में जहां पूरा भारत एकजुट होकर स्थिति का सामना कर रहा है, वहीं कुछ लोग इस आपदा को अवसर में बदलकर मुनाफाखोरी करने में जुटे हुए हैं। धनबाद पुलिस ने ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकेत दिया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने इस मुद्दे पर स्पष्ट और कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि किसी भी परिस्थिति में आम जनता के हितों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई दुकानदार, व्यापारी या अन्य व्यक्ति आवश्यक वस्तुओं को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बेचते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी ने विशेष रूप से खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, दवाइयां, तेल, गैस और अन्य आवश्यक सामानों की कालाबाजारी और जमाखोरी को गंभीर अपराध बताते हुए कहा कि यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के प्रति गैर-जिम्मेदाराना और अमानवीय व्यवहार भी है। अगर ऐसे संकट की घड़ी में कोई जरूरतमंदों का शोषण करता हैं तो वाह कानून के साथ साथ सभ्य समाज में बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन के लोग लगातार बाजार की निगरानी कर रहे हैं। गुप्त रूप से भी सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं ताकि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। साथ ही, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है और आपूर्ति निर्बाध जारी है।

व्यापारियों और दुकानदारों को संबोधित करते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने अपील की कि वे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझें और ईमानदारी के साथ व्यापार करें। उन्होंने कहा कि किसी भी वस्तु को निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर न बेचें और अनावश्यक रूप से सामान का भंडारण न करें। ऐसा करना न केवल अवैध है, बल्कि समाज में असंतोष और अव्यवस्था को भी जन्म देता है।

इसके साथ ही, आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे घबराहट में आकर जरूरत से ज्यादा खरीदारी न करें।

अनावश्यक जमाखोरी से बाजार में कृत्रिम कमी उत्पन्न होती है, जिससे कीमतें बढ़ने लगती हैं और कमजोर वर्ग के लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी आवश्यक वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें और आम जनता को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

एसएसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति को कहीं भी अधिक कीमत वसूलने, कालाबाजारी करने या जमाखोरी की जानकारी मिलती है, तो वह तुरंत इसकी सूचना जिला प्रशासन या पुलिस को दें। शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

अंत में उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में सभी को मिलकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। प्रशासन, व्यापारी और आम नागरिक यदि सहयोग और संयम बनाए रखें, तो किसी भी चुनौती का सामना आसानी से किया जा सकता है।

# नीट अभ्यर्थी 10 से 12 घंटे पढ़ाई कर ले तो बन सकते हैं टॉप रैंकर्स : संजय आनंद

## आगामी तीन मई से होगी मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा नीट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा नीट आगामी तीन मई से होने वाली है। परीक्षा में अब चंद दिन ही बचे हैं। ऐसे में सभी प्रतियोगियों में एक समान सा डर दिखता है कि पता नहीं क्या होगा। परीक्षा होगा या नहीं। इसकी जानकारी देते हुए धनबाद गोल इंस्टीट्यूट के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने प्रतिभागियों को बताया कि अगर आपने पूरे वर्ष तैयारी की है और आपका सिलेबस पूरा है तो फिर डरने की आवश्यकता नहीं बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ तैयारी को फाइनल टच देने की जरूरत है। अंतिम के इन्ही दोनों में अगर सही प्लानिंग के साथ व सही दिशा निर्देश में अभ्यर्थी 10 से 12 घंटे की पढ़ाई कर लें तो फिर एक सीट ही नहीं बल्कि टॉप रैंकर्स बन सकते हैं। बताया कि अब कोई भी नया टॉपिक नहीं वरण पढ़े हुए टॉपिक को ही बार-बार दोहराएं एवं पूरी तरह एनसीईआरटी पर फोकस रहे। वहीं इनार्गेनिक, ऑर्गेनिक एवं बायोलॉजी के हर अंडरलाइन पार्ट, फिगर वीद लैबलिंग का तो रिवीजन करें। साथ ही फिजिक्स एवं फिजिकल के मेस्टश्री के एक्सरसाइज प्रश्नों, सॉल्वड एग्जांपल्स भी सॉल्भ करें। बताया कि एनसीईआरटी के पॉइंट टू पॉइंडर के साथ ही महत्वपूर्ण है कि वर्ड को क्यों और कैसे अप्रोच के साथ पढ्ढें जिससे थियोरेटिकल कांन्सेप्ट मजबूत होगा और असर्शन रीजन, स्टेटमेंट बेस्ट प्रश्न भी सॉल्भ हो पाएगा। बताया कि अभ्यर्थी अंतिम समय में ख्याल रखे कि जब भी प्रश्नों को बनाएं एक निश्चित समय सीमा में बनाएं उसके बाद पेपर एनालिसिस कर कमियों को डिटेक्ट कर काम करें। इसके साथ ही ख्याल रहे कि अच्छे प्रैक्टिशनर ही अच्छें रैंकर या टॉपर होते हैं। इसलिए हर दिप फूल रिलेबस का एक टेस्ट ऑल इंडिया लेबल टेस्ट, स्पॉट टेस्ट, डेली प्रैक्टिस पेपर दो से पांच के समय में जरू र दें ताकि इसी पीरियड में होने वाले नीट के लिए माइंडसेट पॉजिटिव रहे। कहा कि जिस समय आप ज्यादा इनर्जेटिक महसूस करते हो उस समय में सबसे चैंलेजींग टॉपिक को पढ़े, मेमोरी बेस्ड पार्टस सोने से पहले पढ़ाई करें। कहा कि अभ्यर्थी अपने पढ़ाई का 80 से 90 प्रतिशत समय वैसे टॉपिक पर दें जहां से प्रश्न ज्यादा पूछे जाते हैं। वहीं तरह के नेगेटिवी, नेगेटिव फ्रें डशिप या मोबाइल के मिस यूस से हर हाल में बचें। सोशल मीडिया से दूर रहे। पेरेंट्स भी बच्चे पर थर्ड आई रखें। आज के डाउट्स को आज ही टेक्स्ट बुक, टीचर्स, डिस्कशन या फिर टीचर से क्लियर करते चलें। कहा कि अबतक बनाए गए सभी मिस्टेक्स कमिटेड प्रश्नों को दोबारा रिसॉल्व करें।

# छात्रों ने इंटर परीक्षा में लहराया परचम, क्षेत्र में खुशी की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बेहतर अंक हासिल कर न सिर्फ अपने विद्यालय बल्कि अपने अभिभावकों और शिक्षकों का नाम भी रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया और सफल छात्रों को बधाइयों का तांता लग गया प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, करियन के छात्र राहुल कुमार चौधरी ने विज्ञान संकाय में 428 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं इसी विद्यालय के शालीन कुमार मिश्र ने विज्ञान संकाय में 404 अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कला संकाय में अजित कुमार पासवान ने 405 अंक लाकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया

इधर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बल्लीपुर की छात्रा अभिलाषा कुमारी ने विज्ञान संकाय में 436 अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं साना खातून ने 410 अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। इन छात्रों की सफलता ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी संसाधनों की कमी के बावजूद कड़ी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बीईओ रामजन्म सिंह, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, एचएम विवेकानंद झा, प्रदीप कुमार पासवान, शिवकुमार पंकज, अमित कुमार मिश्र, संगीता कुमारी, प्रमोद सिंह, प्रवीण कुमार चौधरी, टीपू कुमार चौधरी, रोहित उपाध्याय, प्रभात रंजन चौधरी, नागेंद्र कुमार, उमेश यादव, संजय कुमार झा, रौशन कुमार लाल सहित कई शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने छात्रों को बधाई दी सभी ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। साथ ही उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह मेहनत कर जिले और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाएं।

## एनएसयूआई ने उठाई आवाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद में परीक्षा स्थगन संबंधी नीति को लेकर एनएसयूआई ने आवाज उठाई। एनएसयूआई बीबीएमके यूनिवर्सिटी अध्यक्ष राज रंजन सिंह ने रजिस्ट्रार को एक आवेदन सौंपा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा 24/03/2026 को आयोजित परीक्षा को स्थगित नहीं करने के निर्णय के बाद, अब भविष्य में भी किसी भी परिस्थिति में परीक्षा स्थगित नहीं की जानी चाहिए।

# धनबाद जिला स्तरीय राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आन्दोलन सम्पन्न




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** डीआरएम चौक धनबाद से रणधीर वर्मा चौक तक भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, भारतीय विद्यार्थी मोर्चा व अन्य ऑफशुट संगठन के द्वारा राष्ट्रव्यापी तीसरे चरण के आन्दोलन तहत के रैली प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया।जाति आधारित जनगणना और ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर ओबीसी के साथ भाजपा द्वारा की जा रही धोखाधड़ी के खिलाफ, यूजीसी कानून से एससी एसटी ओबीसी के भेद भाव खत्म होता देखकर इस बिल को पास नहीं होने दिया गया। इसलिए एससी, एसटी और ओबीसी को यूजीसी बिल लागू कराने के समर्थन में,पुर्व नियुक्त शिक्षकों की शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त किया जाए। इन सभी विषयों के समर्थन को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा के धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष दास के नेतृत्व में गुड्डू धाढ़ि बहुजन क्रांति मोर्चा, शेखर पासवान शोसल मीडिया प्रभारी, भामुमो, जे.पी.प्रसाद जिला कोषाध्यक्ष भामुमो, गोपाल रजक, सह-कोषाध्यक्ष भा मु मो, सन्तोष बौद्ध बुद्धिस्ट इन्टरनेशनल नेटवर्क झारखण्ड, चन्द्रदेव यादव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, दिलिप राम आ.भा, एससी एसटी ओबीसी मोर्चा महासचिव गोपाल,यादव, नंद किशोर सिंह,नवल प्रसाद, संतोष कुमार, गणपत महतो, लाली महतो, शिवदत्त दास,गुलशन खातून, अधिवक्ता रणधीर कुमार, दीपक राम, दयाराम यादव,कामेश्वर साव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, तनवीर आलम भाविमो, गुलशन खातून, गणेश दास,सुप्रभात कुमार भाविमो, मुरली दास, जितेन्द्र पासवान, जितेन्द्र शर्मा, धर्मेन्द्र भुइँया, अशोक भुइँया, कार्तिक हाड़ी, मुरली दास,मनोज हाड़ी, शिवदत दास, बेबी देवी,नवीन पासवान, सुभाष पासवान, आदित्य पासवान एवं अन्य रैली प्रदर्शन में शामिल थे ।

## विजयी भव एवं भाग्य उदय परियोजनाओं का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मानव कल्याण के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं प्रोजेक्ट विजयी भव एवं प्रोजेक्ट भाग्य उदय का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों एवं जरूरतमंद लोगों, विशेषकर महिलाओं और विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही योजनाएं महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवन सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहायता प्रदान करेंगी इस अवसर पर गिरिडीह जिले के लगभग 50 पंचायतों से आए प्रतिनिधियों के साथ 10 ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भी मौजूद रहे। जिन्होंने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रद्युमन प्रद्योत, कोषाध्यक्ष नीलम देवी, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट हेड दीपाली सिन्हा एवं डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टिंग मैनेजर गुलशन खातून शामिल रही।

# प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने किया सहियाओं को प्रेरित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों की सहियाओं के लिए समाहरणालय के ग्राउंड फ्लोर, बीबीएमकेयू तथा सदर अस्पताल के एमटीसी ट्रेनिंग सेंटर में द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने समाहरणालय के ट्रेनिंग सेंटर का भ्रमण किया।

उन्होंने सभी सहिया को गर्भवती महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी कराने का अनुरोध किया। साथ-साथ कहा कि जिले के सभी 350 हेल्थ सब सेंटर का जीर्णोद्धार हो रहा है।

जीर्णोद्धार का काम इसी वर्ष अगस्त-सितंबर तक पूरा हो जाएगा। इसमें प्रसव के लिए गर्म एवं ठंडा पानी, शौचालय सहित सभी सुविधाओं के साथ कक्ष भी उपलब्ध रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में सहिया का महत्वपूर्ण योगदान है। वे महिला सशक्तिकरण में अग्रणी भूमिका निभा सकती है। बच्चों तथा माता की बेहतर देखभाल कर सकती है। वंचित वर्ग तक अपनी पहुंच बना सकती है।

उपायुक्त के साथ संवाद के दौरान सहिया ने भी अपनी समस्या से अवगत कराया। जिसका उपायुक्त में शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 25 मार्च तक चलेगा। इसमें सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव, घर में प्रसव की तैयारी, सरकारी योजनाओं का लाभ, प्रसव-पूर्व गर्भवती महिला की देखभाल और जाँच, घर पर मुलाकात, माँ और शिशु की देखभाल, प्रसव के बाद की देखभाल, कुपोषण, सच्छता, विलेज हेल्थ न्यूट्रीशनल डे, अर्बन हेल्थ न्यूट्रीशनल डे, विभिन्न रजिस्टरों में एंट्री करना, सहिया एप का संचालन करना सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

**आईपीएल 2026**

## रियान पराग पर कप्तानी का बड़ा दांव या गलती? पूर्व भारतीय चयनकर्ता का तीखा बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 से पहले कप्तान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। टीम ने इस सीजन के लिए रियान पराग को कप्तान बनाया है, लेकिन इस फैसले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीकांत ने सवाल उठाए हैं। राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2026 में अपना पहला मुकाबला सीएसकेके खिलाफ 30 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगी। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है।

'जायसवाल मंत्री ही रह सकते हैं' – श्रीकांत

क्रिस श्रीकांत ने रियान पराग को कप्तान बनाए जाने पर तंज



कसते हुए कहा, 'सबको पता है कि वह कप्तान कैसे बने। वहां उन्हें राजा की तरह ट्रीट किया जाता है, इसलिए यशस्वी जायसवाल केवल मंत्री ही रह सकते हैं। पराग का पिछला सीजन अच्छा नहीं था, लेकिन उससे पहले वाले सीजन में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।' उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है।

**आईपीएल 2025 में ऋक्का प्रदर्शन**– आईपीएल 2025 में रियान पराग ने 8 मैचों में कप्तानी की थी, जब संजू सेमसनउपलब्ध नहीं थे। उस दौरान टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और टीम सिर्फ 2 मैच जीत सकी। राजस्थान की टीम पूरे सीजन में 14 मैचों में सिर्फ 4 जीत के साथ अंक तालिका में 9वें स्थान पर रही।

**पराग का व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा रहा**– हालांकि टीम का प्रदर्शन खराब रहा, लेकिन रियान पराग का व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा था। उन्होंने आईपीएल 2025 में 393 रन बनाए और वह राजस्थान के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उनका औसत लगभग 33 और स्ट्राइक रेट 166 से ज्यादा रहा।

## हॉकी इंडिया ने सलाना अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेशन किए जारी

### सलीमा-हार्दिक प्लेयर ऑफ द ईयर की रेस में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को सालाना अवॉर्ड्स 2025 के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। यह इवेंट 27 मार्च को होगा। खिलाड़ियों को ये अवॉर्ड्स 2025 सीजन के दौरान भारतीय हॉकी में शानदार प्रदर्शन और योगदान के लिए दिए जाएंगे। इन खास सम्मानों में से एक हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर है, जो पूरे साल दमदार खेल दिखाने वाले सबसे अच्छे पुरुष और महिला खिलाड़ियों को दिया जाता है। इस समारोह में हॉकी इंडिया जुगराज सिंह अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष – अंडर–21) और हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला – अंडर–21) के साथ उभरते हुए टैलेंट को भी सम्मानित किया जाएगा। अलग–अलग पोजीशन पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को



खास अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह अवॉर्ड हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवॉर्ड फॉर गोलकीपर ऑफ द ईयर, हॉकी इंडिया परगट सिंह अवॉर्ड फॉर डिफेंडर ऑफ द ईयर, हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह अवॉर्ड फॉर मिडफील्डर ऑफ द ईयर, और हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै अवॉर्ड फॉर फॉरवर्ड ऑफ द ईयर होंगे। इन आठ कैटेगरी से कुल 32 प्रत्याशियों को फाइनल शॉर्टलिस्ट के लिए चुना गया है। इस सेरेमनी में और भी अवॉर्ड दिए जाएंगे, जिसमें हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट अवॉर्ड फॉर आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट और हॉकी इंडिया जमन लाल शर्मा अवॉर्ड फॉर इनवैल्यूएबल कंट्रीब्यूशन शामिल हैं। अधिकारियों को हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट अवॉर्ड फॉर अंपायर/अंपायर मैनेजर ऑफ द ईयर, हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट अवॉर्ड फॉर टेक्निकल ऑफिशियल ऑफ द ईयर, और बेस्ट मेंबर यूनिट अवॉर्ड जैसे अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। एक सेरेमनी में भारतीय मेन्स हॉकी टीम को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने बिहार के राजगीर राजगीर में एशिया कप में गोल्ड मेडल जीता था। इसके साथ ही भारतीय जूनियर मेन्स हॉकी टीम को भी

# आईपीएल की ऐतिहासिक छलांग

### 1000 करोड़ के पार पहुंची टीमों की स्पॉन्सरशिप; जानें इसका मतलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 से पहले सामने आई एक रिपोर्ट में बताया गया कि कैसे आईपीएल की स्पॉन्सरशिप कमाई ने 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर दिया है. यह आंकड़ा पार होना लीग के लिए बड़ी उपलब्धि है. इससे एक बार फिर इस बात का पुख्ता सबूत मिलता है कि आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी और महंगी क्रिकेट लीग है. पैसों के मामले में कोई भी दूसरी क्रिकेट लीग आईपीएल के आसपास भी नहीं दिखती है.



### स्पॉन्सरशिप की बदलती कैटेगरी

एक वक्त पर फैंटेसी गेमिंग कंपनियां आईपीएल में फ्रेंचाइजी के साथ स्पॉन्सरशिप में अपना दबदबा कायम किए हुए थीं. लेकिन नियमों में हुए बदलाव के कारण इन कंपनियों को पीछे हटना पड़ा, जिससे बाकी तरह की कंपनियों को आगे आने का मौका मिला. इस तरह बदलती कैटेगरी ने स्पॉन्सरशिप में अहम किरदार अदा किया है.

गौर करने वाली बात यह है कि 1000 करोड़ रुपये की स्पॉन्सरशिप सभी टीमों में बराबर नहीं बंटती है. स्पॉन्सरशिप में कुछ टीमों ज्यादा आगे नजर आती हैं, जिसमें मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स की तिकड़ी टॉप पर है.

तीनों ही टीमें स्पॉन्सरशिप से तकरीबन 150 करोड़ रुपये बनाती हैं, जिससे तीनों टीमें टॉप पर नजर आती हैं. बाकी टीमों का आकंड़ा इससे नीचे ही नजर आता है. लिस्ट में गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स दूसरे पायदान पर नजर आती हैं.

गौरतलब है कि पिछले सीजन यानी 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल का खिताब जीता था. यह 18 सालों के इतिहास में आरसीबी की पहली आईपीएल ट्रॉफी थी, जिसके बाद टीम की ब्रांड वैल्यू में बढ़ोत्तरी देखने को मिली थी.

### फ्रेंचाइजी के लिए स्पॉन्सरशिप के फायदे

किसी भी फ्रेंचाइजी के लिए स्पॉन्सरशिप बहुत फायदेमंद होती है. इससे टीमों को सिर्फ टिकट बिक्री पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है. टीमों को स्थिरता मिलती है, जिससे लीग में किसी भी तरह की कोई दिक्कत आने की समस्या नहीं पैदा होती है.

## जितेश शर्मा व रजत ने लगाई तूफानी फिफ्टी

### आईपीएल 2026 से पहले कोहली ने भी खेली दमदार पारी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** विकेटकीपर–बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 37 गेंदों में 81 रन, कप्तान रजत पाटीदार ने 25 गेंदों में तूफानी 74 रन बनाए, जबकि सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पहले वार्म–अप मैच में 12 गेंदों में 29 रनों की छोटी लेकिन तेज पारी खेली। यह मैच 28 मार्च से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरू होने वाले उनके टाइटल डिफेंस से पहले खेला गया था। बेंगलुरु में अपने घरेलू मैदान पर 'मेन इन ऑरेंज' के खिलाफ खिताब बचाने का अभियान शुरू करने से पहले आरसीबीके बल्लेबाज काफी अच्छी लय में



दिखे, भले ही उन्होंने छोटी–छोटी पारियां खेलीं। जितेश, रजत, देवदत्त पडिक्कल और क्रुणाल पांड्या उन बल्लेबाजों में शामिल थे जिन्होंने फिफ्टी जड़ी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेंकटेश अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने 234/7 का स्कोर खड़ा किया जिसमें जितेश (37 गेंदों में 81), टिम डेविड (14 गेंदों में 36), अय्यर (16 गेंदों में 30) और विराट (12 गेंदों में 29) ने स्कोरकार्ड पर अपना दबदबा बनाया। अपने 20 ओवरों में क्रुणाल की कप्तानी वाली दूसरी टीम ने 247 रन बनाए जिसमें रजत (25 गेंदों में 74), पडिक्कल (33 गेंदों में 63) और क्रुणाल (33 गेंदों में 58) ने शानदार प्रदर्शन किया। कोहली की बल्लेबाजी पर बात करते हुए क्रुणाल ने कहा, 'विराट ने आज जो कुछ शॉट खेले, वे कमाल के थे। वह अच्छी लय में दिख रहे हैं, जो हमारे लिए एक बहुत अच्छा संकेत है। इसलिए, हम उम्मीद कर रहे हैं कि सब अच्छा होगा।' मैच खत्म होने के बाद ऋक्कके मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने जितेश और रजत के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की और बताया कि अभिनंदन सिंह, रसिक डार सलाम और विक्की ओस्तवाल जैसे युवा खिलाड़ियों ने गेंद के साथ भी अच्छा प्रदर्शन किया। एंडी फ्लावर ने कहा, 'मुझे लगता है कि आज शाम के कुछ खास पल वे थे जब हमने जितेश जैसे खिलाड़ियों को देखा, जिन्होंने 35 गेंदों में करीब 80 रन बनाए। रजत भी वहां थे, जो शानदार शॉट्स लगा रहे थे, जैसा कि हम जानते हैं कि वे लगा सकते हैं। कुछ युवा खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## मैनचेस्टर सिटी ने जीता ईएफएल कप का खिताब

**फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराया**

**लंदन, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी ने ईएफएल कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। मैनचेस्टर की तरफ से फाइनल में निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। मैनचेस्टर सिटी ने यह 9वीं लीग ट्रॉफी जीती है। सिटी से ज्यादा खिताब अब सिर्फ लिवरपूल के नाम है। पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी मैनेजर के तौर पर यह मशहूर ट्रॉफी पांच बार जीती है, जो इंग्लिश फुटबॉल में एक रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा सफलता पाने वाले मैनेजर के तौर पर ब्रायन क्लॉ, सर एलेक्स फर्ग्यूसन और जोस मोरिन्हो




(जिन्होंने सभी ने चार-चार जीते) से आगे निकल गए हैं। काराबाओ कप सिटी बॉस के तौर पर पेप की पहली ट्रॉफी थी, जिसमें उन्होंने 2018 में आर्सेनल को 3-0 से हराया था। उन्होंने अब उस विरासत में एक और नाम जोड़ लिया है और 1960 में प्रतियोगिता की शुरुआत के बाद से सबसे सफल मैनेजर बन गए हैं। हाफ टाइम के बाद सिटी ने आर्सेनल के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। आर्सेनल की टीम खिताबी मुकाबले में संघर्ष करती हुई नजर आई, जिसका पूरा फायदा सिटी ने उठाया। पूरे सीजन मैनचेस्टर सिटी की शानदार कप्तानी करने वाले कप्तान बर्नार्डो सिल्वा ने टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम की इस सफलता को सभी के लिए खास पल बताया। उन्होंने कहा, 'यह सिटी में सभी के लिए बहुत गर्व का पल है।

## एमएस धोनी से 60 साल की उम्र तक खेलने की अपील

● **एक्टर के साथ बातचीत हुई वायरल**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं, और इस बार वजह उनका मजाकिया लेकिन दिलचस्प बयान है जिसने फैंस के दिलों में नई उम्मीद जगा दी है। आईपीएल 2026 से पहले चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में हुए एक फैन इवेंट के दौरान धोनी ने 60 साल की उम्र तक खेलने की बात कहकर माहौल को उत्साह से भर दिया। 44 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और लोकप्रियता कायम है, और यही कारण है कि फैंस उन्हें लंबे समय तक मैदान पर देखना चाहते हैं।



**चेपॉक में वायरल हुआ मजेदार पल**– यह खास पल तब सामने आया जब मंच पर धोनी से अपील की कि वह आने वाले कई सालों तक आईपीएल खेलते रहें। इस पर धोनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'यह मुश्किल होगा, लेकिन मैं कोशिश कर सकता हूं।' बस फिर क्या था, चेपॉक का माहौल तालियों और नारों से गूंज उठा। इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया।

**बदलती भूमिका, वही असर**

हाल के सीज़नों में धोनी की भूमिका में बदलाव देखा गया है। गायकवाड को कप्तानी सौंपने के बाद, धोनी अब मुख्य रूप से 'फिनिशर' की भूमिका निभाते हैं। वह अक्सर आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी के लिए आते हैं और तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी संभालते हैं। इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू होने के बाद उनकी मैदान पर मौजूदगी और भी रणनीतिक हो गई है। धोनी के रिटायरमेंट को लेकर हर साल चर्चाएं तेज हो जाती हैं। हालांकि, ष्टस्च मैनेजमेंट की ओर से साफ किया गया है कि वह आईपीएल 2026 के पूरे सीज़न के लिए उपलब्ध रहेंगे। लेकिन यह भी तय है कि उनकी भूमिका अब टीम की जरूरत के हिसाब से लचीली होगी। ऐसे में यह सीज़न उनके करियर का आखिरी पड़ाव भी साबित हो सकता है—या फिर एक नई शुरुआत।

**न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने क्रिकेट में कर दिया ऐसा कारनामा**

## आजतक कोई पुरुष भी नहीं कर पाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान अमेलिया केर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है, जो आज तक कोई पुरुष क्रिकेटर भी नहीं बना पाया था. अमेलिया अब टी20द्व इतिहास में लगातार 10 पारियों में 30 या उससे ज्यादा रन बनाने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बन गई हैं. अमेलिया केर ने यह खास उपलब्धि 22 मार्च 2026 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 मैच में हासिल की. वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने 29 गेंदों पर 31 रन बनाए. यह पारी भले ही बहुत बड़ी नहीं थी, लेकिन इसी ने उन्हें इतिहास के पन्नों में पहुंचा दिया. इससे पहले लगातार 9 बार 30 प्लस स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और रोमानिया की रेबेका ब्लेक के नाम था. अमेलिया ने अब दोनों को पीछे छोड़ दिया है.

**लगातार 10 पारियों में कमाल**– अमेलिया केर की यह रिकॉर्ड यात्रा 2024 में शुरू हुई थी और 2026 में जाकर 10वीं लगातार 30 प्लस पारी पर खत्म हुई. इस दौरान उन्होंने लगातार 10 पारियों में 30 से ज्यादा



रन बनाए. उनके स्कोर इस तरह रहे- साउथ अफ्रीका के खिलाफ 43, फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 51 नाबाद, 40 और 66 रन. इसके बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 101 नाबाद और 82 रन की शानदार पारियां खेलीं. फिर 2026 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78, 32, 30 और 31 रन बनाकर उन्होंने रिकॉर्ड पूरा किया. इन 10 पारियों में अमेलिया केर ने कुल 554 रन बनाए. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा, जो यह दिखाता है कि उन्होंने सिर्फ लगातार रन ही नहीं बनाए, बल्कि तेज गति से बनाए. टी20 जैसे छोटे फॉर्मेट में यह निरंतरता और आक्रामकता दोनों बहुत बड़ी बात मानी जाती है.

### मैच में न्यूजीलैंड की शानदार जीत

इस रिकॉर्ड वाले मुकाबले में साउथ अफ्रीका महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 159/6 रन बनाए थे. टीम की ओर से एनेरी डर्कसन ने 32 गेंदों पर नाबाद 55 रन की बेहतरीन पारी खेली और अपनी टीम को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया. जवाब में न्यूजीलैंड ने 18.3 ओवर में 160/4 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया. टीम की जीत में सबसे बड़ा योगदान सोफी डिवाइन का रहा, जिन्होंने सिर्फ 34 गेंदों पर 64 रन की तूफानी पारी खेली. उनकी इस पारी में 6 चौके और 4 छक्के शामिल थे. वहीं जेस केर ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया और 3/16 के आंकड़े दर्ज किए. अमेलिया केर ने 31 रन बनाकर पारी को मजबूती दी और इतिहास भी रच दिया.

## इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को 3-2 से हराया



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इंटर मियामी सीएफ ने अपनी जीत की लय को बरकरार रखा है। टीम ने रोमांचक मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 3–2 से हराया। एमएलएस रेगुलर सीजन में यह इंटर मियामी की लगातार चौथी जीत है। इंटर मियामी के डिफेंडर गोंजालो लुजा, माइकल और कप्तान लियोनेल मेसी द्वारा किए गए गोल ने इंटर मियामी की जीत में अहम योगदान दिया। इंटर मियामी ने मैच के चौथे मिनट में ही बढ़त बनाई। टीम की तरफ से पहला गोल गोंजालो लुजान ने किया। टेलास्को जोस सेगोविया द्वारा किए गए प्रयास के विफल रहने के बाद लुजान ने रिबाउंड का फायदा उठाते हुए इंटर मियामी को 1–0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, न्यूयॉर्क सिटी एफसी ने जोरदार वापसी की और मैच के 17वें मिनट में निकोलस फर्नांडीज के गोल से स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मेसी ने गोल करने के दो मौके बनाए, लेकिन उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। पहले हाफ के बाद स्कोर 1–1 की बराबरी पर रहा। हालांकि, मेजबान टीम ने मैच के 59वें मिनट में अगस्टिन ओजेडा के गोल से बढ़त बना ली। इसके तुरंत बाद मेसी ने 61वें मिनट में इंटर मियामी के लिए गोल दागते हुए स्कोर को फिर से 2–2 से बराबर कर दिया। मेसी ने फ्री किक पर इस रेगुलर सीजन का अपना चौथा गोल किया।

**कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी कोनेरू हंपी**

## सुरक्षा को लेकर जताई थी चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हंपी साइप्रस में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में सुरक्षा चिंताओं के कारण भाग नहीं लेंगी। उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस लेने का फैसला लिया है। भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी इस महीने साइप्रस में होने वाले प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगी। उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच मेजबान देश में सुरक्षा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की थी। अब उन्होंने इस टूर्नामेंट से नाम वापस लेने का फैसला लिया है। हंपी ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी।



**28 मार्च से साइप्रस में शुरू होगा टूर्नामेंट**– विश्व चैंपियनशिप के खिताबों के लिए चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ियों का फैसला करने वाला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होना है। पुरुष वर्ग का खिताब भारत के डी गुकेश जबकि महिला वर्ग का खिताब चीन की जू वेनजुन के पास है।

**हंपी ने जताई थी सुरक्षा को लेकर चिंता**– पश्चिम एशिया तनाव के कारण हंपी सुरक्षा को लेकर चिंतित थीं। उन्होंने बुधवार (18 मार्च) को 'एक्स' पर लिखा, 'मुझे पता है कि मैं अकेले शायद कुछ भी नहीं बदल सकती। लेकिन चाहे मैं कैंडिडेट्स में खेलूं या नहीं खेलूं, मुझे लगता कि जो मैं महसूस करती हूं उसे जाहिर करना जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं जिन्होंने अपना समर्थन दिया है।

# आग से 9 लोगों की जान बचाने में फेल स्काइलिफ्ट अब तक खराब

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार को साधनगर राम चौक मार्केट में लगी आग में, जिसमें नौ लोगों की जान गई थी, बचाव कार्य के दौरान जिस स्काइलिफ्ट दमकल ने धोखा दिया था, उसे अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। यह स्काइलिफ्ट अभी भी द्वारका सेक्टर-6 स्थित अग्निशमन केंद्र में मरम्मत के इंतजार में खड़ी है। इसे कब दुरुस्त किया जाएगा और यह कब मुसीबत के समय जान-माल की हिफाजत के काबिल होगी, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। द्वारका सहित आसपास के पूरे इलाके के लिए उपलब्ध इस एकमात्र स्काइलिफ्ट के खराब होने के कारण बहुमंजिली इमारतों में आग लगने की स्थिति में क्षेत्र की सुरक्षा फिलहाल उधार के भरोसे है। साधनगर की उस घटना को आज भी दमकलकर्मी याद करते हैं, जब बचाव कार्य के दौरान ऐन मौके पर इस स्काइलिफ्ट ने जवाब दे दिया था। उस वक्त मजबूरन कनाट प्लेस स्थित अग्निशमन केंद्र से दूसरी स्काइलिफ्ट मशीन मंगानी पड़ी थी। जब तक वह मशीन मौके पर पहुंची, तब तक आग अपना तांडव खेल चुकी थी। उस दिन घटनास्थल से 'फेल' होकर लौटने के बाद से यह स्काइलिफ्ट सेक्टर-6 के अग्निशमन केंद्र में ही खड़ी है। केंद्र के कर्मचारियों को भी यह जानकारी नहीं है कि यह कब तक ठीक होगी या



इसके स्पेयर पार्ट्स कब आएंगे। द्वारका का भौगोलिक स्वरूप इसे बेहद संवेदनशील बनाता है। यहां सैकड़ों की संख्या में 10 से 15 मंजिला रिहायशी सोसायटियां और बड़े कमर्शियल कॉम्प्लेक्स हैं। नियम के अनुसार इतनी ऊंची इमारतों वाले क्षेत्र के लिए एक क्रियाशील स्काइलिफ्ट का होना अनिवार्य है, ताकि आपात स्थिति में ऊपरी मंजिलों तक सीधी पहुंच बनाई जा सके। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि द्वारका के पास अपना कोई 'कवच' नहीं है। यदि आज भी द्वारका या आसपास के इलाकों में किसी ऊंची इमारत में आग लगती है, तो विभाग को फिर से कनॉट प्लेस या अन्य दूरस्थ केंद्रों की ओर देखना पड़ेगा। नाम न छापने की शर्त पर दमकलकर्मी कहते हैं कि क्या प्रशासन किसी और बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। दिल्ली के भारी ट्रैफिक के बीच कनॉट प्लेस से द्वारका तक हाइड्रोलिक मशीन पहुंचने में जो समय बर्बाद होगा, वही किसी की जान बचाने और गंवाने के बीच का अंतर तय कर सकता है। पालम में हम लोग इस अंतर के जानलेवा परिणाम को देख भी चुके हैं, लेकिन फिर भी कुछ नहीं हो रहा, जो बेहद अफसोस की बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'प्रोजेक्ट सेकेंड चांस' में पूर्व कैदियों ने सुनाई अपनी कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में टर्न योर कंसर्न इन टू एक्शन फाउंडेशन की टीम की ओर से आयोजित 'प्रोजेक्ट सेकेंड चांस' इंडिया प्रिजन वायसेस प्रदर्शनी के माध्यम से जेल सुधारों से संबंधित एक नई कहानी पेश की गई। जिसमें विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन को जेल सुधारों से जोड़ते हुए इस मंच पर नीति निर्माताओं, न्यायपालिका के वरिष्ठ सदस्यों और पूर्व कैदियों ने एक सुर में जेलों को सजा के केंद्र के बजाय सुधार, गरिमा और अवसर के केंद्र के रूप में परिभाषित किया। इस दौरान स्टोरीज फ्रॉम द बैरक्स और ह्यूमन लाइब्रेरी सत्रों में पूर्व कैदियों ने अपनी आपबीती भी साझा की। जहां 12 साल जेल में बिताने वाले अबुल हाशिम ने बताया कि कैसे असम की जेलों में उनकी ओर से विकसित 'बागवानी इकाई' स्वर्ग के समान थी। वहीं, तिहाड़ जेल में 3,454 दिन बिताने वाले विष्णु ने कला के माध्यम से अपने जीवन को बदलने की कहानी सुनाई, जो यह साबित करती है कि सही अवसर मिलने पर सलाखों के पीछे भी व्यक्तित्व परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न राज्यों के जेल विभागों ने अपने मॉडलों को साझा करते हुए महाराष्ट्र जेल प्रशासन ने पूर्व कैदियों द्वारा संचालित रेस्टोरेंट पहल को सफलता की पहल बताई। वहीं उत्तराखंड जेल प्रशासन ने जेलों के भीतर स्कूलों की स्थापना और लैंगिक-संवेदनशील सुधारों के बारे में बताया। टीवाईसीआईए के सह-संस्थापक मोहित राज ने बताया कि 'प्रोजेक्ट सेकेंड चांस को पांच मुख्य विषयों और 20 उप-विषयों में विभाजित किया गया है, ताकि हर हितधारक अपनी भूमिका को स्पष्ट रूप से समझ सके।

### छह केजी चांदी के साथ दबोचे गए चार बदमाश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में हौज खास में एक घर में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर प्रसाद नगर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 6.350 किलोग्राम चोरी की चांदी, तांबा व अन्य सामान बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपी पीतमपुरा के मोहम्मद नसीम, पालम के शेख सरफराज, मोहम्मद कादिर और दिलशाद हैं। मध्य जिला के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, बीती 20 मार्च को प्रसाद नगर थाना की पेट्रोलिंग टीम बापा नगर क्षेत्र में गश्त कर रही थी। टीम जब करोल बाग में सीपीडब्ल्यूडी खंडहर के पास पहुंची तो दो बैग लेकर जा रहे चार व्यक्ति संदिग्ध लगे। वह पुलिस को देखकर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा कर चारों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चांदी, तांबा और कांसे के आभूषण, बर्तन, सिक्के और धार्मिक वस्तुएं बरामद हुईं। वहीं, पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन्होंने बरामद सामान हौज खास क्षेत्र से चोरी किया था। इस संबंध में बीती 18 मार्च को हौज खास थाने में मामला दर्ज किया गया था।

### कमर्शियल सिलिंडर पर बंधी आस, पर नहीं पहुंची राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के 50 हजार से अधिक रेस्तरां व ढाबे संचालकों को रविवार को बड़ी राहत की खबर मिली। सरकार ने उन्हें 20 की जगह 50 प्रतिशत व्यावसायिक सिलिंडर की उपलब्धता की घोषणा की है। हालांकि, रविवार को नई घोषणा से कमर्शियल सिलिंडर की उपलब्धता पर राहत नहीं मिली है। रेस्तरां संचालकों के अनुसार, नई व्यवस्था को बहाल होने में कुछ दिन लगेंगे। जिससे राहत मिलने में कुछ दिन और लग सकते हैं, तब भी यह घोषणा रेस्तरां संचालकों के साथ ही उद्योग और ट्रांसपोर्टरों के साथ ही आम लोगों के लिए सुखद संदेश लेकर आई है। यह सभी व्यावसायिक डीजल में मूल्यवृद्धि के बाद सामान्य डीजल व पेट्रोल के साथ सीएनजी व पीएनजी के दामों में बढ़ोत्तरी की आशंका से चिंतित थे। इससे सामानों के दाम में बढ़ोत्तरी होती और महंगाई में बढ़ोतरी होती। ट्रेडर्स एसोसिएशन (फेस्टा) के महासचिव राजेंद्र शर्मा के अनुसार, यह घोषणा व्यापारियों को आश्वस्त करने वाली है। यदि पश्चिम एशिया में युद्ध से ईंधन मोर्चे पर कोई वास्तविक परेशानी होती तो फिर व्यावसायिक सिलिंडरों को लेकर यह बड़ी घोषणा क्यों होती। विकट परिस्थिति में अफवाहों में जीने की जगह सरकार पर विश्वास रखने की आवश्यकता है।

## दक्षिणी दिल्ली के किशनगढ़ में बदहाल सड़कों और सीवर से हादसे की आशंका

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के महरौली स्थित किशनगढ़ में खस्ताहाल सड़कों और जगह-जगह टूटे सीवर के ढक्कन लोगों के लिए परेशानी बने हुए हैं। स्थानीय लोगों को डर है कि इन क्षतिग्रस्त ढक्कनों के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। सड़क से गुजरते राहगीरों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति जोखिम भरी बनी हुई है। इसे लेकर संबंधित विभागों और जन प्रतिनिधियों को कई बार शिकायत देकर समाधान दिलाने की मांग की जा चुकी है। इसके बावजूद लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। महरौली वार्ड नंबर-2 में लंबे समय से अंदरूनी सड़कों की हालत बदहाल है। टूटी हुई नालियों के चलते गंदा पानी सड़कों पर बहता है, जिससे लोगों को आने-जाने में खासी परेशान उठानी पड़ती है। इसके अलावा अंदरूनी सड़कों पर कई जगहों पर सीवर के ढक्कन टूटे हुए हैं या झुके हुए हैं, जोकि कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। लोगों की मांग है कि जल्द सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत हो और सीवर के टूटे ढक्कन बदले जाएं, जिससे लोगों को राहत मिल सके। इंटरनेट मीडिया पर भी समाधान की मांगस्थानीय निवासी मोहित बताते हैं कि सड़कों की हालत लंबे समय से बदहाल है और नालियां भी टूटी हुई हैं। कई जगहों से सीवर के ढक्कन टूटे हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बहता है और हादसे की आशंका भी बनी हुई है। दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड और जन प्रतिनिधियों से कई शिकायतें कर चुके हैं।

## स्वामिनारायण अक्षरधाम में सजी फूलों की होली, महंत स्वामी महाराज के सान्निध्य में अनूठा उत्सव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वामिनारायण अक्षरधाम में इन दिनों आध्यात्मिक चेतना का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था के वर्तमान अध्यक्ष और विश्ववंदनीय संत ब्रह्मस्वरूप महंतस्वामी महाराज के सान्निध्य में रविवार शाम को भक्ति और उल्लास के साथ फूलों की होली का उत्सव मनाया गया। स्वामीश्री के दिल्ली आगमन पर शनिवार शाम एक भव्य स्वागत सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में पूर्वांचल, उत्तराखण्ड और पंजाब की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। बालवृंद, युवा और वरिष्ठ हरिभक्तों ने पारंपरिक नृत्य और



गीतों के माध्यम से स्वामीश्री का भावपूर्ण स्वागत किया। रविवार की सुबह प्रातः पूजा के दौरान महंतस्वामी महाराज ने हरियाणा के पंचकूला और कुरुक्षेत्र में नवनिर्मित स्वामिनारायण मंदिरों में प्रतिष्ठित होने वाली मूर्तियों का विधि-विधान से पूजन किया। उन्होंने इन शहरों को यह नई भेंट देने के लिए स्वामीश्री के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। रविवार शाम 6:00 बजे 'फूलों की होली' उत्सव का शुभारंभ संतों और युवाओं द्वारा प्रस्तुत दिव्य कीर्तनों और भगवान की धुन के साथ हुआ। संस्था के वरिष्ठ संत पूज्य विवेकसागर दास स्वामी ने इस अवसर पर प्रासंगिक उद्बोधन देते हुए बताया कि इस उत्सव का वास्तविक अर्थ स्वयं को भगवान की भक्ति के रंग में रंगना है।

## पिता से गिफ्ट में मिले मोबाइल के लिए बदमाशों से भिड़ी बेटी, फिल्मी अंदाज में पीछा कर स्नैचर्स को दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में मोबाइल झपटमारी की वारदातें आए दिन सामने आती हैं। आमतौर पर कई मामलों में पीड़ित खुद को बेबस मानकर केवल शिकायत दर्ज कराते हैं और पुलिस जांच पर भरोसा कर मोबाइल वापस पाने की उम्मीद में रहते हैं। वहीं कई मामलों में लोग बहादुरी दिखाकर झपटमारों का पीछा कर उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले करते हैं। ऐसा ही एक मामला दक्षिणी दिल्ली से सामने आया, जहां एक युवती ने हिम्मत और हौसले की ऐसी ही मिसाल पेश की। न सिर्फ अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि जागरूक नागरिक चाहे तो अपराधियों को मौके पर ही सबक सिखा सकते हैं। दिनदहाड़े मोबाइल झपटकर भाग रहे दो बदमाशों को युवती ने फिल्मी अंदाज में पीछा कर दबोच लिया और अपना फोन वापस हासिल कर लिया। जानकारी के मुताबिक, 19 मार्च की दोपहर करीब तीन बजे 26 वर्षीय तनिष्का कालकाजी मंदिर जाने के लिए घर से निकली थीं। तनिष्का घर में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती हैं। वह हनुमान मंदिर के पास बीआरटी रोड पर ऑटो के इंतजार में खड़ी थीं, तभी स्कूटी पर सवार दो युवक अचानक आए और उनके




हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। तनिष्का ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों के पीछे दौड़ लगाई और फिर एक ई-रिक्शा चालक की मदद से उनका पीछा शुरू किया। इस दौरान वह लगातार 'चोर-चोर' का शोर मचाती रहीं।

कुछ ही देर में पीएसआरआ अस्पताल के पास स्थानीय लोगों की मदद से स्कूटी को घेर लिया गया। इसके बाद युवती ने खुद आगे बढ़कर बदमाश के हाथ से अपना मोबाइल वापस छीन लिया।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान खानपुर के मनीष और सनी के रूप में हुई है। उनके कब्जे से मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद कर ली गई। युवती ने बताया कि यह फोन इसलिए अहम था क्योंकि यह मोबाइल उन्हें उनके पिता से गिफ्ट में मिला था। साथ ही इसमें छात्रों के सिलेबस की फाइलें थीं, जो उनके लिए काफी महत्वपूर्ण थीं।

## पूर्व पीएम इमरान खान का जेल से सख्त संदेश: कहा- आत्मा बेच चुके जजों को शर्म आनी चाहिए; बेटे कासिम ने क्या बताया?

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सेहत को लेकर पिछले कई दिनों से चिंता जताई जा रही थी। इसी बीच इमरान खान के बेटे कासिम खान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में उनसे मुलाकात की। मुलाकात के बाद कासिम ने सोशल मीडिया पर अपने पिता का एक संदेश सोशल मीडिया पर साझा किया। इस संदेश में इमरान खान ने पाकिस्तान की न्यायपालिका और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इमरान खान ने अपने बेटे से भेजे संदेश में कहा, देश के जजों को शर्म आनी चाहिए।



उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायपालिका अपनी आत्मा बेच चुकी है और उन्हें देश की एकता की कोई परवाह नहीं है। इमरान के मुताबिक, जब विरोधी उन्हें मानसिक रूप से नहीं तोड़ पाए, तो उन्होंने उनकी पत्नी बुशरा बीबी को निशाना बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने बुशरा बीबी के साथ हो रहे व्यवहार को अमानवीय और इस्लाम के खिलाफ बताया। इमरान ने कहा कि यह सब उन्हें ब्लैकमेल करने की एक साजिश है। इमरान खान ने जेल की मुश्किलों का जिक्र करते हुए बताया कि बेटों से 30 मिनट की मुलाकात के बदले उन्हें 24 घंटे अकेले (आइसोलेशन) रहना पड़ता है। उन्होंने जजों को गद्दार बताते हुए कहा कि जिन पर समाज के न्याय की जिम्मेदारी थी, वे ही धोखा दे रहे हैं। उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। बता दें कि इमरान खान के दोनों बेटे सुलेमान और कासिम लंदन में रहते हैं।

## शटडाउन संकट में फंसे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, हवाईअड्डों की सुरक्षा में आव्रजन एजेंटों को उतारा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर डेमोक्रेकट्स को घेरते हुए कहा कि ईरान के पतन के बाद अब अमेरिका की सबसे बड़ी दुश्मन कट्टरपंथी वामपंथी व बेहद अक्षम डेमोक्रेट पार्टी है। ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेट हमारे देश को उन अवैध प्रवासियों के हवाले करना चाहते हैं जिन्हें उन्होंने हमारी बेहद मजबूत सीमा से घुसपैठ करने की अनुमति दी है। मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा कि सोमवार से आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंट हवाई अड्डों की सुरक्षा में लगे परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) की मदद करेंगे। शटडाउन संकट में फंसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) की मदद के लिए सोमवार से आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंटों को तैनात करने का आदेश दिया है। आंशिक शटडाउन के कारण अमेरिकी हवाईअड्डों पर कर्मचारियों की कमी हो गई जिसका खामियाजा यात्रियों को लंबे इंतजार के रूप में उठाना पड़ रहा है। ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, सोमवार को आईसीई हवाईअड्डों पर जाकर हमारे शानदार टीएसए एजेंटों की मदद करेगा। ये एजेंट इस तथ्य के बावजूद काम पर बने हुए हैं कि कट्टरपंथी वामपंथी




डेमोक्रेट केवल हमारे देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले कट्टर अपराधियों की रक्षा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा एजेंट मुख्य रूप से हवाईअड्डों पर आव्रजन नियंत्रण का प्रबंधन करते हैं। टीएसए कर्मचारियों की कमी के कारण हाल ही में यात्रियों को देश भर के हवाईअड्डों पर, विशेषकर सुरक्षा जांच में अधिक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। पिछले महीने, आंशिक सरकारी कामकाज ठप होने के कारण लगभग 50,000 टीएसए सुरक्षा कर्मचारियों को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

**हवाईअड्डे की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित नहीं हैं आईसीई एजेंट:** आईसीई एजेंटों को हवाईअड्डे की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित नहीं किया जाता है। यह जिम्मेदारी टीएसए की है जिसके पास 65,000 कर्मचारी हैं। इनमें 50,000 हवाईअड्डा सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं। ट्रंप प्रशासन के आव्रजन संबंधी कड़े अभियान में आईसीई ने केंद्रीय भूमिका निभाई है जिसकी वजह से कई डेमोक्रेट, नागरिक स्वतंत्रता समर्थक और आव्रजन वकालत समूहों ने इसकी आलोचना की है।

**टीएसए के 400 से अधिक कर्मचारियों ने दिया इस्तीफा:** डीएचएस ने कहा कि 14 फरवरी को आंशिक शटडाउन शुरू होने के बाद से 400 से अधिक टीएसए कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया है। शटडाउन के लंबा खिंचने के साथ इस्तीफा और छुट्टी लेने वालों की संख्या में काफी वृद्धि होने की आशंका है। ट्रंप के पूर्व सहयोगी व उद्यमी एलन मस्क ने शनिवार को टीएसए कर्मचारियों के भुगतान के लिए धन उपलब्ध कराने की पेशकश की थी।

## दक्षिणी प्रशांत महासागर में महसूस हुए भूकंप के झटके, कितनी रही तीव्रता?

**बीजिंग, एजेंसी।** सतही भूकंप आम तौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक माने जाते हैं। इसका कारण यह है कि सतही भूकंपों की भूकंपीय लहरें सीधे सतह तक पहुंचती हैं, जिससे झटके अधिक तीव्र होते हैं और संरचनाओं तथा जनहानि का जोखिम बढ़ जाता है। दक्षिणी प्रशांत महासागर का यह क्षेत्र पृथ्वी के सबसे सक्रिय भूकंपीय बेल्ट, सर्कम-पैसिफिक सिस्मिक बेल्ट या रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है। यहां लगभग 81 प्रतिशत सबसे बड़े भूकंप आते हैं। इस बेल्ट के भीतर मुख्यत: टेक्टोनिक प्लेट्स की गति और



सबडक्शन (एक प्लेट के नीचे दूसरी का डूबना) के कारण भूकंप आते हैं। इतिहास में यहां कई विनाशकारी भूकंप हुए हैं, जैसे 1960 का चिली भूकंप और 1964 का अलास्का भूकंप। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है।

## ईरान का अमेरिकी लड़ाकू विमान गिराने के दावे को यूएस ने बताया गलत

**तेहरान, एजेंसी।** मध्य पूर्व में तनाव के बीच ईरान ने एक अमेरिकी एफ-15 लड़ाकू विमान को मार गिराने का दावा किया, जिसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। अमेरिका ने कहा, मध्य पूर्व में तैनात उसके सभी लड़ाकू विमान पूरी तरह से सुरक्षित हैं। इससे पहले ईरान की सरकारी मीडिया ने दावा किया था कि ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम ने होर्मुज द्वीप के पास एक अमेरिकी विमान को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से मार गिराया। तेहरान टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी सेना ने अपने दक्षिणी तट के पास अमेरिकी स्त्र-15 को रोका और फिर उसे मार गिराया। रिपोर्ट में इसे ईरानी रक्षा बलों की एक बड़ी सफलता बताया गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कथित तौर पर ईरानी सेना को अमेरिकी विमान को रोकते हुए दिखाया गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने ईरानी मीडिया रिपोर्टों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी'



के दौरान अमेरिकी सेना ने 8,000 से ज्यादा उड़ानें भरी हैं। इस पूरे अभियान में ईरान ने अमेरिका का कोई भी लड़ाकू विमान नहीं गिराया है। अमेरिका ने सोशल मीडिया पर चल रही इन खबरों को पूरी तरह झूठा करार दिया है। हालांकि, शुक्रवार को एक अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर को मध्य पूर्व में एक अमेरिकी बेस पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। यह विमान एक मिशन के दौरान ईरानी हवाई क्षेत्र के ऊपर से गुजरते समय निशाना बनाया गया था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) का दावा है कि उनकी सेना ने इस आधुनिक विमान को निशाना बनाया और इसे भारी नुकसान पहुंचाया। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना में विमान का पायलट सुरक्षित बच गया था और आपातकालीन लैंडिंग के कारण का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

**ईरान के अन्य दावे:** यह घटना मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष में ईरान द्वारा अमेरिकी सेना के सबसे उन्नत और महंगे विमानों में से एक को निशाना बनाने का पहला ज्ञात मामला है। तेहरान ने यह भी दावा किया कि उसने 125 से अधिक अमेरिकी-इजरायली ड्रोनों को रोका और मार गिराया है। ईरान का कहना है कि यह उसकी मजबूत होती रक्षा प्रणाली का सबूत है।

# गांव का पानी गांव में रहे, इसके लिए सभी अपने-अपने घरों में सोखपीट जरूर बनाएं : उपायुक्त

## विश्व जल दिवस 2026 पर चास में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित, जल संरक्षण पर दिया गया जोर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व जल दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जिले के चास प्रखंड अंतर्गत हैंसाबातु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद जल सहिया द्वारा स्वागत गान के रूप में जल वंदना किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति आमजनों में जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना था। इस दौरान जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग एवं जल प्रदूषण रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसकी एक-एक बूंद का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में जल का दुरुपयोग न करें और जल बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयासों को अपनाएं। इस अवसर पर उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा हैंसाबातु जलापूर्ति योजना के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया गया, जहां उपस्थित लोगों को जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पानी को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जाता है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी






मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट मुकेश मछुआ, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता मिशन चास रामप्रवेश राम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी चास प्रदीप कुमार सहित स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया।

**गांव का पानी गांव में रहे इसके लिए सभी अपने अपने घरों में सोखपीट जरूर बनाएं-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि पानी के सभी स्रोतों को बचाएं तथा गांव का पानी गांव में रहे इसके लिए सभी लोगों को अपने अपने घरों में सोखपीट बनाना चाहिए जिससे घर का पानी घर में रहे। उन्होंने यह भी कहा कि जो पानी नल के माध्यम से सभी घरों में जा रहा है तथा उपयोग कर वह पानी सभी के घरों से निकलती है उस पानी को जल संचय कर इसका प्रयोग करें।

**वर्षा जल संचयन को अपनाकर जल संकट से निपटने में सहयोग करें-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व जल दिवस केवल एक दिवस मनाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जल संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने का अवसर है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और बदलते पर्यावरणीय हालात के बीच जल संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में संचालित सभी जलापूर्ति योजनाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और वर्षा जल संचयन को अपनाकर जल संकट से निपटने में सहयोग करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जल संरक्षण एक सामूहिक प्रयास है और इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। यदि हम अभी से जागरूक नहीं हुए, तो आने वाले समय में जल संकट और गंभीर हो सकता है। इसलिए सभी को मिलकर जल बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

**वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें -**

उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है और इसे जन आंदोलन का रूप देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं का लाभ तभी सफल होगा, जब आमजन भी इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही जल की बबार्दी रोकने के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि भूजल स्तर को बनाए रखा जा सके। उन्होंने सभी से अपील की कि जल के प्रति जिम्मेदार बनें और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखने का संकल्प लें।

**अपने अपने अनुभव शेयर किया गया-**

कार्यशाला में माराफारी पंचायत के जलसहिया श्रीमती पूनम देवी एवं घोड़ावाली दक्षिणी पंचायत के जलसहिया श्रीमती सीटू देवी द्वारा इस जलापूर्ति योजना के संचालन एवं रखरखाव से संबंधित अपने-अपने अनुभव को बारी-बारी से शेयर किया गया। साथ ही इसी क्रम में राष्ट्रपति से सम्मानित मुखिया जी सॉन्ग दक्षिणी पंचायत के श्रीमती रीना सिंह द्वारा भी स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों एवं अनुभवों को भी साझा किया गया।

**शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया-**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत इस जिले में हो रहे कार्यों में अच्छे कार्य करने वाले पदाधिकारी को भी स्वागत किया गया। इनमें से इस प्रकार हैं एसडीएम तेनुघाट, कार्यपालक अभियंता चास रामप्रवेश राम, सहायक अभियंता शास्त्री जी तेनुघाट, यूनिसेफ सहयोगी ६२ँ टीम के जिला समन्वयक घनश्याम साह, अमित कुमार, अनुरोध कुमार अग्रवाल, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक श्री गोस्वामी जी, जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक मोहन कुमार एवं सॉन्ग दक्षिणी के मुखिया जी रीना देवी, ग्रामीण जिलापूर्ति योजना के स्ट्रक्चर खड़ा करने वाले एजेंसी के डायरेक्टर चंदन सिंह को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**शपथ व पौधारोपण -**

उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा उपस्थित सभी लोगों को जल शपथ दिलाया गया, जिसके अंतर्गत जल बचाने जल को संरक्षण करने जल के बबार्दी को रोकने पर बात कही गई। साथ ही सभी से यह संकल्प लेने का आह्वान किया गया कि वे जल बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इसके बाद प्लांट परिसर में उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा पौधा रोपण भी किया गया।

# हड्डी के अन्दर फंसे हुए टूटे दांत का किया गया सफल ऑपरेशन : सिविल सर्जन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि सदर अस्पताल बोकारो में डॉ निकेत चौधरी एवं डॉ तुलिका सिंह डेन्टल सर्जन सदर अस्पताल बोकारो की टीम ने हडडी के अन्दर फंसे हुए टूटे दांत का ऑपरेशन कर सफलता पूर्वक निकाला, जिसके लिये सदर की डेन्टल टीम बधाई का पात्र है। डॉ तुलिका डेन्टल सर्जन सदर अस्पताल बोकारो ने बताया कि एक मरीज जिसका नाम अनिल कुमार था। उसने अपने दांत का ऑपरेशन अपने गांव के आस पास किसी प्राईवेट डाक्टर से कराया और फिक्स दांत लगवाया। कुछ दिनों के बाद उसके दांत में काफी दर्द था। पिछले सप्ताह दर्द को लेकर सदर अस्पताल कें दन्त ओपीडी में आया। डा. तुलिका सिंह द्वारा एक्सरे कर-के देखा गया जिससे पता चला कि दांत का टुकडा हडडी के अन्दर फंसा हुआ है और ऊपर से फिक्स दांत (ब्रिज) लगा दिया गया है। डा. तुलिका ने मरीज को आप्रेशन करने के लिये कहा और उन्हें आज दिनांक 23/03/2026 को बुलाया गया। जिसका आज सफलता पूर्वक आप्रेशन डॉ निकेत चौधरी, डा. तुलिका सिंह एवं उनकी टीम द्वारा किया गया, जिससे मरीज काफी प्रसन्न हुआ और महीनो के दर्द से उसको निजात मिल सका। उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह ने बताया कि इस तरह के आप्रेशन की सुविधा सदर अस्पताल बोकारो में उपलब्ध है और इस वक्त सदर अस्पताल की डेन्टल टीम भी काफी सक्रिय है। यदि इस तरह की समस्या किसी भी व्यक्ति को हो तो निःसंकोच सदर अस्पताल के डेन्टल ओपीडी में सम्पर्क करें और सफलतापूर्वक इलाज कराये। आप्ररेशन के दौरान डा. निकेत चौधरी जिला नोडल पदाधिकारी एनओएचपी, डा. तुलिका सिंह डेन्टल सर्जन सदर अस्पताल बोकारो, संजय राम दन्त स्वासथ्य विज्ञानी, मोती कुमारी, अन्नू कुमारी, महेश कुमार दन्त सहायक आदि उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### चैती छठ को लेकर गरगा डैम के फाटक खुलेंगे, प्रशासन ने जारी की सतर्कता अपील

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रशासन द्वारा आस्था के महापर्व चैती छठ के अवसर पर गरगा डैम के फाटक खोलने की जानकारी जारी की है। मंगलवार (आज) सुबह 08 बजे डैम के फाटक खोले जाएंगे। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढांडा ने आम नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि गरगा नदी के किनारे एवं निचले इलाकों में रहने वाले लोग निर्धारित समयावधि के दौरान नदी किनारे जाने से परहेज करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से बचने के लिए लोगों से प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है। अनुमंडल प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग सतर्क रहें और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

### बीएकेएस यूनियन के नव चयनित प्रतिनिधियों से कर्मियों में उत्साह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव ने लोकतांत्रिक भागीदारी, अनुशासन और पारदर्शिता का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। चुनाव में लगभग 1600 मतदाताओं में से 1200 से अधिक मत पड़े, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। विभिन्न विभागों से चुने गए प्रतिनिधियों से सशक्त कार्यकारिणी का गठन हुआ है, जो पूर्णतः कर्मचारियों द्वारा चुनी गई है और आवश्यकता पड़ने पर उनकी आवाज को मजबूती से उठाएगी। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट के इतिहास में शायद पहली बार किसी यूनियन का चुनाव इतने पारदर्शी, व्यवस्थित और बड़े पैमाने पर कर्मचारी सहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ है। यह इस बात का प्रमाण है।

### हिन्दू सम्मेलन सफल बनाने को चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सिटी सेंटर में आगामी चैत्र शुक्ल पक्ष त्रैयोदशी मंगलवार 31 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न माध्यमों से समाज के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक शिव अग्रवाल के संयोजन में सिटी सेंटर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रचार-प्रसार अभियान की शुरूआत करते हुए बैनर का लोकार्पण किया गया तथा व्यापक संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। बैठक के पश्चात शिव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि सकल हिन्दू समाज द्वारा आयोजित यह हिन्दू सम्मेलन सभी वर्गों के सहयोग से अपने उद्देश्य में निश्चित रूप से सफल होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियां प्रचार-प्रसार समिति, संपर्क, आमंत्रण एवं सहयोग संग्रह समिति, मंच व्यवस्था समिति, भोजन प्रसाद समिति तथा कोष समिति के सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी समितियों के सदस्य मिलकर सम्मेलन को भव्य और सफल बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# 'स्वच्छता पखवारा' के तहत सिंगल-यूज प्लास्टिक का व्यापक सफाई अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर सेवा-जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी 'स्वच्छता पखवाड़ा' अभियान के अंतर्गत टाउनशिप और उसके आसपास के क्षेत्रों से सिंगल-यूज प्लास्टिक कचरे को हटाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया. इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाना तथा जन स्वास्थ्य और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था. यह अभियान सेक्टर-1सी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर कॉर्नर से लेकर एसबीआई बैंक के मार्ग तक के मुख्य सड़क किनारे, आवासीय और सार्वजनिक उपयोगिता वाले क्षेत्रों में चलाया गया. स्वच्छता कर्मियों की टीम ने दस्ताने, मास्क और अन्य सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित होकर खुले स्थानों, सड़कों के किनारे और नालियों के पास फेंके गए प्लास्टिक के कैरी बैग, खाद्य पदार्थों के रैपर, बोतलें और अन्य एकल-उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं को व्यवस्थित रूप से एकत्रित किया. इस दौरान विशेष रूप से उन स्थलों पर ध्यान दिया गया जहां कचरा जमा होने की अधिक संभावना रहती है, जिससे संपूर्ण परिवेश में स्वच्छता और स्वास्थ्यप्रद वातावरण सुनिश्चित हो सका. सफाई कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता कर्मियों ने स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और राहगीरों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें सिंगल-यूज प्लास्टिक के बदले पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया. इस जागरूकता कार्यक्रम ने कचरे का उचित निस्तारण और स्वच्छता बनाए रखने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया. इस अभियान के परिणामस्वरूप लक्षित क्षेत्र की स्वच्छता में व्यापक सुधार देखा गया, जिसकी स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने सराहना की और संतोष व्यक्त किया.

# बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस में सैंड पिट का निर्माण, परिचालन सुरक्षा को मिली नई मजबूती

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा परिचालन सुरक्षा एवं आपातकालीन तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ब्लास्ट फर्नेस-5 के समीप एक सैंड पिट का निर्माण किया गया है. इस नवनिर्मित सैंड पिट का उद्घाटन निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन द्वारा किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त सहित मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. यह सैंड पिट विशेष रूप से आपातकालीन परिस्थितियों में टॉरपीडो लैडल को सुरक्षित रूप से खाली करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है. साथ ही, स्टील मेल्टिंग शॉप द्वारा हॉट मेटल के कम ऑफटेक की स्थिति में भी यह व्यवस्था अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, जिससे ब्लास्ट फर्नेस के संचालन में निरंतरता, संतुलन एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी. सैंड पिट के निर्माण हेतु चयनित क्षेत्र, जो पूर्व में झाड़ियों, मलबे एवं स्क्रैप से आच्छादित था, को सुनियोजित ढंग से साफ कर व्यवस्थित रूप से विकसित किया गया. इस कार्य में बीएसएल के एमआरडी, सीएमएम-ओजी तथा सीबीआरएस विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए लोडर एवं डंपरों का प्रभावी उपयोग किया गया. इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन में महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) एस. के. महांता, महाप्रबंधक (ब्लास्टफर्नेस) श्याम सुंदर, महाप्रबंधक (एमआरडी) राजेश कुमार तथा सहायक महाप्रबंधक (सीएमएम-कैपिटल रिपेयर) वेंकटेश्वर कुमार का विशेष योगदान रहा. यह पहल संयंत्र की परिचालन दक्षता, प्रभावी जोखिम प्रबंधन तथा उच्च स्तरीय सुरक्षा मानकों के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है.



# वैद्य हराधन महतो की 9वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जड़ी-बूटी चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले वैद्य स्व. हराधन महतो की 9वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक उमाकांत रजक के पुत्र मुकेश कांत रजक इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने स्व. हराधन महतो की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुकेश कांत ने कहा कि वैद्य जी ने न केवल लोगों का उपचार किया, बल्कि आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। वोही निवर्तमान जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल ने वैद्य जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि समाज को उनके बताए आयुर्वेद के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों और समर्थकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उनकी स्मृति को नमन किया। पुण्यतिथि के इस भावुक अवसर पर स्व. वैद्य हराधन महतो के पुत्र सपन महतो अपने पिता को याद करते हुए काफी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि उनके पिता का सपना था कि जड़ी-बूटी चिकित्सा हर गरीब और जरूरतमंद तक पहुंचे।



# चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त से की मुलाकात

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल ने जयंत मिश्रा, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, झारखंड के बोकारो आगमन पर आयकर कार्यालय, बोकारो में मुलाकात की। चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा करदाताओं को अधिकतम सहूलियत, सरल, पारदर्शी एवं सहानुभूतिपूर्ण सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए। चैंबर के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने विशेष रूप से यह मांग रखी कि छोटी एवं अनजाने में हुई त्रुटियों के मामलों में दंडात्मक कार्रवाई के स्थान पर सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। इससे करदाताओं में विश्वास एवं सहयोग की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आयकर विभाग इस दृष्टिकोण को अपनाता है, तो विभाग करदाताओं के प्रति और अधिक संवेदनशील एवं सहयोगी भूमिका का निर्वहन कर सकेगा। मांग से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा गया। बैठक में संयुक्त आयकर आयुक्त दिनेश भगत, सहायक आयकर आयुक्त, बोकारो धनेश्वर महतो, आयकर अधिकारी जे.पी. चौधरी, देवती दास, राजू उरांव, दीपक कुमार, मिथिलेश सिंह एवं हेमलाल सोरेन उपस्थित रहे।



# बीएसएल में एचआर कॉइल्स डिस्पैच प्रणाली को किया गया और अधिक सुदृढ़

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्रमें हॉट रोल्ड कॉइल्स के सुरक्षित एवं सुचारु प्रेषण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एडिशनल कॉइल यार्ड के समीप ट्रैक संख्या-642 पर नवनिर्मित 'कॉइल डिस्पैच यार्ड' का उद्घाटन निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन द्वारा किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (सर्विसेज) अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल मेंटेनेंस) प्रकाश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ट्रैफिक) मनोज ह्यांकी तथा मुख्य महाप्रबंधक (एचआरसीएफ) आर.के. राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. इस परियोजना का निष्पादन कैपिटल रिपेयर (मैकेनिकल) विभाग द्वारा किया गया, जिसे सीमित समयावधि में पूर्ण करने की चुनौती सौंपी गई थी. मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल मेंटेनेंस) प्रकाश कुमार के नेतृत्व तथा मुख्य महाप्रबंधक (एचआरसीएफ) आर.के. राय एवं मुख्य महाप्रबंधक (ट्रैफिक) मनोज ह्यांकी के सक्रिय सहयोग से यह परियोजना मात्र 45 दिनों की उल्लेखनीय अवधि में पूर्ण की गई. परियोजना के क्रियान्वयन का नेतृत्व सहायक महाप्रबंधक (सीआर-मैकेनिकल) वेंकटेश्वर कुमार एवं उनकी टीम द्वारा किया गया. इस कार्य के अंतर्गत क्षेत्र चिह्नांकन, भूमि समतलीकरण, कॉलम फाउंडेशन हेतु खुदाई, कंक्रीट कार्य, संरचनात्मक निर्माण, फैब्रिकेशन एवं इंस्टॉलेशन के साथ-साथ रूफ शीटिंग जैसे व्यापक कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया. परियोजना के दौरान एचआरसीएफ, ट्रैफिक एवं एसआईजीएस विभागों द्वारा सामग्री एवं डिजाइन संबंधी आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया. नवनिर्मित कॉइल डिस्पैच यार्ड के संचालन से चौबीसों घंटे, रेलवे वैगनों के माध्यम से एचआर कॉइल्स के सुरक्षित एवं त्वरित प्रेषण को सुनिश्चित किया जा सकेगा. इससे डिस्पैच प्रक्रिया में होने वाली देरी में कमी आएगी तथा रेलवे को दिए जाने वाले डेमरेज शुल्क का भी बचाव होगा. यह पहल न केवल वित्तीय बचत सुनिश्चित करेगी, बल्कि मौजूदा डिस्पैच शेड पर निर्भरता को भी कम करेगी, जिससे लॉजिस्टिक दक्षता में वृद्धि होगी. यह परियोजना कॉइल हैंडलिंग संचालन में आत्मनिर्भरता,लागत अनुकूलन एवं परिचालन दक्षता को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी.




# मध्य विद्यालय भोजूडीह में कैम्प का आयोजन कर दन्त स्वास्थ्य की जांच

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अन्तर्गत चल रहें जन जागरूकता अभियान एवं ओरल स्क्रीनिंग हेतु आज सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में मध्य विद्यालय भोजूडीह चन्दनकियारी में एक स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के मुंह की स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ नेहा वर्मा डेन्टल सर्जन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्दनकियारी बोकारो ने बताया कि मध्य विद्यालय भोजूडीह में कुल 157 बच्चों के मुंह के स्वास्थ्य एवं दांत की जांच की गई, जिसमें कुल 03 बच्चों में दो दांतों के बीच एक छोटा दांत को देखा गया, जिसके सही इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्दनकियारी में बुलाया गया। साथ ही सभी बच्चों को ब्रश करनी की तकनीक एवं सावधानियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ डा. राजू तिवारी चिकित्सा पदाधिकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बोकारो के तहत 4 डी. पर स्वास्थ्य स्क्रीनिंग किया गया। कार्यक्रम के दौरान डा. नेहा वर्मा डेन्टल सर्जन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्दनकियारी बोकारो, डा. राजू तिवारी चिकित्सा पदाधिकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बोकारो, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK